नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्ष: 12
अंक: 06
सोमवार, 14-20 फरवरी 2022
मूल्य: 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक

दंगा मुक्त यूपी के लिए एक बार फिर भाजपा को चुनें : योगी आदित्यनाथ 03
तीसरा चरण में मुलायम कुनबे की होगी सबसे बड़ी और कड़ी परीक्षा 08

# NCR समाचार

हमला करने की स्थिति में रूस की बाजारों तक पहुंच हो सकती है सीमितः यूरोपीय संघ प्रमुख 10
रोहित के साथ यह स्टार खिलाड़ी करेगा पारी की शुरुआत ! सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in BY C.R.O. TEAM twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

जायरा वसीम बोलीं, हिजाब कोई विकल्प नहीं बल्कि इस्लाम में एक दायित्व है 12

## अरुणाचल में विकास की रफ्तार तेज, आधुनिक अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है: पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में विकास को गति देने के लिए 'अभूतपूर्व काम' किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य में प्रदेश की भूमिका को देखते हुए वहां पर आधुनिक अवसरंचना का निर्माण किया जा रहा है।

अरुणाचल प्रदेश के 36वें स्थापना दिवस और राज्य को अरुणाचल प्रदेश का नाम दिए जाने के 50 साल पूरे होने के मौके पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका पक्का विश्वास है कि पूर्वी भारत खासकर पूर्वोत्तर 21वीं सदी में देश के विकास का इंजन बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अरुणाचल को पूर्वी एशिया का एक प्रमुख 'गेटवे' बनाने में पूरी ताकत से जुटी है। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेश के लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "मुझे इस बात का भी बहुत संतोष है कि हमारे युवा मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी के नेतृत्व में जिस आकांक्षा के साथ आपने हम पर भरोसा जताया है, उस पर सरकार खरी उतर रही है।" उन्होंने कहा, "आपका



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में विकास को गति देने के लिए 'अभूतपूर्व काम' किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य में प्रदेश की भूमिका को देखते हुए वहां पर आधुनिक अवसरंचना का निर्माण किया जा रहा है।**

विश्वास डबल इंजन की सरकार को और अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है और अधिक प्रयास करने की शक्ति देता है।" मोदी ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का ये मार्ग अरुणाचल प्रदेश के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, "इसी भावना के साथ अरुणाचल प्रदेश के विकास को गति देने के लिए बीते सात सालों में अभूतपूर्व काम किया गया है। संपर्क (कनेक्टिविटी) और बिजली से जुड़ी अवसंरचना पर व्यापक काम आज अरुणाचल में जीवन और व्यापार-कारोबार को आसान बना रहा है।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज़ से भी अरुणाचल की भूमिका को देखते हुए आधुनिक अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।'' अपने संबोधन में मोदी ने भारत रत्न डॉ भूपेन हज़ारिका के प्रसिद्ध गीत 'अरुणाचल हमारा' की पंक्तियों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने और देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए अरुणाचल प्रदेश की प्रशंसा की। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। मोदी ने प्रदेश के अपने कई दौरों को याद किया और मुख्यमंत्री खांडू के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के तहत विकास की गति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रगति, प्रकृति, पर्यावरण और संस्कृति का सामंजस्य बैठाकर लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''आप सभी के प्रयास से यह आज देश के सबसे प्रमुख जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक है।" उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूहों के क्षेत्र में विकास के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने राज्य के विकास के लिए लगातार काम करने के लिए केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू की भी प्रशंसा की। उन्होंने वैश्विक स्तर पर अरुणाचल की पर्यटन क्षमता को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने ट्विटर पर भी अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्थापना दिवस पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य के लोग अपनी शानदार प्रतिभा और मेहनती स्वभाव के लिए पहचाने जाते हैं।

## धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगने वाले नेताओं से सावधान रहें : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**रायबरेली (उप्र)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को जनता से धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगने वाले नेताओं से सावधान करने की अपील की। वाद्रा ने रायबरेली के जगतपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते जनता से अपने हक के लिए जागरुक होने का आह्वान किया। वाद्रा ने कहा,'' एक तरफ प्रदेश में हुनर है, नौजवान हैं, उपजाऊ जमीन है, दूसरी तरफ किसानों की परेशानी, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, दलितों पर अत्याचार है। यह सब क्यों हो रहा है क्योंकि जो राजनीति आपके सामने आई है, वह सिर्फ आपको गुमराह करने वाली राजनीति है।'' वाद्रा ने कहा,'' जो नेता हैं, वे समझ नहीं रहे कि उनका काम क्या है। वे सोच रहे हैं कि पांच साल बाद यहां आएंगे, धर्म की बात करेंगे, आपके जज्बातों को उभारेंगे, आपको असुरक्षित महसूस कराएंगे, आपकी जाति की बात करेंगे और आपका वोट पा लेंगे।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा, कोई यह नहीं सोच रहा कि अगर मैं काम नहीं करूंगा, मैं




**" एक तरफ प्रदेश में हुनर है, नौजवान हैं, उपजाऊ जमीन है, दूसरी तरफ किसानों की परेशानी, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, दलितों पर अत्याचार है। यह सब क्यों हो रहा है क्योंकि जो राजनीति आपके सामने आई है, वह सिर्फ आपको गुमराह करने वाली राजनीति है।"**

छोटे दुकानदारों की मदद नहीं करुंगा, यहां की सड़कें नहीं बनाऊंगा, यहां के लिए शिक्षण संस्थान नहीं बनाऊंगा तो मुझे वोट नहीं मिलेगा, सब सोच रहे हैं कि धर्म, जाति के नाम पर आपसे वोट ले लेंगे।''कांग्रेस नेता ने डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और महंगाई का जिक्र करते हुए,'' पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ने का उचित दाम नहीं मिलता और सबसे बड़ी समस्या लावारिस पशुओं की है जो आपके खेतों को चर रहे हैं।'' उन्होंने कहा,'' सरकार कह रही है कि वह आपको एक बोरा राशन दे रही है लेकिन जितना राशन दे रही है उससे ज्यादा तो जानवर खेतों में फसलें खा रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया,'' किसान के गन्ने का 16 हजार करोड़ रुपये बकाया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों का बकाया दिलाने के बजाए दो हवाई जहाज अपने लिए खरीदे हैं और पूरी दुनिया में घूम रहे हैं।

## मूंगफली वाले के जरिये रिश्वत ले रही थी AAP की निगम पार्षद, CBI ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके अलावा सीबीआई ने इस मामले में एक रेहड़ी वाले को भी गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आप पार्षद गीता रावत को 20,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रिश्वत का पैसा एक मूंगफली विक्रेता के जरिए आप पार्षद तक पहुंचाया गया था। आरोपी गीता रावत डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र




पड़पड़गंज स्थित विनोद नगर वार्ड की पार्षद है। एनडीटीवी में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार मूंगफली वाले सनाउल्लाह के पिता को जब इस बात का पता चला कि उनके बेटे को किसी ने पकड़ रखा है तो, वह दौड़ कर अपने बेटे के ठेले पर गए। जब पिता ने उनसे पूछा कि आपने मेरे बेटे को क्यों पकड़ा है, तो उन्होंने कहा हम सीबीआई वाले हैं और अभी सब पता चल जाएगा। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पूरे मामले में यह जानकारी सामने आई कि आप पार्षद गीता रावत मूंगफली विक्रेता के जरिए रिश्वत ले रही थीं। सीबीआई ने जानकारी जुटाने के बाद नोटों का रंग लगाकर मूंगफली बेचने वाले को पैसे दिए थे। वह पैसे जैसे ही मूंगफली बेचने वाला गीता रावत को देने पहुंचा तो सीबीआई ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी के दौरान वही रंग लगे नोट बरामद किए गए। इसके बाद सीबीआई मूंगफली विक्रेता और आप निगम पार्षद गीता रावत को अपने साथ ऑफिस ले गई।

## यूपी की 59 सीटों और पंजाब के लिए संपन्न हुआ मतदान

एजेंसी

विधानसभा चुनाव अपडेट । 5 बजे तक पंजाब में 63.44% , उत्तर प्रदेश में 57.44 फीसदी हुआ मतदान। पंजाब में 49.81 फीसदी मतदान और यूपी में दोपहर 3 बजे तक 48.81 फीसदी मतदान हुए हैं। राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 117 विधानसभा सीट के लिए मतदान हो रहा है। मतदान सुबह आठ बजे आरंभ हुआ, जो शाम छह बजे तक चलेगा। कुल 1,304 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 93 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं। राज्य में 1,02,00,996 महिलाओं समेत 2,14,99,804 मतदाता अपने मताधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। मतगणना 10 मार्च को होगी। पंजाब के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, पंजाब में 49.81 फीसदी मतदान और यूपी में दोपहर 3 बजे तक 48.81 फीसदी मतदान हुए हैं। यूपी में दोपहर 3 बजे तक 48.81 फीसदी मतदान हुए। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज राज्य के 16 जिलों की 59 सीटों पर मतदान हो रहा है। इस बीच, पंजाब में राज्य की 117 सीटों के लिए आज एक ही चरण में हाई वोल्टेज विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश को मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और



मौजूदा सीएम योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के बीच दो घोड़ों की दौड़ के रूप में देखा जाता है। पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि आप इस बार पंजाब में गंभीर दावेदार बनकर उभरी है। हालांकि पंजाब में चुनाव प्रक्रिया आज ही समाप्त हो जाएगी, लेकिन उत्तर प्रदेश में 7 मार्च तक चार चरणों में मतदान होगा। सभी राज्यों के चुनाव के नतीजे 10 मार्च को घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, तीसरे चरण में अपराह्न एक बजे तक औसतन 35.88 प्रतिशत मतदान हुआ। तीसरे चरण में प्रदेश में 16 जिलों के कुल 59 विधानसभा क्षेत्रों में 627 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें से 97 महिला प्रत्याशी हैं। निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मतदान रविवार सुबह सात बजे शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चलेगा। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, तीसरे चरण में अपराह्न एक बजे तक राज्य के हाथरस (36.67), फिरोजाबाद (38 21), कासगंज (37.57), एटा (42.31), मैनपुरी (41.08), फर्रुखाबाद (35. 10), कन्नौज (37.90), इटावा (36.26), औरैया (35.12), कानपुर देहात (34.43), कानपुर नगर (28.56), जालौन (37.43), झांसी (32.86), ललितपुर (42.10), हमीरपुर (35.83), और महोबा में औसतन 38.13 प्रतिशत मतदान हुआ।

### संक्षिप्त समाचार

## उर्मिला यादव के काम से नाखुश जनता ने की नर्क से संगम विहार की तुलना




नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

संगम विहार की हालत इतनी खस्ता हो चुकीं है की लोग इसे नर्क कहने लगे है। ये जगह हमेश से अपनी परेशानियों के लिए जाना जाता रहा है। इतने साल बीत गए कई नेता आये कई गए, लेकिन फिर भी संगम विहार के हालातों में आजतक कोई सुधार नहीं हुआ। संगम विहार पीपल चौक आई ब्लॉक में भी कुछ ऐसा ही हुआ। बीते दिनों अच्छी सड़क गली होने के बावजूद भी नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों दुकानों में घुसता हुआ दिखाई दिया। आय दिन कोई न कोई समस्या यहां आती ही रहती है जिसके लिए न जाने कितनी ही बार ऊपर शिकायत भी की जाती है, लेकिन फिर भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। साफ़ सफाई की व्वस्था आज तक दुरुस्त नहीं हुई। लोगों की परेशानियां दिन प्रीतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अब तो ये हाल है की संगम विहार के लोग निगम पार्षद और विधायकों के खिलाफ गली गलौज तक करने लगे है। जनता का कहना है की कितनी भी शिकायत कर लो कभी भी काम को ठीक तरीके से नहीं किया जाता और यही वजह है की उनके घरों में नालियों का पानी घुस जाता है। सभी व्यापारी जो छोटी मोटी दुकाने चला रहें है वो इन समस्याओं से बहुत ज्यादा दुखी है की एक तो जब सड़कों पर और दुकानों में पानी भर आता है तो कोई ग्राहक नहीं आता, बिक्री नहीं होती, ऊपर से किराया भी देना पड़ता है। दुकानदारों का कहना है की 200 कमाने बैठतें है तो पानी की वजह से 400 का नुकशान ही हो जाता है।

## दक्षिणी दिल्ली बना अपराधियों का हब, नाबालिग ने किया दोस्त का क़त्ल

नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

संगम विहार में रविवार को देर रात एक ऐसी घटना हुई जिसने पुलिस प्रसाशन से आम लोगों का भरोसा ही खत्म कर दिया। ये पहली बार नहीं हुआ, इससे पहले भी उसी क्षेत्र में 3 और ऐसी वारदातें हो चुकीं है, लेकिन फिर भी पुलिस प्रसाशन की तरफ से कोई भी कठोर कदम नहीं उठाए गए और शायद यही सबसे बड़ी वजह रही की एक के बाद एक घटनाएं होती गई और अपराधियों के मंसूबे कामयाब होते रहे। नेब सराय थाना के अंतर्गत आने वाले बांद रोड, बुद्ध बजार गली न. 3 में रविवार की देर रात करीब 10:30 बजे उसी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम मयंक बताया जा रहा है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और यहां अपने माता, पिता और 2 बहनों के साथ एक किराए के मकान में रहता था। इस केस के चश्मदीत गवाह द्वारा दिए गए बयान से ये पता चला है कि मयंक को मारने वाला व्यक्ति मृतक मयंक का पुराना दोस्त है जिसने पहले भी कई बार मयंक और उसके 2 दोस्तों पर चाकू से वार किया था। आरोपी की उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। इन हमलों के लिए उस अपराधी



मृतक फोटो मयंक

को पहले भी 3 महीने पुलिस हिरासत में रखा गया था। पुलिस हिरासत से बाहर निकलने के बाद उसने बदला लेने के लिए एक के बाद एक कर 3 बार मयंक पर वार किया और आखिर में उसे मौत के घाट उतार दिया। बर्थडे पार्टी के दौरान गाली गलौज से बात इतनी ज्यादा आगे बढ़ गई कि दोस्त ने दोस्त का खून कर दिया और उसे इस बात का अफ़सोस तक नहीं हुआ। परिवार वालों से बातचीत के दौरान ये बातें सामने आई कि पुलिस प्रसाशन के साथ- साथ अस्पताल वालों की भी लापरवाही है क्योंकि मयंक को सही समय पर सही इलाज देने के बजाए एक के बाद एक कर 3 अस्पतालों में रेफर किया गया और इसी वजह से मयंक की मौत हो गई। SHO ने परिवार वालों को ये आश्वासन दिया कि अपराधी के खिलाफ शख्त से शख्त कार्यवाही की जाएगी। लोगों को जागरूक करने और अपराधियों की हक़ीक़त लोगों के सामने लाने के लिए जब एनसीआर समाचार की संवादाता नमिता चौहान ने नेब सराय थाने के SHO सतेंद्र राणा जो की इस केस के इंचार्ज है उनसे थाने जाकर बात की और CCTV की फुटेज की मांग की तो SHO ने देने से साफ़ साफ़ इंकार कर दिया, ये कह के कि DVR को सील कर दिया गया है उसे सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

बुद्ध बजार गली नंबर 3 में जहाँ ये घटना हुई उसी गली के लोगों से जब एनसीआर समाचार की संवादाता ने बात की तो एक व्यक्ति जो उस गली में दुकान लगता है उसने बताया कि पुलिस वालों ने उनका कैमरा सील कर दिया है। उस व्यक्ति का कहना था कि उन्होंने लाखों रूपये खर्च करके अपनी सुरक्षा के लिए CCTV लगवाया था और पुलिस वालों ने उनकी सुरक्षा की और ध्यान न देते हुए उनके प्राइवेट कैमरे के DVR को सील कर दिया। एक तरफ केजरीवाल जगह जगह CCTV लगवाने की बात करते है और दूसरी तरफ केंद्र की पुलिस लोगो के निजी सम्पति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे सील कर रही है। अगर पुलिस चाहती तो उस कैमरे की फुटेज भी ले सकती थी, लेकिन ऐसा न करके उसने पूरी की पूरी DVR ही अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस प्रसाशन के इस कार्य से जनता बेहद खुश है, क्योंकि पुलिस ने मयंक की हत्या करने वाले अपराधी और उसका साथ देने वाले अन्य 2 लोगों को 1 घंटे के भीतर पकड़ लिया। लोगों का कहना है की पुलिस कभी समय पर नहीं पहुँचती, लेकिन मयंक हत्या मामले में पुलिस ने इस बात को गलत साबित कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही 1 घंटे के भीतर तीनों अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। मयंक हत्या मामले की सुनवाई खत्म होने के दौरान अगर उस व्यक्ति के दुकान या घर में किसी तरह की कोई घटना हो जाती है जिसने वो CCTV लगवा रखा था अपनी दुकान के बाहर तो, उसका जिम्मेदार कौन होगा? जब कैमरा होने पर इतनी वारदातें हो रही है तो हट जाने पर कितनी ज्यादा होगी। पुलिस चोरों और अपराधियों को खुला निमंत्रण दे रही कैमरा हटा कर।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोन:
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव ने सुनील सिंह को दिया सिसवा विधानसभा सीट पर चुनाव संचालन का प्रभार



महाराजगंज जिले की सिसवा विधानसभा की सीट पर समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संत कबीर नगर जिले के बड़गो गांव निवासी और सपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह को कमान सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की ओर से 19 फरवरी को जारी पत्र में कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सुनील सिंह को सिसवा विधानसभा चुनाव संचालन के लिए प्रभारी नियुक्त किया जाता है। सुनील सिंह को प्रभारी नियुक्त किए जाने पर इलाके के नौजवान सपाइयों में खुशी की लहर है। माना जाता है कि सुनील सिंह एक कुशल संगठनकर्ता हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हनुमान कहे जाने वाले हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व प्रमुख रह चुके सुनील सिंह साल 2020 में सपा की साइकिल पर सवार हो गए थे। साल 2017 विधानसभा चुनाव के पहले ही सुनील सिंह को हिंदू युवा वाहिनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। दरअसल उन्होंने खुद को हिंदू युवा वाहिनी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया था। यह संगठन योगी आदित्यनाथ के संरक्षण में चल रहा था। इसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत सुनील सिंह पर एक मामला दर्ज किया गया और उन्हें जेल जाना पड़ा। बाद में सुनील सिंह ने हिंदू युवा वाहिनी (भारत) नाम से अपना एक अलग संगठन बना लिया था। आपको बता दें कभी सुनील सिंह को योगी आदित्यनाथ का दाहिना हाथ माना जाता था। उत्तर प्रदेश में आज तीसरे चरण का मतदान हो रहा है। प्रदेश की 16 जिलों की 59 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें यूपी विधानसभा चुनाव 7 चरणों में संपन्न होगा और चुनाव के नतीजे 10 मार्च को आएंगे।

### गढ़चिरौली में नक्सलियों को भेजी जा रही विस्फोटक सामग्री की खेप पकड़ी गई, चार गिरफ्तार



**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सलियों द्वारा विस्फोटक बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली सामग्री की आपूर्ति श्रृंखला का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। मामले में महाराष्ट्र में माओवादियों के चार सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान दमरनचा थाना क्षेत्र के भंगरमपेथा गांव में नक्सल समर्थकों के एक गिरोह को रोका गया जो विस्फोटक बनाने वाली सामग्री को ले जा रहा था। गढ़चिरौली पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस ने चार संदिग्धों के पास से 3500 मीटर तार बरामद किया है जबकि एक संदिग्ध फरार होने में कामयाब रहा। गिरोह यह तार तेलंगाना से छत्तीसगढ़ ले जा रहा था और इस तार का इस्तेमाल नक्सली बैरल ग्रेनेट लॉन्चर, हैंड ग्रेनेड और आईईडी बनाने में करते हैं। पुलिस के मुताबिक, नक्सली आगामी रणनीतिक हमला रोधी अभियान (टीसीओसी) के दौरान विस्फोटकों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने की साजिश रच रहे थे। नक्सली हर साल टीसीओसी का आयोजन करते हैं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर युवाओं की भर्ती करते हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने नक्सल आपूर्ति श्रृंखला का भंडाफोड़ करने वाले कर्मियों की सराहना की है।

# राष्ट्रपति कोविंद ने गोस्वामी प्रभुपाद के 150वीं जयंती समारोह का किया उद्घाटन

एजेंसी

**पुरी (ओडिशा)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि मानवता और सच्चाई सर्वोच्च हैं तथा उन्हें जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता है क्योंकि भारतीय संस्कृति में हमेशा जरूरतमंदों की सेवा को शीर्ष प्राथमिकता दी गई है।

कोविंद ने यह भी कहा कि भारत में विभिन्न धार्मिक परंपराएं और पद्धतियां प्रचलन में हैं लेकिन एकमात्र मान्यता है पूरी मानतवा को एक परिवार समझकर सभी के कल्याण के लिए काम करना। राष्ट्रपति ने यहां गौड़ीय मठ एवं मिशन के संस्थापक श्रीमद भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा, जरूरतमंदों की सेवा करने को हमारी संस्कृति में शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है। मानवता एवं सच्चाई सर्वोच्च हैं जिन्हें विभाजित नहीं किया जा सकता। आखिरी लक्ष्य समाज का कल्याण है।



**इन सम्मानीय संत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, व्यक्ति को अहं की भावना से बिल्कुल परे वृक्ष से भी अधिक सहिष्णु होना चाहिए एवं दूसरों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग के संत उस दौर में धर्म, जाति, लिंग या रीति-रिवाजों पर आधारित भेदभाव से बिल्कुल ऊपर थे**

चिकित्सकों, नर्सों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की प्रशंसा करते हुए कोविंद ने कहा कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान सेवा के इसी जज्बे को प्रदर्शित किया जबकि उनमें से कई इस वायरस से संक्रमित भी हो गये थे। कोविड-19 मुक्त विश्व के लिए प्रार्थना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, हमारे कोविड योद्धाओं ने अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन उनके सहकर्मियों का समर्पण अटूट बना रहा। पूरा देश हमेशा ऐसे योद्धाओं का ऋणी रहेगा। सोलहवीं सदी के भक्ति संत श्री चैतन्य महाप्रभु का संदर्भ देते हुए कोविंद ने कहा कि भारत में ईश्वर की 'भक्तिभाव' से पूजा-अर्चना करना हमेशा अहम रहा है। उन्होंने कहा, महाप्रभु शब्द श्री चैतन्य के समाज के प्रति उनके महान उपदेशों के कारण जोड़ा गया।

उन्होंने कहा कि उनके असाधारण समर्पण से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोगों ने भक्ति मार्ग को चुना। इन सम्मानीय संत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, व्यक्ति को अहं की भावना से बिल्कुल परे वृक्ष से भी अधिक सहिष्णु होना चाहिए एवं दूसरों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग के संत उस दौर में धर्म, जाति, लिंग या रीति-रिवाजों पर आधारित भेदभाव से बिल्कुल ऊपर थे और उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता को मजबूत करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, भक्ति समुदाय के संतों ने एक दूसरे का विरोध नहीं किया बल्कि वे अक्सर दूसरे की लेखनी से प्रेरित होते थे।

## राज्यपाल ने ब्रह्म कुमारी संस्थान में शिव ध्वजारोहण किया

एजेंसी

शिमला। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय उच्च परम्पराओं के पालन पर विशेष बल देते हुए कहा कि संगठन समाज में अच्छे विचारों और संस्कृति को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने यह बात आज यहां शिमला के निकट पंथाघाटी में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय संस्थान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान संदर्भ में संघ और संगठन की मजबूती ही एकमात्र बहुमूल्य अवधारणा है। यह हमारी शक्ति, धर्म और आस्था है। उन्होंने धर्म की अलग तरह से व्याख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म का अर्थ आत्म अनुशासन है। धर्म को अपनाने से शासन और विचारों में अवगुण नहीं आते। उन्होंने उपस्थित लोगों और संगठनों से समृद्ध संस्कृति की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित करने का आह्वान किया ताकि समाज में अच्छी धारणा और संस्कृति स्थापित हो सके। राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि का हमारे सांस्कृतिक जीवन में एक विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने आध्यात्म को देश की आत्मा माना है, परन्तु हम संस्कृति के मूल विचारों को भूलकर पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति और धर्म ने विश्व के किसी भी भाग को बलपूर्वक जीतने की कोशिश नहीं की, अपितु हम लोगों के दिल जीतने में विश्वास रखते हैं। प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय संस्थान इस भावना को आत्मसात कर कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय संस्थान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा किए गए कार्य अनुकरणीय हैं। इससे पूर्व, राज्यपाल ने संस्थान के परिसर में एक सेब का पौधा भी रोपित किया। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए भर्ती हैं।

## उप्र चुनाव पर टिप्पणियों को लेकर भाजपा विधायक टी राजा के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

हैदराबाद, तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पार्टी के विधायक टी राजा सिंह के खिलाफ उत्तर प्रदेश में लोगों को उनकी पार्टी को वोट देने के लिए धमकाने वाली टिप्पणियों को लेकर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को राजा सिंह को 72 घंटे तक प्रचार करने से प्रतिबंधित कर दिया था। आयोग ने तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भारतीय दंड संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां पुलिस थाने में सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने सिंह को नोटिस जारी करते हुए उनकी कथित टिप्पणियों की एक वीडियो क्लिप का हवाला दिया था। नोटिस के अनुसार, सिंह ने कहा था कि जो लोग भाजपा को वोट नहीं देते हैं उन्हें यह पता होना चाहिए कि योगी जी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) ने हजारों जेसीबी और बुलडोजर मंगवा लिए हैं। उन्होंने कहा था, आप जेसीबी और बुलडोजर का उद्देश्य जानते हैं अगर आपको उत्तर प्रदेश में रहना है तो योगी-योगी के नारे लगाने होंगे वरना उत्तर प्रदेश छोड़ना होगा।

# बीजेपी भ्रष्टाचार में लिप्त, आम आदमी पार्टी नहीं खाती जनता के टैक्स का पैसा

नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

एनसीआर समाचार की संवादाता ने आने वाले MCD चुनाव 2022 को लेकर तुगलकाबाद के विधायक सहीराम पहलवान से बातचीत की। इस बातचीत में कई तरह के सवालों का आदान प्रदान हुआ। दिल्ली में मुफ्त की सेवाओं को लेकर जब विधायक सहीराम से सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब में कहा कि, ₹जो लोग ऐसा सोचते है की अरविन्द केजरीवाल फ्री की चीज़े देकर उनकी आदत खराब कर रहें है या उनके बच्चों यानि युवाओं का भविष्य खराब कर रहें है, तो उन्हें पता होना चाहिए कि, ये सेवाएं जिन पैसों से दी जा रही है वो पैसा केजरीवाल जी के जेब से नहीं जा रहा। ये सारा पैसा आम जनता जो मेहनत से कमाती है और फिर उन पैसों से छोटी से छोटी खरीद पर टैक्स देती है उसी टैक्स के पैसों से माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल उन्हें ये सारी सेवाएं दे रहे है। इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि, ₹बीजेपी झूठ की सरकार है, बीजेपी की तरह आम आदमी पार्टी भ्रस्टाचार नहीं करना चाहती। इसलिए वो जनता को मुफ्त की सेवाएं दे रही है। अगर केजरीवाल जी मुफ्त की सेवाएं नहीं देंगे, जनता के हित में काम नहीं करेंगे तो जनता के टैक्स के पैसे कहाँ रखेंगे। एक की खरीद पर एक मुफ्त शराब की स्कीम को लेकर जब उनसे सवाल पूछा गया तो अपने जवाब में उन्होंने कहा कि, ₹सभी ठेके प्राइवेट हो गए है, अब वो एक पर एक मुफ्त दें या बिलकुल फ्री कर दें इससे हमें क्या। पंजाब के विधानसभा चुनाव और दिल्ली के आने वाले MCD चुनाव को लेकर जब उनसे सवाल पूछा गया तो उनका यही कहना था कि, ₹इलेक्शन चाहे पंजाब का हो या दिल्ली का दोनों ही जगह पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की ही सरकार बनेगी। काम बोलता है और जो पार्टी काम कर रही है जनता उसी का समर्थन करेगी। इसलिए विपक्षी पार्टियां चाहे कितनी ही कोशिश क्यूँ न कर ले जीत नहीं पायेगी।



## दिल्ली में मिल रही मुफ्त शराब, युवा होगा नशे का शिकार

नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

दिल्ली के लाडो सराय ठेके के बाहर पिछले कुछ दिनों से सुबह 5 बजे से लम्बी कतारें देखने को मिलती है। आपको बता दें की ये एक मात्र ऐसा ठेका नहीं है जहाँ पर सुबह से ही लम्बी कतारें लग जाती है, बल्कि लगभग पूरी दिल्ली में ही ऐसी कतारें देखने को मिल रही है। इस भीड़ के पीछे एक बड़ी वजह है एक पर एक मुफ्त शराब की बोतल। मुफ्त की शराब की लालच में दिल्ली की जनता इतनी अंधी हो चुकी है की उसे अपनी जान तक की परवाह नहीं है। बीतें दिन जब एनसीआर समाचार की टीम ने लाडो सराय ठेके की जांच पड़ताल कर शराब विक्रेता से बात की, तो ये पता चला की एक शराब की बोतल पर एक मुफ्त बांटने का ऑडर उन्हें ऊपर से दिए गया है। इस मुफ्त शराब के राज को जानने के लिए कई ऐसे लोगों से भी बात की गई जो बाहर लाइनों में खड़े थे। उन लोगों से बातचीत के बाद यही समझ आया की वे सभी सरकार के इस निर्णय से बेहद खुश है। उन्हें शराब का आदि होने से भी कोई परेशानी नहीं है। बाहर कई ऐसे व्यक्ति भी खड़े मिले जिनके पास एक नहीं दो नहीं बल्कि चार से पांच पेटियां थी और वे सभी बेहद खुश नज़र आ रहे थे। एक तरफ केजरीवाल पंजाब को शराब मुक्त नशा मुक्त करते है। पंजाब की कुर्सी पर अपनी दावेदारी दिखतें है और वहीं दूसरी तरफ भारत के दिल राजधानी दिल्ली जिसे दिलवालो का शहर भी कहा जाता है उसे शराब में डुबो रहें है। जिस तरह से ठेके खोले जा रहे है और शराब मुफ्त बांटी जा रही है इसे देखकर तो साफ़ लगता है की वो दिन दूर नहीं जब भारत का हर युवा नशे का आदि होगा।



## बेटी के साथ हुआ जानवरों से भी ज्यादा बद्तर सलूक

नमिता चौहान / एनसीआर समाचार



फरीदाबाद कल्यानपुरी सेक्टर 48 से एक ऐसी घटना सामने आयी जिसे सुन आपकी आखें भी नम हो जाएगी। फरीदाबाद के एक गरीब परिवार की बेटी के साथ इतना जुल्म हुआ की उसे कोर्ट में मदद की गुहार लगानी पड़ी। ठीक 3 महीने पहले मुस्कान नाम की एक लड़की जो फरीदाबाद के कल्याणपुरी में रहती है, उसकी शादी फरीदाबाद डबुआ के राहुल नाम के व्यक्ति के साथ हुई थी। पीड़ति मुस्कान और उसके परिवार वालों का आरोप है की शादी के ठीक 15 दिन बाद से ही मुस्कान के साथ मार पीट होने लगी। जब पहली बार मारपीट हुई तो परिवार वाले लड़की को घर ले आये। इसके बाद दुबारा जब उन्होंने बेटी को उसके ससुराल में बसते देखने की इच्छा से उसे ससुराल लेकर गए तो ससुराल वालों ने न सिर्फ मुस्कान बल्कि उनकी माँ के साथ भी मारपीट की। ससुराल वालों का व्हार पीड़ति और पीड़ति के परिवार के साथ जानवरों से भी ज्यादा बद्तर देखने को मिला। परिवार वालों का आरोप है कि शादी के वक़्त दहेज की कोई मांग नहीं की गयी थी और शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज़ की मांग शुरू हुई जो दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मुस्कान का परिवार एक गरीब तबके का है। उनमें इतना समर्थ नहीं की वो दहेज दे सकें। इसलिए वे अब क़ानून से मदद की गुहार लगा रहें है कि कैसे भी करके उनकी बेटी को न्याय दिलाएं।

# भाजपा ने आफस्पा को संगठित हिंसा कानून में बदल दिया: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर के लिये कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर नागरिकों को निशाना बनाने के लिए आफस्पा को ''संगठित हिंसा'' कानून में बदलने का आरोप लगाया और कहा कि इसे निरस्त करने की मांग मणिपुर में ''बड़ा मुद्दा'' है, लेकिन भाजपा लोगों के विचारों का ''सम्मान नहीं'' कर रही है। कांग्रेस ने भाजपा की अपने चुनाव घोषणापत्र में इस कानून पर ''चुप्पी'' साधने के लिए आलोचना की है। कांग्रेस ने वादा किया है कि अगर वह मणिपुर विधानसभा चुनाव में जीतकर सत्ता में आती है तो सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) कानून या आफस्पा को निरस्त करने के लिए काम करेगी। दास ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में उन सुझावों को खारिज कर दिया कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा न करने से मणिपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह समेत कई सक्षम नेता हैं। सिंह सक्रिय हैं और राज्य के नेतृत्व के लिए ''बहुत मजबूत चेहरा'' हैं। मणिपुर के लिये कांग्रेस के प्रभारी ने विश्वास जताया कि पार्टी राज्य में सरकार बनाएगी और उसे 60 सदस्यीय विधानसभा में करीब 35-40 सीटें मिलेंगी। दास ने दावा किया कि एन बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर बहुत मजबूत है, क्योंकि वह एक भी चुनावी वादा पूरा करने में ''नाकाम'' रही है। उन्होंने कहा, ''यह कांग्रेस की मानसिकता वाला राज्य है। यहां लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार रही है, जो दिखाता है कि राज्य में कांग्रेस की नींव मजबूत है। भाजपा जनादेश से सत्ता में नहीं आयी, बल्कि एक तरह का प्रबंधन करके आयी और अवैध रूप से अब भी सत्ता में बनी हुई है।'' आफस्पा के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर में यह ''बहुत बड़ा मुद्दा'' है, खासतौर से नगालैंड की घटना के बाद, जिसमें नागरिक मारे गए थे। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से आफस्पा का दुरुपयोग था।'' वह नगालैंड की उस घटना का जिक्र कर रहे थे, जिसमें सुरक्षाबलों की कथित गोलीबारी में 14 लोग मारे गए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर में भी यह बड़ा मुद्दा है और कांग्रेस ने इस कानून को निरस्त करने का रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर लोगों के विचारों का सम्मान नहीं कर रही है और आफस्पा को हटाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस ने यह कानून तब निरस्त क्यों नहीं किया, जब वह सत्ता में थी, तो इस पर दास ने कहा कि उग्रवाद के मुद्दे के कारण वह अलग वक्त था। उन्होंने कहा, ''अब क्या हो रहा है, वे दावा कर रहे हैं कि हमने शांति बहाल की है तो आप यह कानून निरस्त क्यों नहीं कर देते।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इसका ''दुरुपयोग'' कर रही है। दास ने आरोप लगाया, ''आफस्पा विशुद्ध रूप से एक संगठित हिंसा का कानून है। आफस्पा अपने शुरुआती स्तर पर अलग था, लेकिन अब यह नागरिकों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देता है। ये लोग (भाजपा) इसे नागरिकों के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहते हैं। वे सत्ता में बने रहने के लिए आतंक का माहौल बनाए रखना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''अब चुनावों में भाजपा संगठित हिंसा में शामिल हो रही है...जो संगठित हिंसा में यकीन रखते हैं वे आफस्पा नहीं हटाएंगे।'' यह पूछे जाने पर कि उनकी पार्टी विधायकों को दल बदलने से कैसे रोकेगी जैसा कि अभी हो रहा है, इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि हर किसी ने मंदिर, गिरजाघर और मस्जिद कंगला किले में शपथ ली है कि वे कांग्रेस का हिस्सा रहकर मणिपुर के लोगों की सेवा करेंगे। भाजपा कांग्रेस उम्मीदवारों को धमकाने की कोशिश कर रही है। दास ने दावा किया कि कांग्रेस को निश्चित तौर पर अपने दम पर 35-40 सीटें मिलेंगी और इस बार उसके मत प्रतिशत में पांच फीसदी की वृद्धि होगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के बड़े नेताओं जैसे कि पार्टी प्रमुख जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बार-बार दौरा करना यह दिखाता है कि उनकी स्थिति कमजोर है। कांग्रेस 54 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ रही है और उसने पांच अन्य राजनीतिक दलों से हाथ मिलाया है। पूर्वोत्तर राज्य में दो चरणों में 28 फरवरी और पांच मार्च को मतदान होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।




**कांग्रेस नेता भक्त चरण दास ने कहा कि पार्टी के पास पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह समेत कई सक्षम नेता हैं। सिंह सक्रिय हैं और राज्य के नेतृत्व के लिए ''बहुत मजबूत चेहरा'' हैं। मणिपुर के लिये कांग्रेस के प्रभारी ने विश्वास जताया कि पार्टी राज्य में सरकार बनाएगी और उसे 60 सदस्यीय विधानसभा में करीब 35-40 सीटें मिलेंगी।**

## संक्षिप्त समाचार

### केसीआर का काम तेलंगाना तक ही सीमित, तीसरे फ्रंट का हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं होगा: रामदास अठावले



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की मुलाकात को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि के चंद्रशेखर राव का काम केवल तेलंगाना तक ही सीमित है। तीसरे फ्रंट का हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं होगा। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मिलकर तीसरा फ्रंट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका काम केवल तेलंगाना तक ही सीमित है। तीसरे फ्रंट का हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं होगा। वे अपने फ्रंट बनाते रहें। उन्होंने कहा कि 5 राज्यों में हो रहे चुनाव में भाजपा और राजग सत्ता में आ जाएगी। जिस तरह से 2014 में 282 सीटें, 2019 में 303 सीटें मिली, 2024 में 404 सीटें हम जीतेंगे। दरअसल, भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने की कोशिशों को लेकर केसीआर ने उद्धव ठाकरे और एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। हाल ही में उद्धव ठाकरे ने केसीआर से फोन पर बात की थी और उन्हें मुंबई आमंत्रित किया था। शिवसेना के मुखपत्र सामना ने रविवार को कहा कि बैठक से भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक दलों को एक साथ लाने की प्रक्रिया तेज होगी। बैठक में शिवसेना सांसद और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत भी शामिल हुए।

### हमारे हिंदुत्व में बदला लेने की बात नहीं, देश को सही रास्ते पर लाना होगा: KCR से मुलाकात के बाद बोले उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने बयान जारी किया। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे हिंदुत्व में बदला लेने की बात नहीं है और न ही हिंदुत्व गलत राजनीति सिखाता है। मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि हमारा हिंदुत्व गलत राजनीति नहीं सिखाता, कुछ लोग केवल अपने एजेंडे के लिए काम करते हैं, भले ही देश नरक में जाए। हमें अपने देश को सही रास्ते पर लाना है, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आएंगे, जाएंगे लेकिन देश हमेशा रहेगा। झूठ बोलना, दूसरो की मानहानि करना ठीक बात नहीं है। आज देश में यही हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौन होंगे ? इस पर बाद में चर्चा हो सकती है। हम आज कई राजनीतिक नेताओं से मिलेंगे। उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद केसीआर ने कहा कि देश की राजनीति, विकास की गति, आज़ादी के 75 साल होने पर देश के हालात के ऊपर चर्चा करने के लिए मैं महाराष्ट आया हूं। राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मिलकर प्रसन्न हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमने कई विषयों पर लंबी चर्चा की। काफी बातों पर हमारी सहमति बनी है। हमने मिलकर आगे के लिए काम करने का फ़ैसला किया है। देश में हमारे कई भाई हैं, उनसे मेरी और उद्धव ठाकरे की बातचीत हो रही थी। केसीआर ने कहा कि हम सभी आगे हैदराबाद और अन्य किसी स्थान पर मिलकर बातचीत करेंगे और रास्ता तय करेंगे कि क्या करना है। जिस तरह से देश चल रहा है उसमें बदलाव आना चाहिए। हम ज़ुल्म और नाजायज़ कामों के ख़िलाफ़ लड़ना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद केसीआर ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की।

### अरूणाचल प्रदेश के साथ सीमा विवाद को लेकर हिमंत विश्व सरमा ने दिया यह बयान

**युपिया।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार अरुणाचल प्रदेश के साथ दशकों पुराने सीमा विवाद के लिए हल के लिए वह सब करने को तैयार है जो इसके लिये आवश्यक होगा। अरूणाचल प्रदेश के 36 वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम में सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने सभी पूर्वोत्तर राज्यों से वार्ता के माध्यम से सीमा विवाद सुलझाने का निर्देश दिया है ताकि यह क्षेत्र देश के विकास के लिए एकजुट रहे। उन्होंने कहा, '' इस मुद्दे के समाधान के लिए जो भी जरुरी है , असम सरकार वह करने को तैयार है ताकि पड़ोसी राज्यों के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध बना रहे।'' उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच सरकार के स्तर पर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, '' तार्किक परिणति तक पहुंचने के लिए अप्रैल से हम जमीनी स्तर पर उपयुक्त वार्ता के माध्यम से गंभीर प्रक्रिया शुरू करेंगे।'' सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने सभी पूर्वोत्तर राज्यों को अदालत के रास्ते समाधान पाने के बजाय वार्ता के माध्यम से सीमा विवाद सुलझाने का निर्देश दिया है ताकि यह क्षेत्र एकजुट रहे तथा देश का 'विकास इंजन' बने। पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन के संयोजक सरमा ने कहा, '' हमारा प्रयास देश के बाकी हिस्से के लिए पूर्वोत्तर की पहचान अक्षुण्ण रखना है। '' इस बीच, अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि दोनों सरकारें अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए काम कर रही है। अरूणाचल प्रदेश असम को काटकर बनाया गया था और दोनों प्रदेशों के बीच 800 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा मिलती है। सरमा ने कहा कि कार्यक्रम के लिए उन्हें न्यौता देकर अरूणाचल प्रदेश ने असम के लोगों का सम्मान किया है।

# दंगा मुक्त यूपी के लिए एक बार फिर भाजपा को चुनें : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मतदाताओं से आह्वान किया कि दंगा मुक्त यूपी के लिए एक बार फिर भाजपा को चुनें। योगी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2008 में अहमदाबाद में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में मौत की सजा पाने वाले एक व्यक्ति के पिता के सपा से संबंध हैं। लखीमपुर खीरी में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के शासन में यूपी में हुए दंगों की याद दिलाते हुए



दावा किया कि भाजपा की सरकार में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दिनों अहमदाबाद धमाकों के मामले में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है और उन आतंकियों में से एक आजमगढ़ के संजरपुर का है। योगी ने आरोप लगाया कि उस आतंकी के पिता के संबंध सपा से हैं और वह पार्टी के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। उन्होंने जनसभा से सवाल किया कि समाजवादी पार्टी की इन आतंकियों के प्रति संवेदना क्यों है, जो लोग देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, क्या जनता जनार्दन उनका समर्थन करेगी? जवाब में नहीं की आवाज आने पर योगी ने खीरी जिले के मतदाताओं से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जरूर जाएं। खीरी की आठ विधानसभा सीटों पर चौथे चरण में 23 फरवरी को मतदान होना है। वर्ष 2017 में भाजपा ने लखीमपुर खीरी की सभी आठ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी के तिकोनिया गांव में चार किसानों की कार से कुचलकर हत्या के बाद इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष को गिरफ्तार किया गया था, उसे पिछले हफ्ते ही जमानत मिली है। योगी ने चुनावी रैलियों में अपनी सरकार द्वारा किसानों के लिए किए गए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने आस्था के पर्वों की चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि 2017 के पहले जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब राज्य में केवल सैफई (सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पैतृक गांव) महोत्सव होता था और आयोजक भी उस महोत्सव का मतलब नहीं जानते थे, क्योंकि उसमें न थी, न भाव था। योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार में अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में रंगोत्सव और काशी में देव दीपावली जैसे आयोजन शुरू किए गए और हमारी आस्था का सम्मान हुआ। उन्होंने जनसभा में केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन' सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उसके लाभार्थियों का आंकड़ा गिनाया और दोनों सरकारों की उपलब्धियों का ब्योरा दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि वह वैक्सीन के बारे में दुष्प्रचार कर रहे थे और कहते थे कि भाजपा की वैक्सीन है, मोदी वैक्सीन है, लेकिन अगर यह वैक्सीन जान बचा रही है तो चाहे भाजपा वैक्सीन हो या मोदी वैक्सीन हो, हम समर्थन तो उसी का करेंगे। उन्होंने भीड़ से इसके लिए हामी भरवाई। मुख्यमंत्री ने कोरोनाकाल का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने संकट की इस अवधि में लोगों की खूब मदद की।

## मीनाक्षी लेखी ने AAP को बताया सोनिया गांधी की बी टीम, बोलीं- भगवंत मान सबसे बड़े झूठे हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली को धोखा दे रही है और दिल्ली मॉडल के जरिए अब पंजाब को धोखा देने की कोशिश कर रही है।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर खालिस्तानी समर्थकों से सांठगाठ के आरोप लगने के बाद पार्टी बैकफुट पर नजर आ गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली को धोखा दे रही है और दिल्ली मॉडल के जरिए अब पंजाब को धोखा देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने लोगों को धोखा देने और



दिल्ली में 524 करोड़ रुपए के विज्ञापन देने के अलावा और क्या काम किया है ? उन्होंने कहा कि भगवंत मान सबसे बड़े झूठे हैं, क्या उन्हें पता है कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को बनाने में कितना पैसा खर्च किया। आम आदमी पार्टी सोनिया गांधी की बी-टीम है और कांग्रेस के साथ मिलीभगत से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के वक्त अरविंद केजरीवाल कितने नज़दीक थे सोनिया गांधी के। इन्हीं के द्वारा खड़ी की गई यह पार्टी है। इन्हें राष्ट्रीय चिह्न कैसे मिल गया ? मीनाक्षी लेखी ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय चिह्न दे दिया वह तो क्षेत्रिय पार्टी भी नहीं थी। लोगों को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से निज़ात चाहिए। आपको बता दें कि भगवंत मान पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं।

उन्होंने रविवार को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले किसी और को वोट देते थे आज शायद लोग अपने आप को वोट करेंगे। पूरे पंजाब में लोगों का मिज़ाज एक जैसा ही है। अच्छे नतीजे आएंगे, बहुमत की सरकार बनेगी। गौरतलब है कि, पंजाब की 117 सीटों में 93 महिलाओं समेत कुल 1,304 उम्मीदवार हैं जो अपनी किस्मत की आजमाइश कर रहे हैं और इन तमाम उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो जाएगी। जिसका नतीजा 10 मार्च को उत्तर प्रदेश, गोवा, मिजोरम और उत्तराखंड के साथ आएगा।

## नड्डा ने अखिलेश पर साधा निशाना, संविधान की रक्षा की शपथ ली और आतंकवादियों की रक्षा कर रहे हैं

एजेंसी

**श्रावस्ती (उप्र)** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को विपक्षी दलों खासतौर से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर माफिया, और आराजक तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने संविधान की रक्षा की शपथ ली थी और वह आतंकवादियों की रक्षा कर रहे हैं। रविवार को श्रावस्ती में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राम फेरन पांडेय के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने यह बात कही। उन्होंने यादव पर अहमदाबाद में हुए बम विस्फोट मामले में अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए आजमगढ़ के संजरपुर निवासी एक व्यक्ति के पिता पर समाजवादी पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव ने संविधान की रक्षा की शपथ ली और वह आतंकवादियों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा के शासनकाल में माफिया राज था और आजम खान,मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद का दबदबा था लेकिन योगी के शासनकाल में ये लोग सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने माफिया राज और गुंडाराज को समाप्त किया और अब देवबंद में आतंकवाद निरोधक केंद्र बनेगा इसके साथ साथ मेरठ, बहराइच, रामपुर, आजमगढ़ और कानपुर में भी यह केन्द्र बनेगा और योगी के नेतृत्व में राज्य भयमुक्त बनेगा। उन्होंने कहा, अगर आप चाहते हैं कि रोजगार युक्त और भयमुक्त उत्तर प्रदेश बने तो उसके लिए एक ही रास्ता है कि भाजपा उम्मीदवारों को वोट दीजिए।

## योगी ने लखनऊ में किया रोड शो, बोले- 80 प्रतिशत सीटें जीत रही है भाजपा

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने चुनावी प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के सरोजनी नगर इलाके में रोड शो किया। उन्होंने बताया कि यह चुनाव 80 बनाम 20 का बन चुका है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि 80 बनाम 20 का यह चुनाव बन चुका है। 80 प्रतिशत सीटें भाजपा जीत रही है। 20 प्रतिशत में सपा, बसपा और कांग्रेस में बंटवारा है, इसलिए भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि ये जोश और जुनून, ये जनता का हुजूम बता रहा है। इस बार उत्तर प्रदेश में फिर से कमल खिलने जा रहा है। इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के कस्ता विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधा था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि तीसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा को इतनी सीटें मिलेंगी कि सपा, बसपा, कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। पहले बिजली का राजनीतिकरण भी किया जाता था। ईद और मुहर्रम पर बिजली होगी लेकिन होली, दिवाली पर नहीं। लेकिन आज ऐसा कोई भेदभाव नहीं है। हम सबका साथ सबका विकास में विश्वास करते हैं।

## आज के औरंगजेब है अखिलेश: शिवराज सिंह

**अखिलेश यादव आज के औरंगजेब है। जो अपने बाप का नहीं हुआ, वह आप का क्या होगा। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह मुलायम सिंह यादव ने कहा था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आज के औरंगजेब है। औरंगजेब ने भी यही किया था अपने बाप को जेल में बंद कर दिया भाईयों का कत्ल कर दिया था।**

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजियां तेज हो गई हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार देवरिया में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख



अखिलेश यादव को औरंगजेब बताया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आज के औरंगजेब है। जो अपने बाप का नहीं हुआ, वह आप का क्या होगा। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह मुलायम सिंह यादव ने कहा था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आज के औरंगजेब है। औरंगजेब ने भी यही किया था अपने बाप को जेल में बंद कर दिया भाईयों का कत्ल कर दिया था। शिवराज सिंह चौहान का यह बयान काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।इसी बीच शिवराज सिंह चौहान ने बाबा मुख्यमंत्री का मतलब बताया। उन्होंने कहा कि बाबा का मतलब है बहादुर- जो माफिया को उनकी जगह दिखाता है। ए का मतलब सक्रिय, हमेशा लोगों के लिए काम करना। एक और बी का अर्थ है शानदार, तुरंत निर्णय लेता है, बुलडोजर से सजा देता है और ए का अर्थ है चौकस- लोगों का उद्धारकर्ता। यह योगी आदित्यनाथ हैं। दरअसल, सपा प्रमुख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बाबा मुख्यमंत्री कह कर संबोधित करते हुए एक के बाद एक हमले बोल रहे थे। उन्होंने कहा था कि 10 तारीख को सपा की सरकार बनने वाली है और बाबा मुख्यमंत्री की विदाई होने वाली है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि बाबा मुख्यमंत्री 5 साल रहे। आप ने अपने मेडिकल कॉलेज को वो सुविधा क्यों नहीं दी जो पीजीआई की हैं। ज़िम्मेदार कौन है? सैफई का जो विकास हुआ वो एक दिन का नहीं है।

## हरियाणा के हजारों किसानों के जीवन में 'कुसुम' लाई खुशहाली

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार किसानों को कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीनतम कृषि तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार द्वारा नई तकनीकों पर किसानों को सब्सिडी दी जा रही है जिसका प्रदेश के किसान खूब फायदा उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) के तहत सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने में हरियाणा सोलर वाटर पम्पों के संचालन के साथ देश का अग्रणीय राज्य है। इस योजना के तहत किसानों को सिंचाई संबंधी सुविधा के लिए सोलर पंप स्थापित करने हेतु राज्य सरकार की तरफ से 45 फीसद व केंद्र सरकार की तरफ से 30 फीसद सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस तरह से कुल 75 फीसद आर्थिक सुविधा सरकार की तरफ से प्रदान की जाती है। किसानों को महज अपनी तरफ से 25 फीसद ही खर्च करना होता है। सरकार की यह योजना किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में काफी उपयोगी साबित हो रही है, क्योंकि आमतौर पर किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में कृषि योग्य लगभग 80 लाख एकड़ भूमि है। इसमें से 75 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई हो पाती है। शेष भूमि पर सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए सोलर पंप किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प हैं। सोलर पंप लगाने से किसानों का डीजल बचेगा और आय में भी वृद्धि होगी। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हरियाणा में आज से 7 वर्ष पहले ना के बराबर कार्य था। वर्ष 2014 तक केवल 492



सोलर पम्प ही लगवाए गए थे। वर्तमान सरकार ने इसे गम्भीरता से लिया और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का रोडमैप तैयार किया। इसके पहले चरण में 50 हजार सोलर पम्प सेट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछले 7 वर्षो में 25897 सोलर पम्प सेट लगाए हैं। वर्ष 2021-22 के लिए 22 हजार सोलर पंप देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 15 हजार सोलर पंप प्रदान किए जा चुके हैं तथा शेष 7 हजार सोलर पंप मार्च 2022 तक दे दिये जाएंगे। इसके साथ ही वर्ष 22-23 में 50 हजार सोलर पम्प लगाए जाएंगे। महेंद्रगढ़ की सुमित्रा देवी ने भी सरकार की पीएम कुसुम योजना का लाभ उठाते हुए भागदाना गांव में पांच एकड़ जमीन की सिंचाई के लिए 10 एचपी का सोलर पंप लगाया है। इस योजना का लाभ उठाकर सुमित्रा देवी ने ना केवल फसल उत्पादन बढ़ाया है बल्कि उत्पादन लागत में भी कटौती की है। सुमित्रा देवी अब राज्य के कई अन्य किसानों के लिए भी आदर्श बन चुकी हैं। सुमित्रा देवी कहती हैं, चूंकि डीजल पंप की लागत बहुत अधिक है, इसलिए मैं केवल एक फसल की खेती करती थी। तब मुझे पीएम-कुसुम योजना के बारे में पता चला, जिसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारें सोलर पंप लगाने के लिए 75 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही हैं। मैंने इसके लिए आवेदन किया और अपने खेत में 10 एसी एचपी का सबमर्सिबल पंप लगवाया। अब मैं एक से अधिक फ़सलें उगा सकती हूँ और दिन में खेतों की सिंचाई कर सकती हूँ। इसके अलावा, इसे चलाने की कोई लागत नहीं है और सौर पंप की रखरखाव लागत नगण्य है। जो किसान सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम लगाना चाहते हैं, उन्हें http:/ /saralharyana.gov.in / पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की कोई भी हार्ड कॉपी विभाग/हरेडा द्वारा स्वीकृत नहीं की जाएगी। बता दें कि भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा देश का ऐसा राज्य है जहां वर्ष के दौरान 320 दिन सूर्य की रोशनी अधिक मिलती है, जो सौर ऊर्जा का प्राकृतिक स्त्रोत है। गुजरात के बाद हरियाणा देश का दूसरा राज्य है जिसने सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया है। हरियाणा के बाद अब अन्य राज्य भी इस योजना के तहत किसानों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

## भोपाल वन मंडल और भोपाल बर्ड्स Ecs द्वारा आयोजित हुआ क्रोकोडाइल और बर्ड सर्वे



**देवेन्द्र कुमार जैन / एनसीआर समाचार**

पहले दिन शनिवार को केरवा और कलियासोत डैम में 55 प्रतिभागियों ने 8 टीमों में बंटकर 35 किलोमीटर की रेंज में 15 से अधिक अलग-अलग स्पॉट पर मगरमच्छ और पक्षियों की जानकारी जुटाई। सर्वे के दौरान कई स्पॉट पर कई मगरमच्छ धूप सेंकते नजर आए। भोपाल सिटी फॉरेस्ट में देर शाम 6 से 8 बजे के बीच भी कीट सर्वेक्षण जारी रहा और आज भी चलेगा। सर्वे के दौरान पक्षियों की 82 प्रजातियों को चिन्हित किया गया, जिनमें पेंटेड स्टोर्क, वुल्ली नेक स्टोर्क, ब्रह्मिनी शेल्डक, स्पॉट बिल डक, रिवर लेपविंग, लार्ज कोर्मोरेंट, लिटिल कोर्मोरेंट, पिनटेल, लिटिल ग्रीब, रुफ्फ़, ब्लैक विंग स्टिल्ट, लिटिल रिंग प्लोवर आदि प्रमुख रूप हैं। मुख्य वन संरक्षक श्री रविंद्र सक्सेना, डीएफओ आलोक पाठक, मगरमच्छ विशेषज्ञ श्री ऋषिकेश शर्मा और डी जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रत्युष महापात्रा,एसडीओ श्री आरएस भदौरिया के मार्गदर्शन में सर्वे जारी है।

## फ्लो अवार्डस् ऑफ एक्सीलेंस 2022 से रूमा देवी सम्मानित फिक्की फ्लो द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**संजय कुमार / एनसीआर समाचार**

फैशन डिज़ाइनर व सामाजिक कार्यकर्ता, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की ब्रांड एंबेसडर डॉ.रूमा देवी को फिक्की फ्लो द्वारा "फ्लो अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस 2022" से नवाजा गया। शुक्रवार को नई दिल्ली के फेडरेशन हाउस में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व फिक्की की राष्ट्रीय अध्यक्ष उज्वला सिंघानिया के हाथों डॉ.रूमा देवी को यह सम्मान दिया गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में फ्लो अवार्डस् उन महिलाओं को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं, जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से अन्य लोगों के लिए मिसाल पेश कर समाज के अंदर चेंजमेकर की भूमिका निभाई हो। इसी कड़ी में रूमा देवी को महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार 'फ्लों अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस 2022' से नवाजित किया गया। इस दौरान रूमा देवी के साथ पद्म श्री अवनि लखेरा,निधि ठोलिया को भी अनुकरणीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

## शासकीय भगत सिंह कालेज की दो छात्राएं राज्य स्तरीय युवा ससंद मे प्रतिभागित



**सईद फराज़ अली / NCR समाचार**

पिपरिया नेहरू युवा केन्द्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में युवा संसद 2022 का आयोजन किया जाना तय किया गया था जिसके अन्तर्गत जिले के सभी कालेजो को 16 फरवरी तक परिणाम भेजना था इसी कड़ी में शहीद भगत सिंह शासकीय स्नाकोत्तर महाविधालय की कार्यक्रम अधिकारी ने रासेयो की सात छात्राओं मे से दौ छात्राओं का चयन कर जिल स्तर पर भेजा हर्ष का विषय है दोनों ही छात्राए चयनित हुई जिसमे मुस्कान चौरसिया एंव निशिता जैवार ने जिले मे पहले स्थान प्राप्त किया इन्हे राज्य स्तरीय युवा ससंद मे प्रतिभागित करने का अवसर प्राप्त हुआ राज्य स्तर तक यह प्रतियोगिता वर्चुअल / आनलाइन तरीके से होगी।

## कन्नड़ फिल्मों के अभिनेता राजेश का 89 वर्ष की आयु निधन



**नमित चौहान / एनसीआर समाचार**

कन्नड़ फिल्मों के दिग्गज कलाकार राजेश का 89 वर्ष की आयु में शनिवार यानि 19 फरवरी को बेंगलुरु के एक प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। इस महीने की शुरुआत से ही अभिनेता को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कन्नड़ अभिनेता के निधन पर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व सीएम सिद्धारमैया समेत कई अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी ।राजेश अभिनेता के मंच का और विद्यासागर मूल नाम था। उनका जन्म स्थान बेंगलुरु है। अभिनेता का नाम परिवर्तन उनकी फिल्म 'नम्मा ऊरु' के नाम पर हुआ था। इस फिल्म में अभिनेता ने जो किरदार निभाया उसका नाम राजेश था, इसलिए तब से उनका नाम राजेश पर गया।

# सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करें : राज्यपाल

**देवेन्द्र कुमार जैन / एनसीआर समाचार**




राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद थे।कार्यक्रम में राज्यपाल ने मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य श्री गुरुदत्त नायक और मानसरोवर आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अनुराग सिंह आचार्य को सम्मानित किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयीन शिक्षा विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, कर्तव्य बोध, नैतिक मूल्य विकसित करने वाली होनी चाहिए। सामाजिक सरोकारों में सह-भागिता के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर, उन्हें जीवन मूल्यों, सत्य-निष्ठा के उच्च मानकों एवं उत्तरदायित्वों के पालन की प्रेरणा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आबादी का एक बड़ा भाग सिकिल सेल रोग से पीड़ति है। सामाजिक सरोकारों की यह प्रमुख चिंता है। यह जन्मजात, जानलेवा रोग बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समाज में पाया जा रहा है। राज्य सरकार ने रोग के उपचार और प्रबंधन के ठोस प्रयास किए हैं। इन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सबका साथ और प्रयास ज़रूरी है। रोग सर्वेक्षण का कार्य तीव्र गति से हो, इसके लिए विश्वविद्यालयों को भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर का वातावरण विद्यार्थी मूलक, विद्यार्थियों की मौलिकता को बढ़ाने, नवाचारों के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन देने वाला होना जरूरी है। विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर, अपनी क्षमता, योग्यता से देश को आत्म-निर्भर बनाने में योगदान देने में सक्षम हों। ग्रामीण, पिछड़े क्षेत्रों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और वंचित वर्गों तक डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया के लाभ पहुँचाने में सहयोगी हो। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि शिक्षा, समाज को सुव्यवस्थित और सुसंगठित बनाने का प्रकल्प है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित शिक्षा के लिए शिक्षा संस्थान का सुगठित और सुसंकल्पित होना जरूरी है। प्रारम्भ में प्रति कुलाधिपति इंजीनियर श्री गौरव तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक ज्ञान और व्यवहारिक ज्ञान के समन्वय से विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। गरीब और वंचित वर्गों को रियायती दर पर शिक्षा की उपलब्धता की अवधारणा विश्वविद्यालय की स्थापना का मूलाधार है।

## शुजालपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी लोग भागीदारी निभाए- राज्य मंत्री परमार

**ब्रज कुमार राठौर / एनसीआर समाचार**



शुजालपुर नगर के सभी निवासी सुजालपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं, घर से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कूड़ेदान में एकत्रित करें तथा कचरा वाहन आने पर उसमें ही डालें। यहां बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा स्वतंत्र प्रभार एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से किए गए गोबर धन बायो सीएनसी प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम का सुजालपुर में किए गए सीधे प्रसारण कार्यक्रम के दौरान कही। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा है कि सभी नागरिक सुजालपुर को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं घर से निकलने वाला कचरा नालियों में नहीं फेंके कचरे को इकट्ठा करके वाहन में डालें। उन्होंने कहा है कि सुजालपुर के नागरिकों की सहभागिता से ही स्वच्छता अभियान गति पकड़ेगा जनता के सहयोग के बिना सुजालपुर को स्वच्छ नहीं बना सकते, जनता अपनी जवाबदारी तय करें, उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी नागरिकों से स्वच्छता रखने का आह्वान किया है। भारत की परंपरा में सफाई का अपना महत्व है महात्मा गांधी ने भी स्वच्छता आंदोलन के साथ-साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया था प्रधानमंत्री एवं राज्य में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार स्वच्छता के संदर्भ में विकास कार्य हो रहे हैं नदियों से हम पीने के लिए पानी लेते हैं किन किन नदियों में शहर का सारा गंदा पानी चला जाता है इससे पानी प्रदूषित होता है।

## इंदौर मॉडल शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने अन्य शहरों के लिए बनेगा प्रेरणा- नरेंद्र मोदी

**देवेन्द्र कुमार जैन / एनसीआर समाचार**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने का इंदौर मॉडल अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बनेगा। इंदौर के देवगुराड़यिा क्षेत्र में कभी कूड़े के पहाड़ थे, अब वहाँ 100 एकड़ की डंप साइट ग्रीन जोन में परिवर्तित हो गई है। इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट बनने से वेस्ट-टू-वेल्थ तथा सर्कुलर इकोनामी की परिकल्पना साकार हुई है। इससे भारत के स्वच्छता अभियान भाग-2 को नई ताकत मिलेगी, जिसके अंतर्गत आने वाले 2 वर्षों में देश के सभी शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त कर ग्रीन जोन बना दिया जाएगा। इंदौर शहर ने वाटर प्लस की भी उपलब्धि हासिल की है, अब यह शहर देश के अन्य शहरों को इस क्षेत्र में भी प्रेरणा देगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण कर रहे थे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, केंद्रीय, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर, राज्य शासन के मंत्री, सांसद, विधायक सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर की बहनों ने कूड़ा प्रबंधन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कूड़े को 6 हिस्सों में अलग-अलग बाँट कर उसका निस्तारण किया है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का किया उल्लेख

**देवेन्द्र कुमार जैन / एनसीआर समाचार**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के अपनी तरह के अनोखे गोबर धन सीएनजी संयंत्र के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित सभी वर्चुअली और एक्चुअली उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की प्रेरणा से इंदौर ने 'वेस्ट टू वेल्थ' के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर देश का पहला वाटर प्लस शहर है। यहाँ डस्ट फ्री शहर, इंदौर बिन फ्री के साथ जीरो वेस्ट कॉलोनी, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट मार्केट और जीरो वेस्ट वार्ड विकसित किए जा रहे हैं। इंदौर शहर के 21 बाजार जीरो वेस्ट मार्केट घोषित हुए हैं, जहाँ सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि इंदौर में झोलाधारी इंदौरी अभियान का आगाज भी किया है। उन्होंने कहा कि इंदौर नगरीय क्षेत्र की स्लम बस्तियों को ग्रीन स्लम के रूप में विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। सरस्वती एवं कान्ह रिवर लाइफ लाइन प्रोजेक्ट नदियों के पुनर्जीवन के आंदोलन का प्रतीक है। इंदौर शहर के पुराने कचरे के पहाड़ों को वैज्ञानिक पद्धति से समाप्त किया गया है। भोपाल में भी ऐसे प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर के आसपास के ग्राम से पशुपालकों और किसानों से गोबर और अन्य कचरे को क्रय कर धन बनाने वाला संयंत्र होगा। अनेक परिवारों को इस प्लांट से स्थायी रोजगार मिल रहा है। कचरे के साथ गोबर का उपयोग बैक्टीरिया डेवलप करने के लिए प्रोसेस किया जाएगा। प्लांट से 17 से 18 टन सीएनजी और 100 टन जैविक खाद रोजाना मिलेगी। बाजार मूल्य 5 रूपए प्रति किलो कम कीमत पर सिटी बसों के लिए सीएनजी की उपलब्धता होगी। प्लांट में शुरूआती दौर में 21 प्रतिशत और अगले तीन वर्ष में शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा का उपयोग होगा। इंदौर शहर को कार्बन क्रेडिट का लाभ मिलेगा। साथ ही वायु की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

# बैरागढ पुलिस को मिली बडी सफलता, शातिर वाहन चोर 2 सदस्यी गैंग का किया भंडाफोड

**देवेन्द्र कुमार जैन**




थाना बैरागढ पुलिस को दिनाँक 19.02.2022 को सूचना प्राप्त हुई कि सीआरपी गुरूद्वारा के पास बैरागढ मे एक चादर के टीनशेड बने गोडाउन में चोरी की मोटरसाईकिल/एक्टिवा/बुलेट करीबन पंद्रह-बीस दुपहिया गाड़ियां छिपाकर रखी गई है, जिन्हे कुछ लोग ओने पौने दामो पर बेचने का गौरखधंधा कर रहै है। सूचना की तस्दीक हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित कर रवाना किया गया, जो सूचना तस्दीक पर सही पाई गई एवं गोडाउन का दरवाजा खुलवाकर चैक किया तो अंदर रखे मोटरसाईकिल/पल्सर/हीरो होण्डा/ एक्टिवा /बुलेट/स्कूटी कुल 20 वाहन को मौके पर आरोपी त्रिलोक छावडा पुत्र स्व. लालसिह उम्र 55 साल निवासी ए-8 सीआरपी गुरूद्वारा के पास बैरागढ के टीन की चादर से बनी गोडाउन से चोरी का संदेही होने के कारण गाडिया जप्त की गई। पूछताछ पर त्रिलोक छावडा ने बताया कि इसका साथी पप्पू सूर्यवंशी पिता किशनलाल उम्र 35 साल निवासी झुग्गी नंबर 6220 बूढाखेडा बैरागढ भोपाल के द्वारा अन्य जगहो से वाहनो को लाकर गोडाउन मे छिपाकर रखता था जिसे दोनो आरोपीगणो द्वारा उक्त वाहन को औने पौने दामो पर लेकर चोरी का गौरखधंधा करते थे जिस पर से थाना बैरागढ मे अपराध क्रमाँक-03/2022 धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भादवि मे उपरोक्त दुपहिया वाहनो को विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा वाहन कहाँ से चुराया एवं कहा से लाये इस संबंध मे बारिकी से दोनो आरोपीयो से पूछताछ की जा रही है जिन्हे गिरफ्तार कर विधि समत्त कार्यवाही की गई । तथा सभी थानो को वाहनो के संबंध मे सूचना दी गई। आपराधिक रिकार्ड- आरोपी पप्पू सूर्यवंशी के विरूद्ध थाना बैरागढ में आधा दर्जन मारपीट व जुआ/आबकारी एक्ट के आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है तथा आरोपी त्रिलोक छावडा के विरूद्ध तीन प्रकरण जुआ /सट्टा के पंजीबद्ध है।

## बाढ़ में डॉक्टर की लापरवाही से महिला मौत

**रवि शंकर कुमार / NCR समाचार**

बाढ़ में एक गर्भवती महिला जिसका नाम तनु प्रिया पति कुंदन कुमार जो कि गर्भवती थी। अपना डिलीवरी करवाने बाढ के सदर अस्पताल में आए। डिलीवरी नॉर्मल हो गया सदर अस्पताल में उसके बाद तनुप्रिया का ब्लडिंग होना स्टार्ट हुआ सदर अस्पताल बाढ़ मरीज को रेफर कर दिया। वह मरीज बाढ़ के निजी अस्पताल डॉक्टर कुमारी सुलेखा सिन्हा एवं डॉ किरण कुमारी के अस्पताल में एडमिट करवाया गया वहां इलाज के दौरान वहां के डॉक्टरों के द्वारा ₹100000 का डिमांड किया गया वहां बोला गया कि अगर आप ₹100000 जमा करेंगे, तभी आपके पेशेंट को इलाज किया जाएगा। फिर पेशेंट के परिवार वालों ने कहीं से पैसा का जुगाड़ करके डॉक्टर को दिए लेकिन डॉ.किरण कुमारी पेशेंट को सही से इलाज नहीं की और बराबर पैसा का हीं मांग किया जा रहा था फिर भी पेशेंट के परिवार वालों ने पैसा देने को रेडी थे लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही के कारण पेशेंट का कंडीशन क्रिटिकल हो गया और लास्ट में रेफर करने की बात आई जब पेशेंट की मरीत जान जा चुकी थी लेकिन परिवार वाले को नहीं बताया जा रहा था। जब परिवार वाले अपने पेशेंट से मिले तब अपने पेशेंट को मृत पाया गया। फिर इसे देखकर परिवार वाले हल्ला हंगामा तोड़फोड़ करने लगे जिसे देखकर मौके पर प्रशासन आई फिर मामला को शांत किया गया।

## विक्रांत और शीतल ने वैलेंटाइन-डे के दिन की कोर्ट मैरिज, अब परंपरागत रूप से किया विवाह

**अंशुप्रिया / NCR समाचार :**



विक्रांत मैसी ने शुक्रवार को अपनी लंबे समय से अभिनेता-प्रेमिका शीतल ठाकुर के साथ एक घनिष्ठ अंतरंग विवाह समारोह में शादी के बंधन में बंध गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जोड़े ने कल पारंपरिक तरीके से शादी करने से पहले इस हफ्ते की शुरुआत में शादी का पंजीकरण कराया था। समारोह से कई खूबसूरत तस्वीरों के साथ दोनों ने अपनी शादी की घोषणा करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। "सात सालो का ये सफर आज सात जनमों में बदल गया। क्या सफर में हमारा साथ देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया (पिछले सात वर्षों की हमारी यात्रा सात जन्मों में बदल गई है। हम आपके समर्थन के लिए आभारी है "अभिनेताओं ने पोस्ट को कैप्शन दिया। अपनी शादी के लिए, विक्रांत और शीतल ने शानदार पारंपरिक पहनावा चुना, जो बहुत ही प्यारा लग रहा था। शीतल लहंगे और ब्लाउज पर गोल्डन स्ट्राइप्स वाला रेड लहंगा सेट पहने नजर आईं। लहंगे में हेमलाइन पर फूल और पत्तियों के मोटिफ्स भी थे। इसे पारंपरिक लाल दुपट्टे के साथ सुनहरे अलंकरण और किरण के साथ जोड़ा गया था। इनकी शादी में फ़िल्मी दुनिया के अभिनेता और अभिनेत्री भी शामिल हुए।

## ऐतिहासिक प्राचीन देवका के सूर्य मंदिर में हुआ सूर्य नमस्कार

**सजंय पंवार / NCR समाचार :**



पृथ्वी पर सूर्य के बिना जीवन संभव नहीं है। भारत के प्राचीन ऋषियों के द्वारा ऐसा कहा जाता है कि शरीर के विभिन्न अंग विभिन्न देवताओं के द्वारा संचालित होते है। मणिपुर चक्र सूर्य से संबंधित है। सूर्य नमस्कार के लगातार अभ्यास से मणिपुर चक्र विकसित होता है। जिससे व्यक्ति की रचनात्मकता और भीतर का अन्तर्ज्ञान बढ़ता है। उक्त विचार योग सेवक दिलीप कुमार तिवाडी ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार के महा अभियान में योग सेवक तिवाड़ी परिवार द्वारा 16वे चरण में देवका के सूर्य मंदिर पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए कहे। तिवाड़ी ने बताया कि सदियों काल से लोग भगवान सूर्य की पूजा करते आ रहे है। शास्त्रों में भी इनकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया। मणिपुर चक्र जो कि नाभि के पीछे स्थित होता है जो मानव के शरीर का केंद्र भी है। यही कारण था कि प्राचीन ऋषियों ने सूर्य नमस्कार के अभ्यास को इतना बल दिया और इसको उपासना के तौर पर भी मंदिरों के द्वारा जोड़ा। इसी वैज्ञानिक परंपरा को समझते हुए योग सेवक तिवाडी परिवार ने देवका के प्राचीन सूर्य मंदिर पर आकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया और सकारात्मक उर्जा संग्रहित की। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए योग सेविका दुर्गा तिवाडी ने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में बेहद फायदेमंद है। सदियों काल से लोग भगवान सूर्य की आराधना ,उपासना करते आ रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण है देवका का यह 13 वी शताब्दी में बना सूर्य मंदिर, स्वास्थ्य के नजरिए से देखा जाए, तो सूर्य की किरणों से मिलने वाला विटामिन डी हमारे शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ-साथ गंभीर बीमारियों को भी दूर करने में मदद करता है। आमजन को एवं प्रशासन को हमारी इस प्राचीन धरोहर को संजोके रखना चाहिए। यह मंदिर विदेशी आक्रांताओं के कारण विध्वंस हो चुका है ।फिर भी हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए इस मंदिर का गर्भ ग्रह एवं शिखर 800 वर्ष बाद भी अपनी स्थापत्य कला को उसी रूप में बनाए रखें हुए खड़ा है। हमारा एवम प्रशासन का दायित्व बनता है की हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई इमारतों को संभाल के रखे। इस मंदिर से उगते हुए सूर्य का एवं ढलते हुए सूर्य का दर्शन करने का अलग ही आनंद प्राप्त होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के पूर्व विधायक ने क्षेत्र का दौरा किया



**सजंय पंवार / NCR समाचार**

भाजपा के पूर्व विधायक तरूण राय कागा ने धनाऊ पंचायत समिति क्षेत्र के ईटादा, भूरोमल की ढाणी, गोहड़ का तला, अदरीम का तला, बुरान का तला, सांवा आदि गांवों का दौरा कर सामाजिक कार्यकर्मो मै भाग लिया। तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूत बनाने के लिए विचार विमर्श किया। जिस पर आम जनता व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भरपुर सहयोग करने की बात कही। साथ मै जन कल्याण कारी योजनाओं के जिला उपाध्यक्ष लेखराज तंवर ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की बात कही।

### भांबरू जयसिंहपुरा केभगतपुरा में पुलिस जाप्ते के बीच IPS सुनील कुमार धनवंता की बिंदोरी निकाली गई



**दीपक कौशिक / NCR समाचार**

पूर्व में दलित दूल्हो की निकासी में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस की तैनाती की गई थी, कोटपूतली एडीएम जगदीश आर्य, एएसपी विद्याप्रकाश, की मॉनिटरिंग व विराटनगर एसडीएम सुनील शर्मा, शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र कृष्णय्या, कोटपूतली पुलिस उपाधीक्षक संध्या यादव ,विराटनगर तहसीलदार पिंकी गुर्जर कि सुपरवाइजरी में पुलिस जाब्ते के बीच IPS की बिंदोरी निकाली गई। शांति को लेकर बिंदोरी के रास्ते पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। इस दौरान विराटनगर थाना प्रभारी रामअवतार मीणा, शाहपुरा थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह, मनोहरपुर थाना प्रभारी हरि ओम, अमरसर थाना प्रभारी अशोक कुमार, सरुण्ड थाना प्रभारी इंद्राज सिंह, कोटपूतली थाना अधिकारी सवाई सिंह, भाबरू थाना प्रभारी अतर सिंह, प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह सहित आरएसी के अनेक जवान मौजूद थे। भाबू थाना प्रभारी अतर सिंह यादव ने बताया कि आईपीएस दूल्हे की बिंदोरी शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई।

### जनहित ट्रस्ट की तरफ से सिलाई मशीन देकर की मदद



**रमेश / NCR समाचार**

फतेहाबाद समाज सेवी संस्था जनहित ट्रस्ट सिरसा क्षेत्र रानियां में जनहित ट्रस्ट की तरफ से रमेश शाक्य, डॉक्टर सुनील भारद्वाज, महिंद्र वर्तिया, फोजी सिंह, डॉक्टर दलबीर सिंह ने जरूरतमंद परिवार को सिलाई मशीन देकर मदद दी, रमेश शाक्य ने जनहित ट्रस्ट की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और बताया कि ट्रस्ट दिन प्रतिदिन भलाई और मदद का कार्य करती आ रही है।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देश की सबसे ऊंची और वजनी प्रतिमा का विधायक शैलेंद्र जैन ने किया निरीक्षण



**मुकेश हरयानी / NCR समाचार**

हम सभी सागर वासियों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि देश की सबसे बड़ी और वजनी देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न हम सभी की आस्था के केंद्र स्वअटल बिहारी वाजपेई जी की 30 फीट ऊंची प्रतिमा जिसका वजन लगभग 7 टन है ग्वालियर में उसका स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है आज विधायक शैलेंद्र जैन ने ग्वालियर पहुंचकर वहां मूर्ति का निर्माण कर रहे मूर्तिकार प्रभात राय से मुलाकात की और माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी की मिट्टी की प्रतिमा का अवलोकन किया विधायक जैन प्रतिमा को देख कर इतने प्रसन्न हुए को उन्होंने लगभग 10 बार उन्होंने मूर्ति को निहारा और कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि साक्षात अटल जी हमारे समीप खड़े है। विधायक जैन ने बताया कि मूर्ति के निर्माण के टेंडर उपरांत मैं निरंतर प्रभात जी के संपर्क में हूं और लगातार उनसे प्रतिमा निर्माण के विषय में जानकारी लेता रहता हूं जब उन्होंने बताया की प्रतिमा के निर्माण हेतु मिट्टी का स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है तब मुझे इतनी खुशी हुई और मैं अपने आप को रोक नहीं पाया और आज ग्वालियर आकर मैंने प्रतिमा का अवलोकन किया है। हम सभी सागर वासियों को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि हम हमारे आस्था और श्रद्धा के केंद्र देश के यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई जी की देश की सबसे ऊंची और सबसे बड़ी प्रतिमा सागर में लगा रहे है।

# इंदौर और मध्यप्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नई इबारत लिख रहे हैं: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

**एनसीआर समाचार**

स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर देश और विदेश में मॉडल बन गया है। इंदौर में स्वच्छता के क्षेत्र में अद्भुत कार्य हुए हैं। इसके लिये यहां की जनता, जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन बधाई के पात्र हैं। स्वच्छता के लिये इंदौर और मध्यप्रदेश के अनेक शहरों में विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं। स्वच्छता से जीवन जीने का तरीका बदला है। पर्यावरण में सुधार आ रहा है। रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। स्वच्छता से हमें बहुआयामी लाभ मिल रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज इंदौर के गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट के वर्चुअली लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश को राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री कौशल किशोर वर्चुअली रुप से शामिल हुए।

इंदौर से इस कार्यक्रम में इंदौर जिले के प्रभारी एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद श्री शंकर लालवानी, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री रमेश मेंदोला तथा श्री आकाश विजयवर्गीय भी विशेष रुप से मौजूद थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संबोधित करते हुये देवी अहिल्याबाई होल्कर के सेवा कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदौर का नाम आते ही देवी अहिल्याबाई के सेवा-भाव का ध्यान आता है। इंदौर ने देवी अहिल्याबाई की



प्रेरणा को कभी खोने नहीं दिया है। इसी प्रेरणा से इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देश-विदेश में अपनी नई पहचान बनाई है। नागरिक कर्तव्यों का भी इंदौर ने बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है। यहां के लोग जितने अच्छे हैं, उतने ही अच्छे उनके कार्य भी हैं। इंदौर में अब सेंव के साथ सेवा की पहचान भी जुड़ गई है। श्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृतियों को संजोए रखने के लिये काशी विश्वनाथ धाम में देवी अहिल्या बाई की आकर्षक प्रतिमा लगाई गई है। श्री मोदी ने कहा कि इंदौर में कचरे के निपटान के लिये बेहतर कार्य हुए हैं। इंदौर के देवगुराड़यिा स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड इसका बेहतर उदाहरण है। देवगुराड़यिा में कुछ वर्षों पूर्व कूड़े-कचरे का पहाड़ था, अब इस पूरे क्षेत्र को ग्रीन जोन में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में आने वाले दो-तीन वर्षों में सभी शहरों में कूड़े-कचरे के पहाड़ों को ग्रीन जोन में बदला जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि कचरे के निपटान के लिये केन्द्र सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे के निपटान की विशेष व्यवस्था हो रही है। इससे जहां एक ओर स्वच्छता में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके लिये गोबर-धन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। गौबर-धन योजना कचरे से कंचन बनाने की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदूषण में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा समस्याओं का स्थाई समाधान दिया जा रहा है। स्वच्छता अभियान इसका बेहतर उदाहरण है। उन्होंने स्वच्छता अभियान में सफाई कर्मियों द्वारा दिए जा रहे योगदान की खुलकर सरहाना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। हर देशवासी इनका ऋणी है। अनेक चुनौतियों के बावजूद भी सफाई कर्मी दिन-रात सफाई और सेवा के कार्य में लगे रहते है। उनका पूरा अभिनंदन।

**वेस्ट टू वेल्थ के सिद्धांत के क्रियान्वयन का उत्तम उदाहरण बना इंदौर - मुख्यमंत्री श्री चौहान**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व भारत के प्रगति और विकास के लिए स्वर्णकाल सिद्ध हुआ है। वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में विश्व को एक नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सर्कुलर इकोनॉमी एवं वेस्ट टू वेल्थ के सिद्धांत को मध्यप्रदेश सरकार ने पूरी गंभीरता के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। इसका उत्तम उदाहरण इंदौर में स्थापित किया गया बायो-सीएनजी प्लांट है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर नेटिज़न्स ने की उनकी सराहना

**नमिता चौहान / एनसीआर समाचार**

भारत के वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के खास अवसर पर, नेटिज़न्स ने भारत के महान मराठा योद्धा की खूब सराहना की। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को मनाई जाती है। शिवाजी मराठों के भोंसले वंश चिराग थे। सन 1674 में उन्हें औपचारिक रूप से रायगढ़ क्षेत्र के छत्रपति (राजा) के रूप में राज मुकुट पहनाया गया था। - छत्रपति शिवाजी ने सैन्य रणनीति का आविष्कार किया और अपरंपरागत तरीकों की जिम्मेदारी उठायी थी।- प्राचीन हिंदू राजनीतिक परंपराओं और अदालती परंपराओं को पुनर्जीवित किया था। - नौसैनिक बल के महत्व को समझने वाले शिवाजी पहले व्यक्ति थे। इसलिए उन्हें



भारतीय नौसेना के पिता के रूप में जाना जाता है। लोगो की मान्यता के अनुसार उनकी मां ने क्षेत्रीय देवी शिवई से प्रार्थना की और उन्हें बच्चे का आशीर्वाद मिला और इसलिए महान मराठा को शिवाजी नाम दिया गया।

## राष्ट्रीय ब्यूरो के एक्सप्रेस प्रमुख 40 वर्ष के पत्रकार रवीश तिवारी का निधन

**अंशुप्रिया / NCR समाचार**

रवीश तिवारी ने द-इंडियन एक्सप्रेस में वरिष्ठ पत्रकारों की एक टीम का नेतृत्व किया, जिन्होंने राज्य और राष्ट्रीय चुनावों, प्रधान मंत्री कार्यालय, रणनीतिक मामलों, कूटनीति और बुनियादी ढांचे सहित केंद्र सरकार को कवर किया था। द-इंडियन एक्सप्रेस के राष्ट्रीय राजनीतिक संपादक और राष्ट्रीय ब्यूरो के प्रमुख रवीश तिवारी, जिनके काम ने राजनीति और समाज में बदलाव की व्याख्या करने के लिए पत्रकारिता की कठोरता के साथ छात्रवृत्ति का मिश्रण किया, का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह जून 2020 से कैंसर से पीड़ित थे। वह 40 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी, उनके माता-पिता और एक भाई है। तिवारी ने द इंडियन एक्सप्रेस में वरिष्ठ पत्रकारों की एक टीम का नेतृत्व किया, जिन्होंने



राज्य और राष्ट्रीय चुनावों, प्रधान मंत्री कार्यालय, रणनीतिक मामलों, कूटनीति और बुनियादी ढांचे सहित केंद्र सरकार को कवर किया। एक रिपोर्टर और एक संपादक के रूप में सामने से अग्रणी, उन्होंने ग्रामीण मामलों, कृषि, राजनीति और हाल ही में, यूपी चुनाव अभियान पर देश भर से बड़े पैमाने पर यात्रा की और रिपोर्ट की। "रवीश की हमारे पेशे में एक दुर्लभ, अनोखी आवाज थी। कभी भी एक इनको चैंबर के आराम की तलाश में नहीं, उन्होंने सभी की बात सुनी क्योंकि उन्हें पता था कि देश की राजनीतिक नब्ज पर उंगली रखने और इसे हमारे पाठकों और दर्शकों को समझाने का यही सबसे अच्छा तरीका और एकमात्र तरीका है, "एक्सप्रेस के अध्यक्ष ग्रुप विवेक गोयनका ने कहा ₹हम उनके नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। एक रिपोर्टर और एक संपादक के रूप में, उन्होंने सामने से नेतृत्व किया। रवीश अपने काम में ज़िंदा रहेंगे जो न्यूज़ रूम और उससे आगे के लिए एक स्थायी प्रेरणा होगी।" तिवारी के पास लोगों से जुड़ने, बहुत व्यापक स्पेक्ट्रम से बात करने, देश के राजनीतिक नेतृत्व के साथ पार्टी लाइनों में बातचीत का प्रबंधन करने की क्षमता थी। सत्ता के प्रति बेपरवाह तिवारी ने भी अपनी चमक को हल्के से पहना। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे जाने से पहले उन्होंने सरकार के जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन किया, जहां उन्होंने बी.टेक किया। राजनीति और समाज के दिल तक जाने वाले सवालों के उनके जुनून ने उन्हें सामाजिक विज्ञान में बदल दिया। वह 2005-06 में भारत में माध्यमिक शिक्षा में सामाजिक न्याय का अध्ययन करने के लिए छह रोड्स विद्वानों में से एक के रूप में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गए। आईआईटी बॉम्बे में, वह टेकफेस्ट के पीछे टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक थे।

## आईजी टेलीकॉम ने लिया नगर पुलिस की संचार व्यवस्था का जायजा

**साकिर खान / NCR समाचार**

विमला गुज्याल, पुलिस महानिरीक्षक टेलीकॉम/ सीआईडी उत्तराखण्ड द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर के पुलिस संचार शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचार शाखा के विभिन्न अनुभागों में मौजूद उपकरणों व अभिलेखों के रखरखाव तथा स्वच्छता का जायजा लेकर शाखा में नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारियों को आवटित दायित्वों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के उपरात आईजी महोदया द्वारा पुलिस सचार विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों की गोष्टी ली गई। गोष्ठी के दौरान निम्न बिंदुओं पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए



है, वीडियो सर्विलास के तथ्य मुख्यत चौराहो, भीडभाड़ वाले इलाको, बार्डर तथा धार्मिक स्थलों पर लगे CCTV कैमरों की मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा घटना के सम्बन्ध में वीडियो सर्विलास कन्ट्रोल रूम से ड्यूटी प्वाइन्ट, थाना, चौकी को अवगत कराते हुये मौके पर आवश्यक पुलिस बल भिजवाने की कार्यवाही की जाये। डायल 112 में प्राप्त सूचना / शिकायत पर सम्बन्धित थानों को अवगत कराते हुए मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए पुलिस कार्यवाही की फीडबैक भी ली जाय। डायल 112 की प्रभाविकता को बढ़ाया जाय तथा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाय, MDT के रख रखाव पर ध्यान दिया जाय तथा MDT के टूट-फूट एवं खराबी हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय कर आवश्यक जांच करवाई जाय। यदि कोई कार्मिक अच्छा कार्य करता है तो कार्यों का रिकार्ड रखा जाय एवं उसका नाम पारितोषिक / पदक हेतु अग्रसारित किया जाय, साल भर की जरूरतों का आकलन कर अगले वित्तीय वर्ष हेतु बजट की माग समय से कर ली जाय। पुलिस कन्ट्रोल रूम काशीपुर / रिपीटर केन्द्र खटीमा का निरीक्षक / पुलिस उपाधीक्षक द्वारा उचित देखभाल एवं समय-समय पर निरीक्षण किया जाय।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने केन्द्रीय विमानन मंत्री से किया आग्रह

**देवेन्द्र कुमार जैन / NCR समाचार**



जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने यूक्रैन में पढ़ाई कर रहे बच्चों को भारत वापस लाने के लिये केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया से फोन पर चर्चा की है। केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने आश्वस्त किया है कि विदेश मंत्रालय से लगातार संवाद जारी है और अनुमति मिलते ही विमान यूक्रेन के लिये भेजा जायेगा। यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे सभी बच्चों को सकुशल वापस लाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने फोन पर बताया कि भारत सरकार लगातार हर स्थिति को देख रही है और बच्चों की सकुशल घर वापसी शीघ्र कराई जायेगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि अब तक जो जानकारी मिली है। उसके अनुसार मध्य प्रदेश के करीब 100 से अधिक छात्र यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं। सबसे अधिक छात्र इंदौर के हैं।

## 2 तस्करों से करीब 5 लाख रुपए कीमती 42 किलोग्राम गांजा व अल्टो कार जप्त

**देवेन्द्र कुमार जैन / NCR समाचार :**

विश्वसनिय मुखबिर के जरिये सूचना प्राप्त हुई की सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक म.प्र 04.एच सी.0223 से अवैध गांजा लिये मंडीदीप से गोलजोड़ होते हुये कोलार की तरफ आ रही है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके दिशा निर्देश पर पुलिस टीम ने रवाना होकर गोल जोड चौराहा कोलार रोड भोपाल पर पहुंचकर वाहन क्रमांक म.प्र 04.एच सी.0223 की चैकिंग व तलाश हेतु नाकेबंदी कि जो वाहन क्रमांक म.प्र 04. एच सी.0223 मंडीदीप रोड तरफ से आते दिखी वाहन को रोककर चेक करने पर दो व्यक्ति बैठे मिले उनसे पुछताछ करने पर एक ने अपना नाम दिनेश ठाकुर पिता माँगीलाल ठाकुर उम्र 41 साल नि 89 बार्ड नम्बर 3 नयापुरा सोडलपुर तहसील गोहरगंज जिला रायसेन दुसरे ने अपना नाम शुभम ठाकुर पिता दिनेश ठाकुर उम्र 20 साल नि 89 बार्ड नम्बर 3 नयापुरा सोडलपुर तहसील गोहरगंज जिला रायसेन का होना बताया बाद मे कार की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में गैस किट की टंकी के अन्दर खाखी रंग के टेप मे लिपटे हुये 20 नग पैकेट मिलने पर संदेहीयो से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया की पैकेट में अवैध गांजा है, वाहन तलाशी का पंचनामा तैयार किया गया तथा संदेही दिनेश ठाकुर एवम शुभम ठाकुर के पास से वाहन क्रमांक म.प्र 04.एचसी 0223 में मिले 20 पैकेटो को खोलकर देखा और चैक किया तो मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे मौके पर 42 किलो अवैध गांजा जप्त किया गया तथा अपराध में प्रयुक्त सफेद अल्टो कार क्र.म.प्र 04.एचसी 0223 तथा एक नोकिया कंपनी का मोबाईल जप्त किया गया।

# कोविड-19 टीकाकरण मे धर्म गुरूओं की भूमिका

**सजंय पंवार / NCR समाचार**

बाड़मेर धर्म अधारित गुरूओं के साथ में कोविड-19 टीकाकरण कुपोषण और बाल अधिकारां के मुददो पर होटल कलिंगा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रजनन एंव शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रीत मोहिन्द्र सिंह ने सभी धर्म गुरूओं को एक स्पष्ट संदेष में बताया कि हमसब धर्म गुरूओं से आज एक अच्छे समाज में निवास करते है। समाज के निर्माण के लिये धर्म गुरूओं की अहम भुमिका हमेषा से रही है आप सब से हम मिलकर बाड़मेर को कोराना-19 मुक्त बनाने में सफल हो पायेगे। आप सबका सहयोग ऐसे ही नियमित हमे मिलना चाहिये ऐसी अपील करता हु। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एस.एम.ओ डा. प्रंकज सुथार ने बताया कि हमारे समाज मे धर्म गुरूओं की अहम भुमिका होती है,




साथ ही कोराना वैक्सिनैषन का परिचय और उसके महत्व पर जोर दिया और सब मिलकर समाज के बच्चो और वंचित लोगो को कोविड-19 टीकाकरण से कैसे लांभान्वित करवा सकते हैं जिसके लिये समाज आपके साथ में अच्छे से जुडाव करके चलता है आपकि आवाज को आगे पुरे समाज तक पहुचती है। जिला आशा कोर्डिनेटर राकेश भाटी ने बाल विवाह और टीकाकरण पर धर्म गुरूओं के साथ में पुर्ण रूप से सहयोग करने पर समझाया और आगे भी अच्छे मिलकर कार्य करने के लिये आस्वास्त किया। पुलिस विभाग के सीओ साहब आनन्द पाल सिंह सर ने समाज में बाल विवाह, बाल अपराध पोक्सो कानुन बाल श्रम जैसे कानुन पर अच्छे से विस्तृत रूप से बताया और सभी धमों के गुरूओं के सवालों का जवाब दिया और सभी धर्म गुरूओं के सहयोग से अच्छे समाज को निर्माण करने की अपील की। वल्ड विजन इडिया के एडीपी मैनेजर बिनित बाख्ला ने बाल विवाह और बाल अपराध को लेकर धर्म गुरूओं को कैसे साथ में चलते हुऐ बाल विवाह, बाल अपराध, बाल श्रम जैसे सभी मुददो पर समाज को आसानी से शामिल किया जा सकता है। जिसमें नेहरू युवा केन्द्र के सचिन पाटोदिया ब्रहमा कुमारी से बहन बबिता जी वात्सल्य केन्द्र से सत्य सिद्धा जी हाजी लाल मोहम्मद जी मंजुर कुरेषी जी भवानीसिंह जी अभय नाथजी सुषिल सिंह जी नानक गुरू दवारा मनीष कुमार, राजेष कुमार, संजय गायकवाड़, जी अम्बेडकर दिलिप कुमार, अभिमन्यु कुमार, धमेन्द्र, थोमस इब्राहम, स्वास्थ्य विभाग एंव वल्ड विजन की सम्पुर्ण टीम का सहरानीय सहयोग रहा। कोविड-19 वैक्सिनेषन प्रोजेक्ट क्रोर्डिनेटर लालचन्द पंवार ने सभी सहभागियों को मिटिंग में स्वागत के साथ में परिचय करवाया।

# सीएम चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

देवेन्द्र कुमार जैन / NCR समाचार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने प्रस्तावित नर्मदा एक्सप्रेस-वे को मध्य प्रदेश में नर्मदा प्रगति पथ के रूप में स्वीकृति दी। साथ ही प्रदेश में नर्मदा एक्सप्रेस-वे के एकरेखण प्रस्ताव अनुसार विभिन्न खण्डों में मार्ग की श्रेणी, चौड़ाई एवं प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ने के लिये फीडर रूटस के निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन एवं भारत शासन से समन्वय कर स्वीकृति प्राप्त करने के लिये लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। साथ ही नर्मदा प्रगति पथ पर औद्योगिक क्षेत्रों के विकास कार्यों के वित्त पोषण एवं निवेश प्रोत्साहन के उददेश्य से कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन करने के लिये औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को अधिकृत किये जाने का अनुमोदन किया गया। प्रस्तावित नर्मदा एक्सप्रेस-वे के एकरेखण कबीर चबूतरा (अमरकंटक) से प्रारंभ होकर डिंडोरी, जबलपुर, औबेदुल्लागंज, बुधनी, नसरुल्लागंज, संदलपुर, करनावद, इंदौर, धार, सरदारपुर, झाबुआ (म.प्र./गुजरात सीमा) तक प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 906 कि.मी है। प्रस्ताव अनुसार कबीर चबूतरा से डिण्डोरी तक 76 कि.मी. 2 लेन, डिण्डोरी से जबलपुर 155 कि.मी 2 लेन, जबलपुर बायपास ग्रीनफील्ड 18 कि.मी. 4 लेन, जबलपुर से औबेदुल्लागंज 269 कि.मी. 4 लेन, औबेदुल्लागंज से बुधनी 32 कि.मी. 4 लेन, बुदनी-रेहटी-नसरूल्लागंज 53 कि.मी. 2 लेन, नसरूल्लागंज से संदलपुर 35 कि.मी. प्रस्तावित 4 लेन, संदलपुर से करनावद 60 कि.मी. 4 लेन, करनावद से इंदौर 33 कि.मी. 4 लेन और इंदौर, धार, झाबुआ, म.प्र./गुजरात सीमा 175 कि.मी. 4 लेन रखने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। नर्मदा प्रगति पथ के एकरेखण में प्रमुख क्षेत्रों जिसमें राष्ट्रीय



राजमार्ग के रूप में शहडोल से सागर टोला (अमरकंटक से 27 कि.मी पहले) 67 कि.मी. 2 लेन, रीवा से जबलपुर 212 कि.मी. 4 लेन, भोपाल से औबेदुल्लागंज 30 कि.मी. 4 लेन, हरदा से संदलपुर 29 कि.मी. 4 लेन, होशंगाबाद से बुदनी 6 कि.मी. 4 लेन, खण्डवा से इंदौर 125 कि.मी. 4 लेन, खरगोन से खलघाट (इंदौर) 52 कि.मी. 2 लेन, बड़वानी से ठीकरी (इंदौर) 53 कि.मी. 2 लेन, देवास से इंदौर 25 कि.मी. 6 लेन एवं राज्य मार्ग के रूप में हरसूद से हरदा 45 कि.मी. 4 लेन, रतलाम से लेबड (इंदौर) 90 कि.मी. 4 लेन और उज्जैन से इंदौर 45 कि.मी. 4 लेन को जोड़ने के प्रस्ताव का सैद्धांतिक अनुमोदन किया गया। मंत्रि, परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अंतर्गत पूर्व निर्मित 17 मार्गों पर अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से पाँच वर्ष तक उपभोक्ता शुल्क के संग्रहण को स्वीकृति प्रदाय की गई। इन 17 मार्गों पर प्रति किलोमीटर प्रति फेरा अनुसार पथकर दरें निर्धारित की गई हैं। हल्के वाणिज्यिक वाहन पर 1.4704 रूपये, ट्रक पर 3.6501 रूपये और मल्टी एक्सल ट्रक पर 7.2830 रूपये पथकर दरें निर्धारित करने की स्वीकृति दी गई है। उपरोक्त दरें प्रत्येक पथकर प्लाजा पर प्रत्येक वर्ष थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर बढ़ायी जायेगी तथा निकटतम पाँच रुपये तक पूर्णांकित की जायेंगी। यह वृद्धि प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये भारत सरकार द्वारा घोषित थोक मूल्य सूचकांक (WPI) की दर से एक सितम्बर से प्रभावी की जायेगी। इसके लिये 31 मार्च 2007 के थोक मूल्य सूचकांक को आधार लिया जाएगा। इन मार्गों पर भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार के समस्त यान जो सरकारी ड्यूटी पर हों, संसद तथा विधानसभा के पूर्व तथा वर्तमान सदस्यों के गैर व्यवसायिक यान, ऐसे समस्त यान जो भारतीय सेना की ड्यूटी पर हों, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, भारतीय डाक तथा तार विभाग के यान, कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की जाने वाली ट्रैक्टर ट्राली, आटो रिक्शा, दुपहिया वाहन तथा बैलगाडियाँ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार और इसके अतिरिक्त यात्री वाहन जैसे बस, कार, जीप इत्यादि को टोल से छूट प्रदान की जायेगी। इन 17 मार्गों पर वास्तविक टोल प्रारंभ होने के पूर्व निगम द्वारा यह प्रमाणित किया जावेगा कि मार्ग पर आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण कर लिये गये है एवं आगामी तीन वर्षों की सुधार/उन्नयन की कार्य-योजना तैयार की जाने की स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के लिए एमपी स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022 सह प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश का अनुमोदन किया गया। नीति अन्तर्गत स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेटर्स को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधा एवं सहायता तथा फेसिलिटेशन का प्रावधान किया गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा विकासखण्ड बडवाहा, जिला खरगोन में नवीन आईटीआई की स्थापना के लिये प्रस्तावित 19 प्रशिक्षकीय और 11 प्रशासकीय पदों को सृजन की स्वीकृति।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री कुंभा बाबा का विशाल भंडारा आयोजित



दीपक कौशिक / NCR समाचार

कोटपुतली बानसूर रोड स्थित मोहल्ला बड़ाबास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कुंभा बाबा का विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ली तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे में तन, मन से सहयोग किया एवं महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।

### पूर्व मंत्री के खिलाफ ईडी का शिकंजा

राम नारायण पाल / NCR समाचार

पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राकेश त्रिपाठी के ऊपर आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में ईडी प्रवर्तन निदेशालय ने अपना शिकंजा कस दिया है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर दिया गया है। वर्ष 2013 में मुट्ठीगंज थाने में विजिलेंस विभाग के इंस्पेक्टर रामसुभग जी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में संपत्ति रखने के मामले में मुकदमा लिखाया था। और प्रवर्तन निदेशालय ने उस FIR को आधार बनाकर केस दर्ज कर लिया है। विभाग की जांच में दो करोड़ 17 लाख से ज्यादा की संपत्ति पाई गई। जांच में 2007 से 2011 के दौरान संपत्ति को जुटाई थी उस समय उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी। सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर थे। वर्तमान में प्रयागराज के प्रतापपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाए गए हैं। जांच दल ने उनके निवास स्थान सैदाबाद के चौरा बडेरा में भी कई दिन तक जांच की थी।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक अभियान



दीपक कौशिक / NCR समाचार

कोटपुतली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अभियान के तहत जानकारी के अभाव में महिला संबंधी महिलाओं में होने वाली बीमारियों से निजात पाने हेतु समाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा एवम अभियान से जुड़ी हुईं महिलाओं के द्वारा विभिन्न गांवों में नारेहडा, पवाला, नवलकुसालपुरा में महलिओ को सैनेटरी पैड वितरित किए गए, एवम बीमारी से बचने के सुझाव दिए साथ ही मास्क का भी वितरण किया गया।

### सरकार द्वारा लगाए गलत आरोप के खिलाफ हरयाणा के पटवारियों ने किया धरना प्रदर्शन




नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

फरीदाबाद हरयाणा के सभी पटवारियों ने सरकार द्वारा लगाए गए गलत आरोप का विरोध करने के लिए बीते दिन फरीदाबाद सेक्टर 12 के लघु सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। एनसीआर समाचार संग बातचीत के दौरान पटवारियों के प्रधान ने इस बात की जानकारी दी कि किस तरह उन पर गलत बात के लिए दोषारोपण किया जा रहा है। प्रधान विक्रम पटवारी का कहना था की सरकार उन्हें उस गलती की सज़ा दे रही है जो उन्होंने की ही नहीं। इतना ही नहीं पिछले कई सालों से पटवारियों के वेतन को भी नहीं बढ़ाया गया। ग्रेजुएट होने के बावजूद भी उन्हें वो तनख्वाह दी जा रही है जो की एक 10 वीं और 12 वीं पास को दी जाती है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया की उनका उद्देश्य किसी भी तरह की मार पीट या दंगा फसाद का नहीं है, वो शांति से अपने इस धरना प्रदर्शन को 2 दिन तक जारी रखेंगे। इसके बाद भी अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जायेगा तो वे अपने एसोसियन के आदेश पर इस धरने को आगे भी जारी रख सकतें है।

### सही खान-पान के प्रति लोगों को जागरूक करने की हुई गतिविधिया

विपुल / NCR समाचार:




इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा ग्लेनमार्क फाउंडेशन के सहयोग से 11 से 18 फ़रवरी 2022 कुपोषण एव एनीमिया के स्तर पर व्यापक कमी लाने के लिए (कुपोषण छोड़ पोषण की ओर, थामे क्षेत्रीय भोजन की डोर) मुहिम शुरू की गई जिसे गांव-गांव लोगों के घर-द्वार तक पहुंचाने का कार्य किया गया। यह मुहिम बद्दी के गांव हररायपुर व संधोली में, नालागढ़ के गांव राजपुरा व ढंग उपरली में, बरोटीवाला के गांव लोअर बटेर में और चंडी के गांव कैंडोल, कैंठा व कैथलोह में लोगों के घर-द्वार, समूह बैठको, पोषण पर चर्चा, नुक्कड़ नाटक, बच्चो का वजन लेकर कुपोषण का आकलन, हैल्थ कैंप सहित कई गतिविधियो का आयोजन किया गया। जिसमे आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा, पंचायत प्रतिनिधियो ने अहम भूमिका निभाई। डाक्टर अंजली गोयल द्वारा महिलाओ को प्रसव पूर्व जांच, गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, स्वच्छता एव साफ-सफाई के संबंध मे बताया गया।

## तमिलनाडु शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव में वोट देने से पहले, इस चुनाव में वोट देने के लिए इन दस्तावेजों का होना होगा अनिवार्य

अंशुप्रिया / NCR समाचार

तमिलनाडु में 21 निगमों, 138 नगर पालिकाओं और 490 नगर पालिकाओं में कुल 12,838 वार्ड सदस्य पदों के लिए शहरी स्थानीय निकाय चुनाव आज एक ही चरण में होने है। चुनाव प्रचार कल शाम 6 बजे समाप्त हो गया, क्योंकि चुनाव आचार संहिता के अनुसार, सभी चुनाव प्रचार रैलियों और राजनीतिक दलों की रैलियों को चुनाव से 48 घंटे पहले समाप्त होना चाहिए। बता दे की मतदान सुबह 07 बजे से शुरू होकर शाम 06 बजे तक चलेगा। पिछले एक घंटे से सिर्फ कोरोना की बीमारी वाले लोगों को ही वोट डालने की व्यवस्था की गई है, आज डाले गए सभी वोटों की गिनती 22 तारीख को होगी और नतीजे घोषित किए जाएंगे। बिना प्रतियोगिता के 218 उम्मीदवारों का चयन होने से 12 हजार 607 पदों के लिए 57 हजार 778 उम्मीदवार मैदान में है। मतदान जल्द ही शुरू होने के साथ, सुरक्षा के उपाय भी किए गए हैं। इस चुनाव में, मतपत्र डालने के लिए किन दस्तावेजों का उपयोग किया जा सकता है, इसका विवरण प्रदान किया गया है। आयोग ने घोषणा की है, कि



चुनाव देने के लिए आधार कार्ड, महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का वर्क कार्ड, फोटो वाला बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता कार्ड, और मेडिकल इंश्योरेंस, स्मार्ट कार्ड, सहित वे दस्तावेज वोट देने के योग्य माने जाते है। इसी तरह यह घोषणा की गई है कि लोग अपना ड्राइविंग लाइसेंस, बैन कार्ड, नेशनल रजिस्ट्रेशन ऑफ पीपल के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट और पेंशन के दस्तावेज फोटो के साथ दिखाकर वोट कर सकते है। इसके अलावा, यह घोषणा की गई है कि कार्यकर्ता 11 दस्तावेजों में से कोई भी प्रदर्शित करके मतदान कर सकते है।

## पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रीमियम जमा किए दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा

साकिर खान / NCR समाचार



संजय काण्डपाल, जोनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक देहरादून जोन द्वारा रक्षक प्लस योजना के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले जनपद रूद्र प्रयोग में तैनात उपनिरीक्षक पवन कुमार की पत्नी श्रीमती रानी भारद्वाज को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से 30 लाख रूपए का चेक दिया गया। DGP Sir ने बताया कि वर्ष 2019 में उत्तराखण्ड पुलिस कर्मियों के लिए एक बड़े कल्याणकारी कदम के रूप में उत्तराखण्ड पुलिस तथा पंजाब नेशनल बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकज के लिए समझौता (MOU) किया गया था, जिसके अन्तर्गत जिन पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का वेतन पंजाब नेशनल बैंक में आहरित हो रहा है। उनको रक्षक प्लस योजना के अन्तर्गत बिना प्रीमियम जमा किए दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2019 से अब तक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 13 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है। पुलिस सैलरी पैकज के अन्तर्गत ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ भी वर्ष 2018 में समझौता (MOU) किया गया था, जिसके अन्तर्गत बिना प्रीमियम जमा किए दुर्घटना आदि में मृत्यु होने पर 25 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा था। वर्ष 2021 में (MOU) का नवीनीकरण कर इस बीमा कवर को बढ़ाकर 50 लाख रूपए कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2018 से अब तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 07 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है। पुलिस सैलरी पैकज योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 20 पुलिसकर्मियों के आश्रितों को बीमा कवर की राशि प्रदान की गयी है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज का 392वां वर्षगांठ, इतिहास और महत्व

अंशुप्रिया / NCR समाचार

छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा महाराष्ट्र की सीमाओं को पार करती है और पूरे भारत को पूरा करती है। भारत में मुगल शासन के दौरान मराठा साम्राज्य को पुनर्जीवित करने में उनके प्रयासों और योगदान को अच्छी तरह से प्रलेखित किया गया है। उनकी महानता के किस्से अनेक है जिनमें मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ उनका झगड़ा, बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान की वाघ नख (बाघ के पंजे) से हत्या, और फलों की टोकरी में जेल से उनके भागने की कहानियां बार-बार सुनाई जाती हैं और आज हम महान मराठा राजा का 392वां जन्मदिन मना रहे हैं। शिवाजी जयंती, जो शिवाजी महाराज की जयंती है, 19 फरवरी को आयोजित की जाती है और इस वर्ष शनिवार को पड़ रही है। शिवाजी जयंती



शिवाजी महाराज के जन्म के उपलक्ष्य में एक महाराष्ट्रीयन त्योहार है। इस दिन, राज्य में सार्वजनिक अवकाश होता है। यह दिन आमतौर पर जोश और गर्व के साथ मनाया जाता है। छत्रपति शिवाजी क्यों प्रसिद्ध हैंः शिवाजी महाराज का नाम देशी देवी शिवई के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने अपनी माँ को पुत्र की इच्छा दी थी। मराठा राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज को उनके प्रशासन, साहस और युद्ध कौशल के लिए जाना जाता है। वह अपनी मराठा सेना के माध्यम से गुरिल्ला लड़ने की तकनीक पेश करने वाले पहले व्यक्ति थे। अपने बढ़ते वर्षों के दौरान मराठा राज्य में गिरावट के साथ, उन्होंने मुगल शासन और दक्कन सल्तनत को सफलतापूर्वक एक समृद्ध मराठा साम्राज्य खोजने के लिए चुनौती दी। औरंगजेब के साथ उसकी लड़ाई जगजाहिर थी। औरंगजेब कभी भी साहसी नायक को अपने अधीन नहीं कर पाया। शिवाजी ने मायाल, कोंकण और देश क्षेत्रों के मराठा प्रमुखों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शिवाजी ने अदालत और प्रशासन में मराठी और संस्कृत जैसी क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को भी बढ़ावा दिया और अपने समय की सामान्य भाषा फारसी को छोड़ दिया। त्योहार का इतिहास और महत्व क्या हैः महात्मा ज्योतिराव फुले ने 1870 में शिवाजी जयंती की स्थापना की। शिवाजी महाराज के मकबरे की खोज महात्मा ज्योतिराव फुले ने पुणे से लगभग 100 किलोमीटर दूर रायगढ़ में की थी। पहला शिवाजी जयंती समारोह पुणे में आयोजित किया गया था। बाद में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने इसे बढ़ावा देकर और शिवाजी महाराज की उपलब्धियों को आम जनता के सामने उजागर करके त्योहार को और अधिक लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं महाराष्ट्र में, शिवाजी जयंती एक राज्यव्यापी अवकाश है जिसे बहुत धूमधाम और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन मराठों का समृद्ध और विविध सांस्कृतिक इतिहास भी मनाया जाता है। महान नेता के योगदान के महत्व को बड़ी संख्या में लोगों द्वारा नृत्य और नाटकों के रूप में याद किया जाता है।

## शनिवार की सुबह जम्मू कश्मीर में हुई पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़



नमिता चौहान / एनसीआर समाचार

शनिवार की सुबह जम्मू कश्मीर में बड़ी दर्दनाक रही। बता दें की आज सुबह सुबह ही अचानक से जम्मू कश्मीर में गोलियों की बारिश शुरू हो गई। आज की ये मुठभेड़ पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ आतंकियों की थी। इस मुठभेड़ में एक आतंकी के मारे जाने की खबर सामने आ रही है लेकिन अभी तक इस बात पर आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं हुई है। आतंकियों की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम ने चारों तरफ से आतंकियों को घेर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच की जंग अभी जारी है। कश्मीर जोन पुलिस ने एकाउंटर के बारें में बताया। इससे पहले भी बीते शुक्रवार को श्रीनगर के नौहट्टा क्षेत्र में आतंकियों ने ग्रेनेड हमला किया। इस हमले में पुलिस का एक जवान जख्मी हुआ।

## आजादी का अमृत महोत्सव स्वर्णिम भारत बनाने में मीडिया के योगदान को लेकर भव्य स्वागत का कार्यक्रम रखा



अंसार खान / NCR समाचार

बरेली तहसील के निकट ग्राम धोखेड़ा में बने ओम शांति भवन प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बरेली धोखेड़ा में अनोखी पहल आजादी का अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत बनाने में मीडिया के योगदान को लेकर ब्रह्माकुमारी आश्रम में समस्त मीडिया कर्मियों का भव्य स्वागत का कार्यक्रम रखा ब्रह्मकुमारी आश्रम में डॉ.रीना दीदी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्मकुमारी भोपाल के बीके रविंद्र भाई जी ब्रह्मकुमारी भोपाल के द्वारा मीडिया कर्मियों का कोरोना जैसी बीमारी से जनता के साथ प्रशासन के अधिकारियों के साथ योगदान को लेकर सम्मान कार्यक्रम सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 21 फरवरी सोमवार को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओम शांति ब्रह्मा कुमारी आश्रम की बहनों द्वारा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

## प्लास्टिक गांव से लेकर शहर तक लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है

विपुल / NCR समाचार

ग्लेनमार्क के जाय ऑफ गिविंग फेस्टिवल के अंतर्गत हर साल की तरह इस बार भी CSR के तहत बद्दी व नालागढ़ प्लांट के कर्मचारियों द्वारा इको फ्रेंडली हैंड मेड बैग्स बनाए गए, जिसका उद्देश पॉलीथीन के बढ़ते हुए उपयोग के भयानक प्रभाव से लोगो को अवगत करवाया जा सके और साथ ही साथ कंपनी के सभी कर्मचारियों ने प्लास्टिक के लिफाफों को इस्तेमाल न करने की शपत भी ली।

IGD के परियोजना अधिकारी बलजिंद्र सिंह ने बताया। पॉलीथीन और प्लास्टिक गांव से लेकर शहर तक लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। शहर का ड्रेनेज सिस्टम अक्सर पॉलीथीन से भरा मिलता है। इसके चलते नालिया और नाले जाम हो जाते है। इसका प्रयोग तेजी से बढ़ा है। प्लास्टिक के गिलासों मे चाय या फिर कोलड्रिंक का सेवन करने से उसका केमिकल लोगों के पेट में चला जाता है। इससे डायरिया के साथ ही अन्य गंभीर बीमारियां होती है। पॉलीथीन का बढ़ता हुआ उपयोग न केवल वर्तमान के लिए बल्कि भविष्य के लिए भी खरतनाक होता जा रहा है। ग्लेममार्क प्लांट हेड सुनील सोनी ने बताया की पहले हम सब बाजार जाया करते थे तो साथ में कपड़े का थैला साथ लेकर जाते थे किंतु उसके स्थान पर आज पॉलीथीन का उपयोग किया जा रहा है। ग्लेममार्क के अकाउंट मेनेजर सुरेंद्र कपूर ने बताया की हिमाचल प्रदेश में पॉलीथीन पर पतिबंध है, बाबजूद इसके दुकानदार चोरी छुपे




पॉलीथीन का प्रयोग करते पाए जाते हैं और लोग भी इसके इस्तेमाल के नुकसान को जानने के बाद भी जागरुक नही होते। ग्लेनमार्क जाय ऑफ गिविंग फेस्टिवल के अंतर्गत बद्दी व नालागढ़ दोनो प्लांटो से 1000/1000 बैग्स बनाए गए और उन्हें IGD के माध्यम से रेडी फेरी वाले लोगों को वितरीत किए गए।

### भरतपुर गांव के ज्ञानी नंगला का बयाना निवासी देवेंद्र गुर्जर जी के शहीद होने की खबर सामने आई है

साकिर खान / NCR समाचार



भरतपुर जिले से बहुत बड़ी खबर राजस्थान से गांव ज्ञानी का नगला से खबर है, भरतपुर जिले के गांव ज्ञानी का नंगला बयाना निवासी देवेंद्र गुर्जर जी के शहीद होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है की शहीद देवेंद्र गुर्जर जी की आत्मा को देश के हीर्दय मे स्थान एवं परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## संक्षिप्त समाचार

### रैण्डमाईज़ेशन प्रक्रिया में अधिकारी / जिलाधिकारी के साथ अन्य लोग भबि मौजूद रहे



**साकिर खान / NCR समाचार**

आज कलेक्ट्रेट NIC केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश के द्वारा आगामी 23 फरवरी को होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु सप्लिमेंट्री EVM और VVPAT मशीनों का विधानसभा वार रैण्डमाईज़ेशन मा0 प्रेक्षकगणों व समस्त प्रत्याशियों, अभिकर्ताओं, राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया गया। सप्लिमेंट्री EVM और VVPAT मशीनों का रैण्डमाईज़ेशन का विवरण निमन्वत है। मलिहाबाद विधानसभा में 11 बैलट यूनिट, 11 कंट्रोल यूनिट और 18 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, बक्शी का तालाब में 23 बैलट यूनिट, 28 कंट्रोल यूनिट और 28 VVPAT यूनिट का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, सरोजनीनगर में 12 बैलेट यूनिट, 17 कंट्रोल यूनिट और 22 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, लखनऊ पश्चिम में 7 बैलेट यूनिट, 17 कंट्रोल यूनिट और 19 VVPAT यूनिट का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, लखनऊ पूर्व में 14 बैलेट यूनिट, 15 कंट्रोल यूनिट और 18 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया। लखनऊ उत्तर में 44 बैलेट यूनिट, 51 कंट्रोल यूनिट और 59 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, लखनऊ मध्य में 5 बैलेट यूनिट, 14 कंट्रोल यूनिट और 12 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, लखनऊ कैंट में 4 बैलेट यूनिट, 8 कट्रोल यूनिट और 15 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया, मोहनलालगंज में 9 बैलेट यूनिट, 11 कंट्रोल यूनिट और 13 VVPAT का रैण्डमाईज़ेशन किया गया। रैण्डमाईज़ेशन प्रक्रिया में ज़लिा निर्वाचन अधिकारी के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमरपाल सिंह, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर्स, NIC सूचना विज्ञन अधिकारी व प्रत्याशी व उनके एजेंट उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के संगठन चुनाव का कार्यक्रम घोषित, 20 अगस्त तक PCC को नया अध्यक्ष मिलेगा




**देवराम ठाकुर / NCR समाचार**

भोपाल अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के संगठन चुनाव के पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए चुनाव होने वाले है। PCC के संगठन चुनाव कराने के लिए AICC से भेजे गए प्रोविंशियल रिटर्निंग ऑफीसर (PRO) रामचंदर खुंटिया ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है जिसके मुताबिक प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष 20 अगस्त के पहले तय हो जाएगा। PRO खुंटिया ने चुनाव कार्यक्रम घोषित करते हुए बताया कि 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके पहले राज्यों के जिला और प्रदेश इकाइयों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होना है। मध्य प्रदेश में 21 जुलाई से 20 अगस्त 2022 के बीच प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कर लिए जाने का कार्यक्रम बनाया गया है। चुनाव का कार्यक्रम घोषित करते हुए खुंटिया ने अपने सहयोगी एपीआरओ चक्रवर्ती शर्मा, तरुण त्यागी और क्रांति शुक्ला को जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। शुक्ला के पास ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड के 25 जिलों का प्रभार रहेगा तो त्यागी के पास भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा, जबलपुर सहित 22 जिलों का प्रभार दिया गया है। चक्रवर्ती शर्मा के पास उज्जैन, मंदसौर, इंदौर, धार, झाबुआ सहित 21 जिलों का प्रभार है। PCC के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 31 मार्च तक सदस्यता का काम चलेगा और इसके बाद एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक चुनाव में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। 16 अप्रैल से 31 मई के बीच अध्यक्ष और प्राथमिक समितियों की कार्यकारिणी और ब्लॉक कमेटियों का चुनाव होगा। ब्लॉक कमेटी द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारणी कमेटी तथा PCC के एक सदस्य का चुनाव होगा। दूसरे चरण में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का चुनाव 1 जून से 20 जुलाई के बीच होगा। 21 जुलाई से 20 अगस्त के बीच PCC जनरल बॉडी द्वारा पीसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,सी कोषाध्यक्ष और PCC कार्यकारिणी तथा एआईसीसी सदस्यों का चुनाव होगा।

### गाँव के विकास के लिए लोगो ने आंदोलन करने की दी धमकी

**तडवी अर्जुन भाई / NCR समाचार**




छोटा उदेपुर जिला के बोडेली तालुका नाना कांटवा गवसे ग़ज़ल के जुड़ाव में नहर जाती है। बड़े-बड़े नाले हो चुका है लेकिन इस मैं कोई आधिकारिक नहीं ध्यान देते हैं। किसानों खेतों में पानी ले जाने में बहुत ही परेशानी होती है। जीला अधिकारी को लिखित में दिया गया है। तब भी यंहा इंसान की कोई नहीं सुनता। सुखी जलासय दुगरवाट गांव में बड़ा संघ है। वहीं से सभी किसानों को पानी दिया जाता है। नहर पुरी तरह घूम चुकी है। वाघवा, ढलकि, सुसंस्कार, कोई गांव में पानी न मिलने पर किसान नाराज हो चुके है। किसानो का कहना है की अगर यहाँ का काम नहीं हुआ तो हम सभी किसान मिलकर आन्दोलन करेंगे। जल्द से जल्द ऐ काम पूरा होना चाहिए ऐसी हमारे मांग है।

# अहमदाबाद बम विस्फोट मामले में दोषियों को सजा सुनाई गई

## 38 को मौत और 11 को जीवन भर के लिए जेल

**अंशुप्रिया / NCR समाचार**



गुजरात के अहमदाबाद में 2008 में हुए सीरियल बम धमाकों में दोषियों को दोषी ठहराया गया। सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश एआर पटेल ने 49 दोषियों में से 38 को मौत की सजा सुनाई है। 11 अन्य गुनाहगारो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।दोषसिद्धि पर बहस पूरी होने के बाद विशेष अदालत ने फैसले को बरकरार रखा। अभियोजकों ने सभी दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग की, जबकि आरोपी के वकीलों से न्यूनतम सजा की मांग की गई। न्यायाधीश एआर पटेल ने 08 फरवरी को सभी 49 आरोपियों को दोषी ठहराया था। अदालत ने 77 में से 28 आरोपियों को बलि कर दिया था। इसलिए सभी की निगाहें इन 49 आरोपियों को दी जाने वाली सजा पर टिकी थीं। अदालत के मुताबिक 38 लोगों को मौत की सजा और 11 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। 2008 में अहमदाबाद में एक चेन बम विस्फोट हुआ था। विस्फोट में कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। बम वर्षक 26 जुलाई, 2008 को मारा गया। 26 जुलाई 2008 को सिलसिलेवार 21 बम धमाकों ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। इससे पहले 2 फरवरी को फैसला आने की उम्मीद थी। लेकिन जस्टिस एआर पटेल को कोरोना हो गया। इसलिए तारीख को 8 फरवरी तक के लिए टाल दिया गया। उसके बाद 8 फरवरी को सभी को दोषी करार दिया गया। 26 जुलाई 2008 को महज एक घंटे में 21 बम फट गए।

## जय हिन्द जनसेवा फ़ाउंडेशन गाँव सेका में लगाएगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**योगेंद्र पाल / NCR समाचार**

जय हिन्द जनसेवा फ़ाउंडेशन NGO के संस्थापक और अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि आने वाली 20 फ़रवरी रविवार को गाँव सेका के सरकारी स्कूल में सुबह 10 से 1 बजे तक फ़ाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप व परामर्श कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर व दंत चिकित्सक मौजूद रहेंगे। यहाँ लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, दाँतों की जाँच, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व अन्य जाँच की जाएगी व उचित परामर्श, इलाज और दवाइयाँ दी जाएँगी। ज़रूरत पड़ने पर निःशुल्क अथवा बहुत रियायती दरों पर इलाज भी संस्था द्वारा करवाया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन मोबाइल नंबर 87084 35944 और 99827 57120 पर पहले करा सकते हैं अन्यथा कैंप के स्थान पर भी आ सकते है। कैम्प में गुरुग्राम से डॉक्टर हिमांशु शर्मा, डॉक्टर विनय, डॉक्टर शशि राव, डॉक्टर तनुश्री व अन्य मेडिकल स्टाफ़ उपस्थित रहेंगे। यतेंद्र राव का कहना है कि उनकी संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की मदद करना है जो किसी कारणवश अपने इलाज का ख़र्चा नहीं उठा पाते हैं व बड़े अस्पतालों में नहीं जा पाते हैं। संस्था इससे पूर्व भी अनेकों मेडिकल कैंप लगा चुकी है तथा कोविड में लोगों की मदद के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री ने संस्था को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया था। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक हुई जिसमें प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष व भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष यतेंद्र राव व पदाधिकारी मंजीत यादव नांगल सिरोही, पंकज सेका, मनोज सेकवाल, पंकज अग्निहोत्री व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समाज के सैकड़ों सेवाभावी सदस्यों ने ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ संत रविदास जी की जयंती मनाई गई


**अंसार खान / NCR समाचार**




नवीन टॉकीज चौराहे पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में अनुसूचित जाति के राज्य शासन के सदस्य प्रदीप अहिरवार की अध्यक्षता में रविदास समाज के सैकड़ों सेवाभावी सदस्यों ने ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ संत रविदास जी की जयंती मनाई गई, सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र सिंह पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप जी अहिरवार के साथ मंच पर उपस्थित वरिष्ठ जनों के द्वारा संत रविदास जी की मूर्ति पर फूल माल्यार्पण किया और कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कराई गई इस कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक देवेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि रविदास जी के आदर्श हमेशा जीवित हैं और सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए उनके सिद्धांत उनके विचार उनके भाव सभी के मनोभाव में विराजमान हैं और रविदास समाज के लोग हमेशा सेवा भाभी और कर्तव्य पथ पर चलकर देश सेवा में अग्नि रहते हैं आयोजन कर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई इस कार्यक्रम के सूत्रधार पोहप सिंह जी चौधरी हेमंत चौधरी सहित सामाजिक लोगों के द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्य कराया गया है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप जी ने भी अपने उद्बोधन में रविदास जी के विचारों पर प्रभाव डाला आयोजन कर्ताओं के द्वारा सभी अतिथियों का फूल माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया।

## ऋतिक रोशन ने अपने दुर्लभ ब्लड ग्रुप टाइप की कमी वाले अस्पतालों के बारे में जानने के बाद रक्तदान किया

**अंशुप्रिया / NCR समाचार**



शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जब ऋतिक रोशन सुर्खियों में न आए हों। अभिनेता या तो अपनी शर्टलेस तस्वीरे, अपनी स्टाइलिश मीडिया स्पॉटिंग, अपने एक्शन से भरपूर प्रोजेक्ट्स और क्या-क्या नहीं के लिए चर्चा में रहते है। आज कोई अपवाद नहीं था। रक्तदान के अपने नेक कार्य के लिए अभिनेता ने हमारा ध्यान अपनी ओर किया। जी हाँ, ऋतिक ने आज रक्तदान किया और उन्होंने सीधे अस्पताल से एक फोटो शेयर की है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर यह साझा करने के लिए लिया कि उन्हें हाल ही में पता चला है कि उनका रक्त समूह बी-नेगेटिव एक दुर्लभ प्रकार है और अस्पताल आमतौर पर इसकी कमी रखते हैं। इस प्रकार, ऋतिक ने अपना हिस्सा करने का फैसला किया और कोकिलाबेन अस्पताल में रक्तदान किया। अभिनेता को बाएं हाथ पर पट्टी बांधकर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए देखा गया। उन्होंने डॉक्टरों के साथ पोज दिए और उन्हें अपने कैप्शन में धन्यवाद दिया। ऋतिक ने अपनी पोस्ट में कहा कि मुझे बताया गया कि मेरा ब्लड ग्रुप बी-नेगेटिव एक दुर्लभ प्रकार का है। अस्पताल अक्सर इसकी कमी महसूस करते हैं। बहुत महत्वपूर्ण ब्लड बैंकों का एक महत्वहीन हिस्सा होने का संकल्प लिया। कोकिलाबेन अस्पताल ने मुझे योगदान करने की अनुमति दी। धन्यवाद, डॉ राजेश सावंत, डॉ रईस, अहमद, और डॉ प्रज्ञा त्रुटिहीन, देखभाल और व्यावसायिकता के लिए। पीएसः क्या आप जानते हैं कि रक्तदान वास्तव में दाताओं के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है? ऋतिक को गहरे हरे रंग की टी-शर्ट के साथ डेनिम जींस पहने देखा गया। उन्होंने बेसबॉल कैप और चश्मे के साथ दिन के अपने कैजुअल लुक को पूरा किया। अभिनेत्री सबा आजाद के साथ स्पॉट किए जाने के बाद से ऋतिक पिछले कुछ हफ्तों से चर्चा में हैं। दोनों को एक रेस्तरां से हाथ पकड़े हुए देखा गया और वायरल वीडियो ने डेटिंग अफवाहों को जन्म दिया। ऋतिक ने अभी तक इन अफवाहों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## पीलीकोठी से अंबेडकर तिराहा तक बनेगी स्मार्ट रोड फेस-2 के संबंध में नागरिकों ने दिए सुझाव

**मुकेश हरयाणी / NCR समाचार**




सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड पीलीकोठी से कगदयाऊ घाटी, डिम्पल पेट्रोल पंप, अप्सरा अंडरब्रिज होकर अंबेडकर तिराहा तक सुव्यवस्थित सड़क का निर्माण करेगी। यह सड़क 18 से 24 की.मी तक चौडी होगी। सोमवार को सांसद श्री राजबहादुर सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक SSLC श्री आरपी अहिरवार और स्मार्ट सिटी सीईओ श्री राहुल सिंह राजपूत की उपस्थिति में इस सडक के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्माण एजेंसी और पीएमसी ने इस सडक की ड्राइंग-डिजाइन का प्रस्तुतिकरण दिया। बताया गया कि यह सडक पीलीकोठी से कगदयाऊ घाटी, डिम्पल पेट्रोल पंप होकर अप्सरा अंडरब्रिज तक 18 मीटर चौडी बनाई जाएगी। इसमें पार्किंग, पाथवे, रोड साइड ग्रीनरी और स्ट्रीट फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद अप्सरा अंडरब्रिज से अंबेडकर तिराहा तक 24 मीटर चौडी सड़क बनेगी। यहां एक मीटर चौडा डिवाइडर, 7.7 की.मी चौडे कैरिज-वे, 2.2 मीटर चौडे पाथवे और दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर चौडाई में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। यहां भी उपलब्ध जगह के हिसाब से ग्रीनरी और टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद नागरिकों ने इस सडक के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सांसद श्री राजबहादुर सिंह ने कहा कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि सडक की ऊंचाई ज्यादा न बढे, बार-बार सड़क बनने से इसकी ऊंचाई बढती जाती है और लोगों के मकान सड़क से नीचे हो जाते हैं। विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने कहा कि बेवजह ऊंचाई न बढे इसके लिए सड़क का प्रोफाइल करेक्शन करना होगा। इसके अलावा वहां के नागरिकों और व्यवसायियों की सुविधा को ध्यान में रखना है इसीलिए उन्हें आमंत्रित कर सुझाव लिए जा रहे हैं। नगर-निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक SSLC श्री आरपी अहिरवार ने बताया कि यह सड़क अल्ट्राथिन वाइट टॉप बनाई जा रही है। इससे सड़क की ऊंचाई ज्यादा नहीं बढ़ती। उन्होंने बताया कि आवश्यकता अनुसार प्रोफाइल करेक्शन करने का प्रावधान भी किया गया है।

## बरेली आबकारी विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**अंसार खान / NCR समाचार**



बर्षो से अतिक्रमण की चपेट मे आबकारी विभाग की भूमि पर तथाकथित लोगो ने अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण कर लिये है। अनेको वार यह भूमि जांच के दायरे मे आयी पर रफादफा कर दी गयी। अन्तत नगर षरिषद के द्वारा पंप हाउस एवं रेहवासियों के लिए सी-सी रोड का निर्माण भी कराया है, यह भूमि शरद राय को आवंटित कर किराये पर दे दिया गया। तहसील दार संतोष विटोलिया एव. आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि खसरा क्र.177 का भू-भाग जिसका क्षेत्रफल 3600 वर्गफिट है कस्टम विभाग के व्दारा आबकारी विभाग को दी गयी थी। उस पर कुछ लोगो ने पक्का निर्माण कर के कब्जा जमा लिया है। तहसीलदार ने बताया अतिक्रमणकारियो को नोटिस देकर वास्तविक स्थिति को देखा जायेगा उसके वाद सही पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के ऐसे कई मामले नगर मे है शहीद स्मारक, पुराना पुलिस विभाग का सी आई बंगला, A.D.I आफिस शिक्षा विभाग, वारना कालोनी, आदि जो अधिकारियो की लापरवाही को उजागर करते है। वाइट 1 बरेली तहसीलदार संतोष भटौलिया वाइट 2 आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा।

## SHO सुरेश कुमार मिश्रा द्वारा 3,70,000 की लूट का खुलासा


**शाहवाज़ हुसैन ख़ान / NCR समाचार**




हरदोई शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा व उनकी पुलिस टीम द्वारा 17.02.2022 को शातिर गिरोह के एक अपराधी अलाउद्दीन पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम टूर्मुकी थाना मझिला जनपद हरदोई को शाहाबाद ग्राम नौरोजपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में उपयुक्त एक तमंचा 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस घटना में प्रयोग एक मोटरसाइकिल अपाचे लाल रंग बिना नंबर प्लेट एक मोबाइल सैमसंग M21Sf व 30,330. रुपया की नगदी बरामद की गई। ज्ञात हो 07.02.2022 की शाम बासित नगर रोड पर वादी अनुज कुमार पुत्र सत्यदेव निवासी नेवादा थाना शाहाबाद के साथ अज्ञात मोटर साइकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा तमंचा दिखाकर वादी व उसके भाई रजनीश से एक बैग में ₹3,70,000. व मोबाइल सैमसंग टच स्क्रीन व पेमेंट मशीन छीन कर भाग जाने के संबंध में थाना शाहाबाद पर मुकदमा संख्या 53/2022 धारा 392 पंजीकृत कराया गया था।

## सिंगापुर में नेहरू की चर्चा पे भारत ने जताई नाराजगी

**अंशुप्रिया / NCR समाचार**



सिंगापुर के प्रधानमंत्री Lee Hsien Loong ने सिंगापुर की संसद में हो रही बहस के बिच भारत के सांसदों को लेकर कुछ ऐसा बयान दिया जिससे पूरे भारत ने जताई अपनी-अपनी नाराजगी ली सीन, ने कहा था कि भारत के लोकसभा में लगभग आधे से ज्यादा सांसदों के ऊपर आपराधिक मामले चल रहे है इस बात के बाद भारत ने गुरुवार को सिंगापुर के लिए अपनी नाराजगी जाहिर की। आपको बता दे की सूत्रो के मुताबिक पता चला की सिंगापुर में भर के लिए कही गई बात बेवजह थी,बता दें कि सिंगापुर भारत के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के बीच मधुर और प्रगाढ़ संबंध रहे है। दरअसल सिंगापुर संसद में वर्कर्स पार्टी के पूर्व विधायक रईसा खान द्वारा झूठी बयान दी गई थी। जिसे मजाक का नाम दिया गया। इसको लेकर हुई शिकायत पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पर पीएम ली अपना पक्ष रख रहे थे। उनका कहना था की 'आजादी की लड़ाई जीतने वाले नेता, युवा, सिपाही, फौजी ,आदि अक्सर साहसी और महान संस्कृति वाले है। उनमें उत्कृष्ट क्षमता होती है और वे असाधारण व्यक्ति होते हैं। ये मुश्किलों से लड़ने वाले इन नेताओं में डेविड बेन-गुरियन, जवाहर लाल नेहरू भी शामिल थे। साथ ही उन्होंने अपनी बात को समझते हुए कहा की ₹नेहरू ने भारत को अपना समझा, नेहरू और भारत एक बन गया, उन्होंने भारत के लिए बहुत सी चीजों का त्याग किया है।

## संपादकीय

# तीसरा चरण में मुलायम कुनबे की होगी सबसे बड़ी और कड़ी परीक्षा

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का तीसरा चरण 20 फरवरी को मतदान के साथ सम्पन्न हो जाएगा। तीसरे चरण में सबसे अधिक प्रतिष्ठा समाजवादी कुनबे के नेताओं की जीत-हार पर टिकी हुई है। तीसरे चरण में ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं उनके चचा शिवपाल यादव के भाग्य का फैसला होगा। करहल विधान सभा सीट पर अखिलेश के खिलाफ भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री और दलित नेता एसपी बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा इसी चरण में फर्रुखाबाद सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद, कन्नौज सीट से आईपीएस से पॉलिटिशियन बने असीम अरुण, कानपुर नगर के महाराजपुर विधानसभा सीट से योगी सरकार में मंत्री सतीश महाना,सादाबाद सीट से कभी बहुजन समाज पार्टी का ब्राह्मण चेहरा रहे और अब बीजेपी के प्रत्याशी रामवीर उपाध्याय,सिरसागंज सीट से बीजेपी के प्रत्याशी और मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम भी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। सबसे चर्चित मुकाबला करहल में अखिलेश बनाम एसपी सिंह के बीच होने की उम्मीद है। अखिलेश करहल से न केवल प्रत्याशी हैं, बल्कि समाजवादी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी हैं। इसी के चलते करहल विधान सभा सीट इतनी वीआईपी हो गई है कि यहां से समाजवादी प्रत्याशी और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को जिताने के लिए पूर्व सपा प्रमुख और अखिलेश के पिता मुलायम सिंह तक को भी मैदान में कूदना पड़ गया। मुलायम का स्वास्थ्य काफी खराब चल रहा था, उन्हें यहां तक पता नहीं था कि करहल से अखिलेश चुनाव लड़ रहे हैं, जनसभा को संबोधन के दौरान जब पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव ने नेताजी को याद दिलाया कि अखिलेश उम्मीदवार हैं, उनके लिए वोट मांगे तब मुलायम ने अखिलेश के लिए वोट मांगा। मुलायम की सांस बुरी तरह से फूल रही थी। करहल में अखिलेश को जिताने के लिए लम्बे समय से प्रोफेसर रामगोपाल यादव और धमेन्द्र यादव सहित तमाम सपा के दिग्गज नेता यहां डेरा डाले हुए हैं। जब मुलायम सिंह यादव जनसभा को संबोधित कर रहे थे तब शिवपाल यादव भी मंच पर मौजूद थे, लेकिन उनकी जुबान और बॉडी लैंग्वेज में काफी अंतर नजर आ रहा था। बात भारतीय जनता पार्टी की कि जाए तो भाजपा प्रत्याशी एसपी बघेल के समर्थन में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तमाम दिग्गज नेताओं ने करहल में रैली की। अमित शाह ने तो जनता को यहां तक याद दिलाया कि अखिलेश ने जब नामांकन करा था तब कहा था कि अब वह 10 मार्च को सार्टिफिकेट लेने आएंगे, लेकिन छठे ही दिन उन्हें (अखिलेश को) पूरे कुनबे के साथ प्रचार के लिए आना पड़ गया।  बहरहाल, मुलायम कुनबे के वर्चस्व वाली तमाम विधान सभा सीटों पर इसी चरण में मतदान हो रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी कहती है कि उसने तो 2017 में ही मुलायम कुनबे को चारों खाने चित कर दिया था। बीजेपी एक बार फिर वर्ष 2017 के करिश्मे को दोहराने की कोशिश में है। 2017 में इस चरण की 59 में से 49 सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया वर्ष 2017 में अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच तकरार ने यादव वोट बैंक में भी बिखराव जैसी स्थिति पैदा की थी। इस बार उसे पाटने की कोशिश की गई है, लेकिन साथ आने के बाद भी अखिलेश और शिवपाल के बीच मनमुटाव बरकरार है, यह कई मौके पर दिखाई भी दिया है। शिवपाल यादव के बेटे तक को टिकट नहीं मिल पाया है। तीसरे चरण के चुनाव में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर मुकाबला जोरदार होने वाला है। उसमें से मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर अखिलेश यादव का आना यादव मतदाताओं को कितना एकजुट कर पाएगा यह 10 मार्च को पता चलेगा। अखिलेश के अलावा अन्य दिग्गज प्रत्याशियों की बात कि जाए तो इटावा की जसवंतनगर विधानसभा सीट पर चार बार से विधायक और मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई शिवपाल यादव चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी ने विवेक शाक्य को उतारा है। इस बार के दोनों के बीचं टक्कर को देखते हुए कई बार शिवपाल भावुक भी हो चुके हैं। अखिलेश यादव से अलग होने के बाद उन्होंने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाई थी, लेकिन इस बार के चुनावी मैदान में वे सपा के सिंबल पर ही चुनाव लड़ रहे हैं। बात कानपुर की कि जाए तो कानपुर नगर के महाराजपुर विधानसभा सीट से योगी सरकार में मंत्री सतीश महाना की प्रतिष्ठा दांव पर है। महाना साख बचाने के लिए चुनावी मैदान में पूरा जोर लगाते दिख रहे हैं। उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फतेह बहादुर गिल को मुकाबले में उतार कर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। कांग्रेस के कनिष्क पांडेय और आम आदमी पार्टी के उमेश यादव भी चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश करते दिख रहे हैं। सादाबाद विधानसभा सीट पर भी तीसरे चरण में वोटिंग होगी। यहां समाजवादी पार्टी हाथरस की बेटी का मुद्दा जोरों से उठा रही है। यहां पर कभी बहुजन समाज पार्टी का ब्राह्मण चेहरा रहे रामवीर उपाध्याय को भाजपा ने मुकाबले में उतारा है। उपाध्याय को समाजवादी पार्टी के प्रदीप चौधरी गुड्डू उन्हें टक्कर देते दिख रहे हैं। सिरसागंज विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी हरिओम यादव और समाजवादी पार्टी के सर्वेश सिंह के बीच मुकाबला है। कांग्रेस की ओर से प्रतिभा पाल को उतारा गया है। प्रतिभा भी पूरी दम लगाए हुए हैं। यहां चुनाव में  सबसे बड़ी बात है कि ऐन चुनाव से पहले मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम यादव भाजपाई हो गए थे। बीजेपी द्वारा उन्हें चुनावी मैदान में उतारा गया। उनका प्रभाव फिरोजाबाबाद, सैफई और इटावा तक है। ऐसे में वे सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। फर्रुखाबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस को काफी उम्मीदें हैं। यहां इस बार भी कांग्रेस ने सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने समाजवादी पार्टी ने सुमन मौर्य को वहीं, भारतीय जनता पार्टी की ओर से मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को चुनावी मैदान में उतारा हैं। इस चुनावी जंग में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुशीद की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। आईपीएस से पॉलिटिशियन बने असीम अरुण भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर कन्नौज सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं। उनके सामने समाजवादी पार्टी के अनिल कुमार ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस ने विनीता देवी और एआईएमआईएम ने सुनील कुमार को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में असीम अरुण को एक बड़ी चुनौती को पार करना होगा। असीम अरूण के खिलाफ चुनाव प्रचार करते हुए अखिलेश ने आरोप लगाया था कि आप समझ सकते हैं कि असीम अरूण ने सरकारी सेवा में रहते हुए किसके पक्ष में काम किया होगा।

# हिजाब विवादः भारत का तालिबानीकरण करने की साजिश

मृत्युंजय दीक्षित

कर्नाटक में उडुप्पी के एक छोटे से स्कूल से प्रारम्भ हुआ हिजाब विवाद अब एक बड़ा और विकराल रूप ले चुका है। देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन करके विवाद को और गहरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जब विश्व के कई देशों ने मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया है, तब भारत में इस्लामिक कटटरपंथियों द्वारा हिजाब आंदोलन खड़ा कर देना एक राजनैतिक साजिश लग रही है जो प्रथम दृष्टया विपक्षी दलों का काम लग रहा है किन्तु इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता । अब कर्नाटक के स्कूल की छह लड़कियों के पीछे के कट्टरपंथियों ने कमान संभल ली है। कर्नाटक से लेकर हैदराबाद और जयपुर तक तथा दिल्ली के शाहीन बाग से लेकर बंगाल के मुर्शिदाबाद तक और उप्र के अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय तक सभी जगह हिजाब समर्थक गोलबंद होकर सड़कों पर निकल आये हैं। यह प्रदर्शन तब हो रहे हैं जबकि कर्नाटक हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी मामले की सुनवाई चल रही है। जिस तरह सेक्युलर दलों ने हिजाब विवाद को लपका तथा आग में घी डाल कर भड़काने का काम किया वो आश्चर्यचकित करने वाला है, कर्नाटक से लेकर महाराष्ट्र के मालेगांव तक इनकी भूमिका "आग लगा दो, रोटी सेक लो" वाली दिखाई दे रही है। महाराष्ट्र में एआईएएम,

> **अगर कटटरपंथियों के दबाव में आकर उनकी यह मांग एक मान ली गयी तो उनकी डिमांड और बढ़ती जायेगी। विद्यालयों में बच्चों के बीच समानता बढ़ाने के लिए यूनिफार्म का प्रावधान किया गया है। कुछ तत्व इस बात को अनदेखा कर इस्लाम के नाम पर हंगामा कर रहे हैं।**




शरद पवार की एनसीपी ने तो मुस्लिम समाज की महिलाओं व कटटरपंथियों को भड़काकर हिजाब डे तक बना डाला है। एआईएएम नेता ओवैसी यहां तक बौखला गये हैं कि वह कह रहे हैं कि जब तक हिजाब नहीं तब तक किताब नहीं, वह यह भी कह रहे हैं कि एक दिन एक हिजाबी देश की प्रधानमंत्री भी बनेगी। यह पूरा का पूरा घटनाक्रम एक बहुत बडी साजिश है जिसे तथाकथित सेकुलर राजनैतिक दल अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए अंजाम दे रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष हिजाब विवाद की आड़ में मोदी सरकार, भाजपा व संघ के खिलाफ नये सिरे से नफरत फैला रहा और मुसलमानों का तुष्टिकरण करने के लिए खूब बयानबाजी कर रहा है। हिजाब विवाद को राजनैतिक रंग देने और नफरत की आग को भड़काने के लिए सोशल मीडिया का भी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो जारी किये गये हैं जिसमें जिसमें कुछ मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनकर क्रिकेट खेल रही हैं और कहीं फुटबाल और हॉकी खेल रहीं हैं। एक मुस्लिम महिला चिकित्सक का वीडियो आया जो हिजाब पहनकर हास्पिटल जा रही है और मरीजों को देख रही है। बिना हेलमेट राइडिंग करती और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर भद्दे इशारे करती बुर्कानशीनों के वीडियो भी आ रहे हैं। हिजाब आंदोलन में बॉलीवुड भी कूद पड़ा है जो फिल्म अभिनेत्रियां फिल्मों में बिकनी पहनती हैं वह भी हिजाब का समर्थन कर रही है। एक सिने अभिनेत्री ने तो यह तक कह डाला कि जब एक सिख पगड़ी बांधकर स्कूल जा सकता है तो मुस्लिम महिला हिजाब पहनकर क्यों नहीं जा सकती। यह कितनी घातक और विकृत सोच है। राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बहुत सी मुस्लिम महिलाएं व युवतियां जो तीन तलाक कानून से बहुत खुश हैं तथा जिन गरीब मुस्लिम महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है, फ्री राशन मिला है आवास मिला है और सुरक्षा मिली है वे बीजेपी को वोट देने जा रही थीं अतः ऐसे में वातावरण को खराब कर उन महिलाओं को वोट देने से रोकने के लिए यह आंदोलन खड़ा किया गया है। अगर कटटरपंथियों के दबाव में आकर उनकी यह मांग एक मान ली गयी तो उनकी डिमांड और बढ़ती जायेगी। विद्यालयों में बच्चों के बीच समानता बढ़ाने के लिए यूनिफार्म का प्रावधान किया गया है। कुछ तत्व इस बात को अनदेखा कर इस्लाम के नाम पर हंगामा कर रहे हैं। क्या इन लोगों को पता नहीं है कि भारतीय संविधान के अनुसार प्राथमिक शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है। इस अनिवार्यता के बावजूद आज भी देशकी 66 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं निरक्षर हैं। इसी मजहबी कट्टरता ने मुस्लिम महिलाओं की साक्षरता दर को इतना नीचे रखा। बेटियों को घरों से निकलने नहीं दिया जाता। दूसरा उन पर बुर्के को लाद दिया जाता था। बेटियों को सिर से पांव तक बेडियों की तरह जकड़ दिया गया। आज केंद्र सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत शिक्षा के लिए विशेष प्रारंभ किये हैं जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हो रहे थे लेकिन मुस्लिम समाज के कुछ ठेकेदारों और उनके हमराह राजनैतिक दलों को यह बात पसंद नहीं आ रही है। उडुप्पी जिले का एक हिजाब विवाद आज पत्थरबाजी व हिंसक प्रदर्शनों में बदल गया है। दिल्ली के शाहीन बाग में नारा-ए-तकदीर व अल्लाह हू अकबर के नारे गूंज रहे हैं। बुर्कानशीं मुस्लिम लड़की कटटरपंथियों की पोस्टर गर्ल बन बन चुकी है। पाकिस्तान, तुर्की से उसे बधाई मिल रही है और तो और मलाला जैसे लोग उसके समर्थन में ट्वीट कर रहे हैं। इस बवाल में देशमें जिहाद, अलगाववाद व इस्लामिक कटटरता की फैक्टरी कहलायी जाने वाली संस्था एसडीपीआई, पीएफआई की संलिप्तता जगजाहिर हो गई है। हिजाब की आड़ में भारत में दंगे की आग को भड़काने की साजिश भी बेनकाब हो चुकी है। इस आग को भड़काने में पाक खुफिया एंजेसी आईएसआई व सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों की भूमिका सामने आ रही है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवप्रसाद व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भडकाऊ ट्वीट किये। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने देशमें गृहयुद्ध छिडने की बात कह दी। कांग्रेस सहित सभी दल एक बार फिर तुष्टिकरण के चलते नीचता पर उतर आये हैं। उप्र में एक सपा नेता ने हिजाब पर विवादित बयान दिया कि हिजाब पर हाथ डालने वालों  का हाथ काट देंगे, आखिर यह लोग चाहते क्या हैं। स्पष्ट है कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल एसडीपीआई, पीएफआई तथा आईएसआई व सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों का सहारा लेकर चुनाव में है। देशके सभी विद्यालय समता, समानता व एकरूपता के केंद्र हैं न कि जाति, पंथ, मत पंथ भाषा भाषा या खानपान के आधार पर अलगाववाद के अड्डे। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक साक्षात्कार में कहा था कि कांग्रेस देशको उपलब्धियां तो नहीं दे सकीं लेकिन उसने समस्याएं खूब दे दी है। हिजाब समस्या भी अब कांग्रेस की ही देन मानी जायेगी क्यांकि देशकी अदालतों में मुस्लिम छात्राओं का केस तो कांग्रेस वकील ही लड़ रहे हैं। यह कटु सत्य है कि दुनिया के कई मुस्लिम और यूरोपियन देशों में हिजाब और बुर्के पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा चुका है। भारत देश भी केवल संविधान से ही चलेगा कट्टरपंथियों की सनक से नहीं। अगर इन  अराजक तत्वों को यहीं पर नहीं रोका गया तो कल यह लोग स्कूलों में मस्जिद बनाने जैसी मांग करने लग जायेंगे।

# कद्दावर नेताओं के पलायन से कमजोर होती कांग्रेस

ललित गर्ग

कांग्रेस आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां एक समस्या समाप्त नहीं होती, उससे पहले अनेक समस्याएं एक साथ फन उठा लेती है। कांग्रेस के भीतर की अन्दरूनी कलह एवं विरोधाभास नये-नये चेहरों में सामने आ रही है, कांग्रेस के अनेक कद्दावर नेता पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार में कानून मंत्री रहे अश्विनी कुमार ने भी कांग्रेस छोड़ दी। अभी कुछ समय पहले आरपीएन सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए थे। इसके पहले जितिन प्रसाद भी इसी राह पर चले थे और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी। पंजाब के मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह को जिस अपमानजनक तरीके से मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उसके बाद उनके सामने कांग्रेस छोड़ने के अलावा और कोई उपाय नहीं रह गया था। कांग्रेस की इस दुर्दशा एवं लगातार रसातल की ओर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण राहुल गांधी है। वह पार्टी एवं राजनीतिक नेतृत्व क्या देश की गरीब जनता की चिन्ता एवं राष्ट्रीय समस्याओं को मिटायेंगी जिसे पुत्र के राजनीतिक अस्तित्व को बनाये रखने की चिन्ताओं से उबरने की भी फुरसत नहीं है। 46 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े रहे अश्विनी कुमार ने पार्टी छोड़ने की घोषणा करने के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी में नेतृत्व की कमी है। कांग्रेस खुद को फिर से स्थापित करने में असमर्थ रही है और लगातार रसातल की ओर बढ़ रही है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण से जुड़े हालिया विवादों ने उनको पद छोड़ने का फैसले करने के लिए मजबूर किया। अश्विनीकुमार की दो पीढ़ियां कांग्रेस से जुड़ी रही हैं, उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में कहा, 'इस मामले पर विचार करने के बाद, मैंने ये निष्कर्ष निकाला है कि मौजूदा हालात और अपनी गरिमा को ध्यान में रखते हुए मैं पार्टी के बाहर बड़ी राष्ट्रीय समस्याओं की सबसे अच्छी तरह से सेवा कर सकता हूं।' अश्विनी कुमार कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे थे, पार्टी के आधार थे। उनके भीतर पनप रहा असंतोष, विद्रोह एवं पार्टी छोड़ने का निर्णय अकारण नहीं है। इन्होंने रह-रहकर राहुल की नाकामियों एवं पार्टी की लगातार होती दुर्दशा को देखा है। उन्होंने देखा कि किस तरह अमरिंदर सिंह को बुरी तरह अपमानित किया गया। वे



कांग्रेस में अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा भी देखते रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि अश्विनी कुमार जी-23 कहे जाने उस समूह का हिस्सा नहीं थे, जिसके नेता कांग्रेस नेतृत्व के तौर-तरीकों पर सवाल उठाते रहे हैं। वह तो गांधी परिवार के करीबी थे और जी-23 के नेताओं की ओर से उठाए जाने वाले कई मुद्दों से असहमत भी थे। उनके पार्टी छोड़कर जाने के बाद कांग्रेसजन यह कह सकते हैं कि वह व्यापक जनाधार वाले कोई बड़े नेता नहीं थे, लेकिन सवाल यह है कि आखिर पार्टी में ऐसे कितने नेता बचे हैं, जो बड़ा जनाधार रखते हैं? उन कुछेक जनाधार वाले नेताओं की भी पार्टी में क्या स्थिति है? कांग्रेस की राजनीति की सोच एवं संस्कृति सिद्धान्तों, आदर्शों और निस्वार्थ को ताक पर रखकर सिर्फ सत्ता, पुत्र-मोह, राजनीतिक स्वार्थ, परिवारवाद एवं सम्पदा के पीछे दौड़ रही है, इसलिये आज वह हर प्रतिस्पर्धा में पिछड़ती जा रही है। बड़ा प्रश्न है कि क्या एक के बाद एक नेताओं के पार्टी छोड़कर जाने से गांधी परिवार की सेहत पर कोई असर पड़ने वाला है? कायदे से तो उसे उन कारणों की तह तक जाना चाहिए, जिनके चलते उसके नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं, लेकिन इसमें संदेह है कि वह ऐसा कुछ सोचेगी एवं उन कारणों पर मंथन करेंगी। इनदिनों कांग्रेस राष्ट्र को जोड़ने की बजाय तोड़ने की राजनीति करती है। उसके सामने बड़ी चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला नरेन्द्र मोदी जैसे दिग्गज नेता, विकास पुरुष एवं भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी से हैं, उसे राष्ट्रीयता के ईमान को, कर्त्तव्य की ऊंचाई को, संकल्प की दृढ़ता को, निस्वार्थ के पैगाम को एवं राजनीकि मूल्यों को जीने के लिये आदर्शो की पूजा ही नहीं, उसके लिये कसौटी करनी होगी। आदर्श केवल भाषणों तक सीमित न हो, बल्कि उसकी राजनीतिक जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बने। आदर्शों को वह केवल कपड़ों की तरह न ओढ़े, अन्यथा फट जाने पर आदर्श भी चिथड़े कहलायेंगे और ऐसा ही दुर्भाग्य कांग्रेस के भाल पर उभरता जा रहा है। कांग्रेस की लगातार गिरती साख एवं जनाधार के साथ-साथ पार्टी के भीतर पनप रहे असंतोष के उन कारणों की तह तक जाना चाहिए, जिनके चलते उसके नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। इसका एक कारण तो यह है कि आज कांग्रेस में उन्हीं का बोलबाला है, जो गांधी परिवार की चाटुकारिता करने में माहिर हैं और दूसरा यह कि खुद यह परिवार किसी राजघराने जैसा व्यवहार कर रहा है। वह बार-बार यह अहसास कराती रही है कि इस देश पर शासन करना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है और पिछले दो लोकसभा चुनावों में देश की जनता ने कांग्रेस को नकार कर कोई बड़ी गलती कर दी है। पार्टी नेतृत्व का यह अहंकार बहुत घातक सिद्ध हो रहा है। इसी से असंतुष्ट नेताओं का हौसला बढ़ रहा है, उनके विरोध की धार को तेज कर रहा है, उन्हें पार्टी छोड़ने को विवश कर रहा है। राहुल गांधी को लेकर खड़े किये जा रहे मुद्दों पर गांधी परिवार की चुप्पी का इरादा केवल मुद्दे को टालना है, कुछ करने का इरादा न पहले था और न अब दिख रहा है। यह स्थिति पार्टी के लिये भारी नुकसानदायी साबित हो रही है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी खामियों पर गौर करने के लिए तैयार नहीं। वह अश्विनी कुमार की बातों पर शायद ही ध्यान दे, लेकिन उनका यह कथन महत्वपूर्ण है कि यदि देश की जनता कांग्रेस के साथ नहीं खड़ी हो रही है तो इसी कारण कि वह जो विकल्प उपलब्ध करा रही है, वह उसे स्वीकार नहीं। आजाद भारत में सर्वाधिक लम्बे समय शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी की इस स्थिति का कारण पुत्र-मोह है। इतिहास गवाह है पुत्र मोह ने बड़ी-बड़ी तबाहियां की हैं। सत्ता और पुत्र के मोह में इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई। आज सोनिया गांधी भी ऐसे ही पदचिन्हों पर चलते हुए पार्टी के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधला रही है। ऐसे क्या कारण बन रहे हैं कि कांग्रेस की राजनीति के प्रति लोगों के मन श्रद्धा से झुक नहीं रहे हैं। क्योंकि वहां किसी भी मौलिक मुद्दों पर स्थिरता नहीं, जहां स्थिरता नहीं वहां विश्वास कैसे संभव है? प्रश्न एक परिवार का नहीं, बल्कि देश की 130 करोड़ आबादी का है। पुत्र-मोह, बदलती नीतियां, बदलते वायदे, बदलते बयान कैसे थाम पाएगी करोड़ों की संख्या वाले देश का आशाभरा विश्वास जबकि वह पार्टी के बुनियादी नेताओं के विश्वास को भी कायम रखने में नाकाम साबित हो रही है।

# आलू किसान भी चाहते हैं एमएसपी

संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में चुनाव का तीसरा चरण आते-आते सियासी मुद्दे काफी बदल गए हैं। तीसरे चरण में न तो जाट वोटरों की नाराजगी की बात हो रही है, न ही गन्ने की मिठास या कड़वाहट पर चर्चा हो रही है। एक साल से अधिक तक चला किसान आंदोलन भी इस चरण में हासिए पर चला गया है। यहां मुस्लिम सियासत की तपिश भी कम ही दिखाई दे रही है। तीसरे चरण में बात हो रही है तो यादव वोट बैंक की, समाजवादी गढ़ की, फूलों की खेती और इत्र कारोबार की, कानपुर के उद्योग धंधो की, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा आलू किसान हैं। तीसरे चरण कन्नौज में भी मतदान होगा। कन्नौज इत्र कारोबार के लिए प्रसिद्ध है तो यह भी सच्चाई है कि कन्नौज की सीमा शुरू होते ही गांव-खेतों में हर तरफ आलू ही आलू नजर आने लगता है। कहीं आलू की खोदाई चल रही है, तो कहीं खुदाई के बाद खेतों ट्रैक्टरों पर आलू की बोरियां लादी जा रही हैं। भारत में आलू पहली बार 17वीं शताब्दी में यूरोप से आया था। वर्तमान में आलू की खेती देश के लगभग हर हिस्से में होती है लेकिन इसके उत्पादन में पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश काबिज है। देश का लगभग 32 प्रतिशत आलू का उत्पादन इकलौते उत्तर प्रदेश में होता है। फर्रुखाबाद, कन्नौज, मैनपुरी और कानपुर के अरौल-बिल्हौर क्षेत्र की आलू बेल्ट में सड़क किनारे आलू के खेत दिखते हैं तो 258 शीतगृह भी. ये इस बात की गवाही देते हैं कि यहां ज्यादातर किसान आलू उगाते हैं. इनकी संख्या करीब साढ़े चार लाख के करीब है. स्वाभाविक है कि किसानों के इतने बड़े समूह की उम्मीदें भी राजनीतिक दलों से बड़ी होंगी। खेती-किसानी में आलू का वैसा ही महत्व है, जैसा गेहूं-चावल और गन्ने का है, लेकिन आलू किसान इस लिए दुखी रहते हैं क्योंकि उनके दर्द को कभी किसी सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की, जबकि आलू किसान चाहते हैं कि उन्हें भी गेहूं-चावल और गन्ने की तरह आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार की तरफ से मिलना चाहिए। क्योंकि आलू बहुत जल्द खराब होने वाली फसल है। आलू को लम्बे समय तक बचाए रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज ही एक मात्र सहारा होता है, लेकिन कोल्ड स्टोरेज में रखा आलू भी कभी-कभी उचित कीमत नहीं मिलने के कारण किसानों की कमर तोड़ देता है। हमेशा की तरह इस बार भी आलू किसान अपनी पैदावार को लेकर चिंतित हैं। आलू किसानों का कहना है कि इस बार भी आलू की पैदावार तो ठीकठाक हुई है, बस अच्छे दाम का इंतजार है। 10 फरवरी को भाव 800 रुपये क्विंटल था, पर यह तय नहीं है कि आगे भी यही स्थिति रहेगी। चुनावी मौके पर आलू किसान तमाम राजनैतिक दलों से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि यदि यह दल सत्ता में आने पर आूल का न्यूनतम भाव तय कर दें तो गेहूं-चावल और गन्ना किसानों की तरह आलू किसान भी इत्मीनान की सांस ले। आलू किसानों की सरकार को लेकर नाराजगी कम नहीं है। वह सवाल करते हैं कि आखिर गन्ने की तरह आलू का भाव क्यों तय नहीं होता है? आलू का औद्योगिक विकास क्यों नहीं हो रहा है? हर दूसरे साल आलू फेंकने की नौबत क्यों आती है? इसे लेकर समूचे आलू बेल्ट के किसानों में सभी दलों के प्रति गुस्सा है। विधानसभा चुनाव में तीसरे चरण में शामिल 16 जिलों की 59 विधानसभा क्षेत्रों में 36 विधानसभा क्षेत्र आलू उत्पादक हैं। आलू किसानों के दुख-दर्द को तमाम राजनैतिक दलों के नेता समझते हैं,इसी लिए सभी बड़े दलों ने आलू किसानों के लिए कई लोक लुभावन घोषणाएं की हैं। बात भाजपा की कि जाए तो उसने अपने घोषणा पत्र में मेगा फूड पार्क, एक जनपद एक उत्पाद, फूड प्रॉसेसिंग, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, स्टोरेज प्लांट आदि के वायदे किए हैं, वहीं समाजवादी पार्टी ने  किसान आयोग का गठन, ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिए लैंड बैंक की स्थापना, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, ब्याज मुक्त कर्ज, हर 10 किलोमीटर के दायरे में किसान बाजार नेटवर्क के तहत बाजार की स्थापना, सभी मंडलों में फूड प्रॉसेसिंग क्लस्टर।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोनः 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### फ्यूचर रिटेल ने यूएसडी नोट्स पर 1.4 करोड़ डॉलर के ब्याज का किया भुगतान

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी कंपनी फ्यूचर रिटेल ने अमेरिकी डॉलर में देय ऋणपत्र (यूएसडी नोट्स) पर ब्याज के रूप में 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 104.55 करोड़ रुपये) का भुगतान किया है। सिंगापुर शेयर बाजार में सूचीबद्ध इन नोट्स पर कंपनी का पिछले महीने से ब्याज बकाया था। फ्यूचर रिटेल ने शेयर बाजार को बताया कि यूएसडी नोट्स पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उसे 30 दिनों की रियायत अवधि मिली हुई थी। फ्यूचर रिटेल बिग बाजार, ईजीडे और हेरिटेज जैसी खुदरा श्रृंखलाओं का संचालन करती है। फ्यूचर समूह की फर्म ने कहा, हम यह बताना चाहेंगे कि 18 फरवरी 2022 को कंपनी ने यूएसडी नोट्स पर ब्याज के रूप में 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। वर्ष 2025 में देय इन नोट्स पर 5.60 प्रतिशत की दर से ब्याज देना है।

**कनोडिया ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक सक्सेना सम्मानित**

**एजेंसी।** ग्रुप डायरेक्टर गौतम कनोडिया एवं आशुतोष शुक्ला ने बताया कि हमारे कर्मचारी ही हमारी पूंजी है और हमारी सफलता के स्तंभ है उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक सक्सेना (वी०पी ऑपरेशन एवं कंपनी सेक्रेटरी) को कंपनी के विकास यात्रा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र के साथ चेक प्रदान किया। उत्तर एवं मध्य भारत के तेजी से उभरती हुई कंपनी कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने अपने निष्ठावान कर्मचारियों को प्रोत्साहन एवं सम्मानित करने का एक अनूठा प्रयास किया है ग्रुप डायरेक्टर गौतम कनोडिया एवं आशुतोष शुक्ला ने बताया कि हमारे कर्मचारी ही हमारी पूंजी है और हमारी सफलता के स्तंभ है उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारी श्री अभिषेक सक्सेना (वी०पी ऑपरेशन एवं कंपनी सेक्रेटरी) को कंपनी के विकास यात्रा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र के साथ चेक प्रदान किया साथ ही ग्रुप में नई कार्य तकनीक शुरू करने के लिए अरुण शर्मा (एमडी. के कार्यकारी सहायक) को भी प्रमाण पत्र और चेक प्रदान किय। इस अवसर पर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल कनोडिया ने बताया कि ग्रुप विगत वर्षों में भी और कर्मचारियों को सम्मानित कर चुका है और हर महीने अपने निष्ठावान एवं लगन शील कर्मचारियों को सम्मान करते रहेंगे ग्रुप का यह कदम कर्मचारियों का ग्रुप के प्रति निष्ठा में वृद्धि लाएग।

### मछलियों के चारे के लिए गुणवत्ता मानक बना रहा है बीआईएस, नई प्रजातियां होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने शुक्रवार को कहा कि वह मछलियों के चारे (एक्वा फीड) के लिए नए भारतीय मानक विकसित कर रहा है, जिसमें नई प्रजातियों को शामिल किया जाएगा। इस समय बीआईएस ने कार्प, कैटफिश, झींगा औरमीठे पानी के झींगे के लिए चारे के भारतीय मानक प्रकाशित किए हैं। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हम मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुरोध पर नई प्रजातियों को शामिल करते हुए मछलियों के चारे के लिए नए भारतीय मानक विकसित कर रहे हैं।''गौरतलब है कि बीआईएस खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधीन है। बयान के मुताबिक बीआईएस ने बृहस्पतिवार को 'मछलियों के लिये चारे पर भारतीय मानक' विषय पर एक 'वेबिनार' (ऑनलाइन संगोष्ठि) का आयोजन किया। इसमें उद्योग और सरकारी मत्स्य विभागों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मसौदा मानकों पर हितधारकों से 15 मार्च 2022 तक सुझाव मांगे गए हैं।

### केरल स्टार्टअप मिशन का गूगल के साथ साझेदारी का ऐलान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्टार्टअप मिशन (केसुम) ने स्थानीय स्टार्टअप कंपनियों को वैश्विक स्टार्टअप समुदाय से जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के साथ साझेदारी की शनिवार को घोषणा की। केसुम की तरफ से आयोजित हडल ग्लोबल के तीसरे संस्करण का उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केरल ने पांच साल में 15,000 से अधिक स्टार्टअप तैयार करने और नई तकनीक से संबंधित दो लाख नौकरियों का लक्ष्य तय किया है। सम्मेलन के दौरान गूगल के साथ साझेदारी का ऐलान किया गया। भारत में गूगल फॉर स्टार्टअप एक्सेलरेटर के प्रमुख पॉल रवींद्रनाथ ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इससे केरल में स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। इस साझेदारी के तहत गूगल केरल में सक्रिय स्टार्टअप को जरूरी मार्गदर्शन देने के अलावा प्रशिक्षण भी देगी। इससे स्थानीय स्टार्टअप का नेटवर्क बढ़ेगा और वे अपना विस्तार करने की स्थिति में पहुंच पाएंगे। इस मौके पर गूगल के शीर्ष अधिकारी रवींद्रनाथ ने कहा कि उनकी कंपनी का स्टार्टअप डेवलपर कार्यक्रम दूनिया भर के स्टार्टअप समुदाय को सशक्त करने वाला है और अब केरल के स्टार्टअप भी इसके दायरे में आ जाएंगे। वहीं केसुम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन एम थॉमस ने कहा कि इस साझेदारी से केरल के स्टार्टअप को वैश्विक मानकों का अनुभव मिल सकेगा। इस साल केरल स्टार्टअप मिशन गूगल के साथ अपने संबंधों को औपचारिक रूप देने की कोशिश करेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक चिप एवं डिस्प्ले संयंत्रों के लिए 1.53 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

**नई दिल्ली।** सरकार को देश में इलेक्ट्रॉनिक चिप एवं डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्रों की स्थापना के लिए पांच कंपनियों से 1.53 लाख करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी। इसके मुताबिक सरकार को पांच कंपनियों से कुल 20.5 अरब डॉलर यानी 1.53 लाख करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इसके तहत वेदांता फॉक्सकॉन जेवी, आईजीएसएएस वेंचर्स और आईएसएमसी ने सरकार को 13.6 अरब डॉलर निवेश से इलेक्ट्रॉनिक चिप विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही इन कंपनियों ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार से 5.6 अरब डॉलर की मदद की भी मांग रखी है। वेदांता और इलेस्ट ने 6.7 अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव रखने के साथ ही सरकार से भारत में डिस्प्ले फैब्स के गठन के लिए चलाई गई योजना के तहत 2.7 अरब डॉलर का समर्थन भी मांगा है। इन डिस्प्ले का इस्तेमाल मोबाइल फोन एवं लैपटॉप की स्क्रीन में किया जाता है। भारत का सेमीकंडक्टर बाजार वर्ष 2020 में करीब 15 अरब डॉलर था और इसके वर्ष 2026 तक 63 अरब डॉलर पहुंच जाने का अनुमान है।

भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौता

# पांच साल में 100 अरब डॉलर पहुंचेगा व्यापार: पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने से द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने और लाखों की संख्या में रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

गोयल ने भारत औक यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) मई में प्रभावी हो सकता है और पहले दिन से ही भारतीय हित से जुड़े करीब 90 प्रतिशत उत्पादों के लिये यूएई को निर्यात का रास्ता खुल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबु धाबी

**इस प्रकार के समझौतों में दोनों भागीदार देश व्यापार वाले ज्यादातर वस्तुओं पर सीमा शुल्क में उल्लेखनीय कमी करते हैं या उसे समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने और निवेश को गति देने वाले नियमों को उदार बनाते हैं।**

के शहजादा शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की ऑनलाइन शिखर वार्ता के दौरान व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते पर भारत की तरफ से गोयल और यूएई के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री ने हस्ताक्षर किये। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर रूपरेखा भी जारी की। मुक्त व्यापार समझौते से भारत और संयुक्त अरब



अमीरात की कंपनियों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। इसमें बेहतर बाजार पहुंच और कम शुल्क दरें शामिल हैं।

इस एफटीए से अगले पांच साल में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 60 अरब डॉलर से बढ़कर 100 अरब डॉलर पहुंच जाने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूएई ने व्यापार समझौते के लिये औपचारिक बातचीत पिछले साल सितंबर में शुरू की थी। कुल 881 पृष्ठ के समझौते को रिकार्ड 88 दिनों में ही पूरा कर लिया गया। गोयल ने कहा कि यह व्यापक और सतंतुलित व्यापार समझौता है। मंत्री ने कहा, यह एक नया उल्लेखनीय समझौता है जिसका लाभ दवा उद्योग को पहली बार मिला है। यह यूएई में हमारे उत्पादों के लिए दरवाजे खोलेगा व्यापार केंद्र की वजह से यूएई पश्चिम एशिया के अन्य देशों और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के के लिये द्वार है।

# एनसीएलएटी ने गो एयर की याचिका खारिज की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सस्ती विमानन सेवा प्रदाता गोएयर की तरफ से दायर अपील को खारिज कर दिया है। इसमें सोविका एविएशन सर्विसेज के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया वापस लेने के आदेश को चुनौती दी गई थी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने 23 सितंबर, 2021 को समाधान पेशेवर द्वारा सोविका एविएशन सर्विसेज के खिलाफ कर्ज समाधान प्रक्रिया दायर आवेदन को मंजूरी दे दी थी। इसी फैसले को चुनौती दी गई थी। गो एयरलाइन भी एक परिचालक कर्जदाता थी जिसने समाधान प्रक्रिया के बारे में पता चलने पर छह सितंबर 2021 को अपना दावा पेश किया था। इस पर समाधान पेशेवर ने 10 सितंबर 2021 को अपना पक्ष रखा। समाधान पेशेवर गो एयर की तरफ से किए गए दावों का परीक्षण कर ही रहा था कि एनसीएलटी ने 23 सितंबर 2021 को दिवालिया संहिता की धारा 12ए के तहत दायर अर्जी को स्वीकार कर लिया। इसके खिलाफ एनसीएलएटी में दायर अपील की सुनवाई करते हुए दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि कर्जदाताओं की समिति ने सोविका एविएशन के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया वापस लेने पर पहले ही सहमति जता दी थी।

# भारत को वैश्विक मोटे अनाज का केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे एफपीओ: सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।/दुबई।** सरकार ने शनिवार को कहा कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भारत को दुनिया का मोटे अनाज का केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मुद्दे पर दुबई एक्सपो में शुक्रवार को भारत के पाक्षिक आयोजन खाद्य, कृषि और आजीविका के तहत विस्तार से चर्चा की गई। सत्र के दौरान, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और इस क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारतीय उद्योग के कारोबारियों के लिए देश की निर्यात क्षमता को बढ़ाने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। कृषि मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अभिलाक्ष लिखी ने आयोजन में कहा, ''हम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जुड़ने के लिए स्टार्ट-अप और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से न केवल मोटे अनाज की मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने में मदद करने का आग्रह करते हैं, बल्कि एक समावेशी ढांचा तैयार करने में भी

Government of India
Department of Food & Public Distribution
Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution

मदद की अपेक्षा करते हैं।''संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसका उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में अनाज के स्वास्थ्य लाभों और खेती के लिए इसकी उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव शुभा ठाकुर ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष को ध्यान में रखते हुए, हम इसके पोषण लाभ और मूल्य श्रृंखला को उजागर करके मोटा अनाज अभियान को गति देने की कोशिश कर रहे हैं।''मोटे अनाज के पोषण सुरक्षा पहलू को रेखांकित करते हुए, न्यूट्रीहब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी दयाकर राव ने कहा, ''मोटे अनाज के स्वास्थ्य लाभ हैं और यह मोटापा और कुपोषण को कम कर सकता है।इसमें विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स अच्छी मात्रा में है और यह उच्च रक्तचाप, पेट के कैंसर और हृदय रोग को मात देने में भी मदद करता है क्योंकि यह शरीर में मौजूद ट्राइग्लिसराइड्स को कम करता है।

# नौ बड़े शहरों में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या ढाई गुना बढ़ी: ऊर्जा मंत्रालय

एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश के नौ बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चार्जिंग स्टेशनों की संख्या पिछले चार महीनों में ही ढाई गुना तक बढ़ चुकी है। ऊर्जा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता समेत नौ प्रमुख शहरों में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बीते चार महीनों में तेजी से बढ़ी है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सरकारी नीति के तहत बड़े शहरों में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की कोशिश जारी है। इस बयान के मुताबिक, अक्टूबर 2021 से लेकर जनवरी 2022 के बीच इन नौ शहरों में 678 अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

इस तरह इन शहरों में मौजूद सार्वजनिक ईवी स्टेशनों की संख्या बढ़कर 940 हो गई है। देश भर में अब इनकी संख्या करीब 1,640 हो चुकी है। सरकार ने शुरुआती दौर में 40 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रोत्साहन देने की नीति अपनाई हुई है। इसी क्रम में बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ढांचागत आधार तैयार करने के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जा रही है। ऊर्जा मंत्रालय ने गत 14 जनवरी को ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना से जुड़े दिशानिर्देश एवं संशोधित मानक जारी किए थे। इससे ईवी ढांचा खड़ा करने से जुड़ी स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है। सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के प्रयास में बीईई, ईईएसएस, पीजीसीआईएल और एनटीपीसी जैसी सार्वजनिक इकाइयों के अलावा निजी कंपनियों को भी अपने साथ जोड़ा है। इससे अधिक बड़े इलाके में ईवी ढांचागत आधार तैयार करने में मदद मिलेगी और वाहन उपभोक्ता इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# पेपाल की कहानी को बयां करेगी द फाउंडर्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान कंपनी पेपाल का सफर एक बेतरतीब स्टार्टअप के रूप में शुरू हुआ था और आज यह 70 अरब डॉलर से भी अधिक मूल्य की कंपनी बन चुकी है। पेपाल की कामयाबी के इस सफर को पुस्तक द फाउंडर्स में बयां करने की कोशिश की गई है। जिमी सॉनी की लिखी हुई इस पुस्तक में एलन मस्क और पीटर थिएल जैसी मशहूर हस्तियों के बारे में भी कुछ रोचक जानकारियां दी गई हैं। इस पुस्तक में पेपाल को




डिजिटल दुनिया की तस्वीर बदलकर रख देने वाली सच्ची कहानी को पिरोने की कोशिश की गई है। यह पुस्तक 24 फरवरी को दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। पीटर थिएल, एलन मस्क और अन्य लोगों के साक्षात्कार और मौलिक पड़ताल के आधार पर इस पुस्तक की कहानी का ताना-बाना बुना गया है। प्रकाशक अटलांटिक बुक्स की मानें तो इसमें कई ऐसी रोचक जानकारियां हैं जो अभी तक सार्वजनिक नहीं हैं। इस पुस्तक के लेखक जिमी सॉनी कहते हैं, आधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़ी कहानियों को अमूमन निजी उपलब्धियों के तौर पर पेश किया जाता है। ऐपल की कहानी से स्टीव जॉब्स और अमेजन से जेफ बेजोस को अलग नहीं किया जा सकता है। लेकिन पेपाल की सफलता की कहानी थोड़ी अलग तरह की है। सॉनी कहते हैं, इस कहानी में कोई एक नायक या नायिका नहीं है। कंपनी के इतिहास के अलग-अलग मौकों पर अलग लोगों ने महत्वपूर्ण काम किए। इनमें से अगर एक को भी हटा दिया जाए तो संभवतः पूरी इमारत ही धराशायी हो जाएगी।

### दिल्ली में अगले दो महीने में हजारों इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा दौड़ेंगे : गहलोत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की सड़कों पर अगले दो महीनों में सैकड़ों बिजली से चलने वाली बसें और हजारों इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा दौड़ेंगे। गहलोत ने शुक्रवार को दस महिलाओं समेत पहले 20 चालकों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। इसमें ई-ऑटो रिक्शा चलाने के लिए परमिट दिया गया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में डीजल और पेट्रोल से इलेक्ट्रिक वाहनों पर एक बड़ा बदलाव हो रहा है। अगले दो महीनों में शहर में सैकड़ों इलेक्ट्रिक बसें और हजारों ऑटो रिक्शा दौड़ेंगे। परिवहन मंत्री के अनुसार 'लाइलैक' (हल्का बैगनी) रंग का ई-ऑटो रिक्शा महिलाओं द्वारा चलाया जाएगा जबकि पुरुष चालक नीला रंग का इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा चलाएंगे। दिल्ली सरकार दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के लिए 300 ई-बसें खरीद रही है। इसमें से दो बसें पहले ही आ चुकी हैं।

# कीमतों में वृद्धि के बिना कोल इंडिया की कुछ कंपनियों का टिके रहना मुश्किल : चेयरमैन

एजेंसी

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कोयले की कीमतों में तत्काल वृद्धि की आवश्यकता बतायी है। कंपनी सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि कीमतों में वृद्धि के बिना कोल इंडिया की कुछ अनुषंगी इकाइयों का बाजार में टिके रहना बहुत मुश्किल हो जाएगा। कंपनी कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर संबंधित पक्षों और निदेशक मंडल के बीच आम सहमति बनाने की भी कोशिश कर रही है। सूत्रों ने कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव से निपटने के लिए कोल खनन कंपनी पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद कीमतों में वृद्धि कर सकती है। उन्होंने कहा, ऐसा माना जा रहा कि कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने निवेशकों से बृहस्पतिवार को कहा, मेरे लिए हर दिन महत्वपूर्ण

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF POWER

है। कीमतों में बढ़ोतरी बहुत जरूरी हो गई है। कुछ सहायक कंपनियों का अस्तित्व कीमतों में वृद्धि पर निर्भर करता है। अग्रवाल ने हालांकि उन सहायक कंपनियों के नाम का खुलासा नहीं किया। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर कोयले की कीमतें बढ़ रही हैं। इसके कारण घरेलू स्रोतों से इस ईंधन की मांग बढ़ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वेतन को लेकर बातचीत 2022-23 में पूरी होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार कंपनी के ऊपर प्रस्तावित वेतन वृद्धि और ईंधन लागत को लेकर खर्च के स्तर पर काफी दबाव है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स | किडरपुर को कुख्यात बताने पर गहरी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए उनकी रिपोर्ट को दृढ़ता से खारिज कर दिया

# कैट ने भारतीय बाजार को कुख्यात करार देने के लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को कैट ने लगाई फटकार

एजेंसी

**शिमला।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए, यूएस ट्रेड रिप्रेजेन्टेटिव द्वारा तीन भारतीय बाजारों, मुंबई में हीरा पन्ना, दिल्ली में पालिका बाजार और टैंक रोड और कोलकाता में किडरपुर को कुख्यात बताने पर गहरी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए उनकी रिपोर्ट को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। कैट ने साफ साफ कहा कि यूएसटीआर अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ गया है और उसे अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश के किसी भी बाजार को खराब कहने का कोई अधिकार नहीं है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने यूएसटीआर की रिपोर्ट पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यूएसटीआर द्वारा इन बाजारों में पर्याप्त ट्रेडमार्क जालसाजी या कॉपीराइट चोरी में शामिल होने या सुविधा प्रदान करने का आरोप लगाया गया है।अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को भारत या भारत के विभिन्न बाजारों में आने के लिए हतोत्साहित करने के लिए अमेरिकी एजेंसी ने ये रणनीति अपनाई है। बिना किसी ठोस सबूत के ये रिपोर्ट निराधार है और कैट नेइस मामले को गंभीरता से लिया है। श्री भरतिया और श्री खंडेलवाल ने कहा कि कैट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के साथ अपनी नाराजगी दर्ज करेगा और उसने अपनी कानूनी टीम को कानूनी कोण से मामले की जांच करने के लिए कहा है और अगर कानूनी टीम द्वारा सलाह दी जाती है तो वह अदालत जाने से भी नहीं हिचकिचाएगा। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल दोनों ने दृढ़ता से कहा कि दुनिया पूरी तरह से जानती है कि अमेरिकी कंपनियां दुनिया भर में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में किस तरह से कदाचार में लिप्त हैं। कई अमेरिकी कंपनियों को विभिन्न देशों में दंडित किया गया है और यहां तक कि अमेरिका के भीतर भी इन कंपनियों को अक्सर अमेरिका के विभिन्न राज्यों द्वारा दंडित किया जाता है। इसलिए यूएसटीआर के लिए यह बेहतर होगा कि वह उपदेश देने के बजाय अपने देश पर ध्यान केंद्रित करें। ये रिपोर्ट झूठ का एक बंडल है जिसका कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है और इसे यूएसटीआर के प्रमाण पत्र के रूप में नहीं लिया जा सकता है। भारतीय बाजारों को यूएस टीआर सहित किसी से किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं भरतिया और श्री खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक स्तर पर अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है और निर्यात व्यापार के एक बड़े पैमाने पर विकास के लिए तैयार है और दुनिया भारत को देख रही है। ऐसी पृष्ठभूमि में यूएसटीआर की इस रिपोर्ट का कोई महत्व नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन के युद्धपोत ने ऑस्ट्रेलिया के गश्ती विमान पर लेजर दागी: रक्षा विभाग

**ब्रिस्बेन|** ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने कहा कि चीनी नौसेना के एक जहाज ने उसके एक निगरानी विमान पर लेजर दागी, जिससे चालक दल की जान खतरे में पड़ गई। विभाग ने कहा कि यह घटना बृहस्पतिवार को उस समय हुई जब पी-8ए पोसीडॉन विमान ने ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी रास्ते पर उड़ान के दौरान एक लेजर का पता लगाया। विभाग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि लेजर 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी' के जहाज से दागी गई। यह एक अन्य चीनी जहाज के साथ था, जो टोरेस जलडमरूमध्य से होकर गुजरा। दोनों जहाज अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व में कोरल सागर में हैं। विभाग ने कहा, '''"हम गैर-पेशेवर और असुरक्षित सैन्य आचरण की कड़ी निंदा करते हैं। इन कार्रवाइयों से एडीएफ कर्मियों की सुरक्षा और जीवन को खतरा हो सकता था।''लेजर एक गंभीर समस्या पेश करते हैं, क्योंकि जब विमान को निशाना बनाया जाता है तो वे पायलटों को घायल कर सकते हैं या अस्थायी रूप से उन्हें दृष्टिबाधित कर सकते हैं।

### श्रीलंकाई नौसेना ने अवैध शिकार के आरोप में छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो|** श्रीलंकाई नौसेना ने देश के जल क्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में छह भारतीय मछुआरों को शनिवार को गिरफ्तार किया और उनकी नाव जब्त कर ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि जाफना क्षेत्र में कोविलन लाइटहाउस के उत्तर पश्चिम समुद्र में शनिवार तड़के गश्त के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया है, ''श्रीलंका नौसेना ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध शिकार करते हुए छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जबकि एक नाव को जब्त कर लिया।''बयान के अनुसार उन्हें कोविलन लाइटहाउस के उत्तर-पश्चिम में समुद्र में उत्तरी नौसेना कमान से जुड़े चौथे 'फास्ट अटैक फ्लोटिला' (4 एफएएफ) के 'फास्ट अटैक क्राफ्ट' द्वारा की गई गश्त के दौरान पकड़ा गया। बयान में कहा गया है कि इस महीने अब तक भारत के कम से कम 29 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और छह नौकाओं को भी जब्त किया गया है। इस महीने के दौरान श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी संबंधी यह चौथी घटना है।

### पद छोड़ने के बाद सरकारी गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे ट्रंप: अमेरिकी अभिलेखागार

**वाशिंगटन|** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-आ-लागो स्थित निवास पर व्हाइट हाउस के दस्तावेजों के जो 15 डिब्बे रखे गए थे उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी थी। देश के राष्ट्रीय अभिलेखागार और दस्तावेज प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि न्याय मंत्रालय को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। निगरानी और सुधार पर प्रतिनिधि सभा की समिति को नौ फरवरी को लिखे गए एक पत्र के जवाब में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने उन खबरों की पुष्टि की जिसमें कहा जा रहा था कि ट्रंप, जनवरी 2021 में पद छोड़ने के बाद अपने साथ सरकारी दस्तावेज फ्लोरिडा ले गए थे। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने एक जांच शुरू की थी और राष्ट्रीय अभिलेखागार ने कथित तौर पर न्याय मंत्रालय से इस मामले को देखने को कहा है। इस बाबत न्याय मंत्रालय और संघीय जांच एजेंसी ने अभी तक कुछ नहीं कहा है।

### रूस से यदि सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है तो सहयोगी देश अकेले नहीं पड़ेंगे: ऑस्टिन

**विलनियस (लिथुआनिया)|** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को तीन बाल्टिक देशों को आश्वासन दिया कि अगर रूस से सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है तो वे अकेले नहीं पड़ेंगे। पश्चिमी देशों के अधिकारियों का कहना है कि मास्को किसी भी समय यूक्रेन पर आक्रमण कर सकता है, हालांकि रूस ने हमले की योजना से इनकार किया है। ऑस्टिन ने शनिवार को यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस के सैनिकों की तैयारी के बारे में कहा, ''वे हमला करने के लिए तैयार हैं।''लिथुआनिया के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कथित महत्वाकांक्षाएं पूरे क्षेत्र में फैल सकती हैं। लिथुआनियाई विदेश मंत्री गेब्रियलियस लैंड्सबर्गिस ने ऑस्टिन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ''यूक्रेन के लिए लड़ाई यूरोप के लिए एक लड़ाई है। पुतिन को यहीं नहीं रोका गया तो वह और आगे बढ़ जाएंगे।''ऑस्टिन ने लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ''मैं चाहता हूं कि लिथुआनिया, एस्टोनिया और लातविया में सभी को पता चले और मैं राष्ट्रपति पुतिन और क्रेमलिन को बताना चाहता हूं कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ खड़ा है।''ऑस्टिन ने लिथुआनिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर लिथुआनियाई राष्ट्रपति गीतानास नौसेदा, प्रधानमंत्री इंग्रिडा सिमोनीटे और लातविया और एस्टोनिया के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात की।

### चीन के शहरों ने हांगकांग से गैर कानूनी तरीके से आने वालों की जानकारी देने पर इनाम की घोषणा की

**बीजिंग|** चीन के कई शहरों ने कोविड-19 महामारी की पांचवी लहर से जूझ रहे हांगकांग से अवैध तरीके से मुख्य भूमि पर आने वाले लोगों की जानकारी देने पर नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' की खबर के अनुसार दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में हांगकांग के करीब झूहई, हुईझोउ और डोंगग्यूआन शहरों ने हांगकांग विशेष प्राशासित क्षेत्र (एचकेएसएआर) से अवैध तरीके से आने वाले संदिग्धों की जानकारी देने वाले को नकद इनाम की घोषणा की है। अखबार के मुताबिक यह घोषणा हांगकांग में लागू पाबंदियों से बचने के लिए लोगों के सड़क और जलमार्ग से भागकर मुख्य भूमि आने की खबरों के बाद की गई है। 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' अखबार के मुताबिक हांगकाग में शनिवार को कोविड-19 के 6,063 मामले सामने आए। वहीं, 15 और मरीजों की मौत होने से कोरोना वायरस से हांगकांग में होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 280 हो गई है। हांगकांग में संक्रमण के अबतक 46,763 मामले सामने आ चुके हैं। आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक चीनी शहर झुहई और डोंगग्यूआन ने अवैध रूप से वाहन या नौका से हांगकांग वासी की तस्करी करने वाले की जानकारी देने पर एक लाख युआन तक बतौर पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# पूर्वी यूक्रेन में गोलाबारी, 1.5 लाख सैनिक सीमा पर तैनात

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के सैनिकों और रूस समर्थित अलगाववादियों के बीच गोलाबारी हुई और पूर्वी यूक्रेन में हजारों लोगों को निकाला गया है। इससे रविवार को यह आशंका और बढ़ गई कि रूस इस अशांत क्षेत्र में हमला कर सकता है। पश्चिमी देशों के नेताओं ने आगाह किया है रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला कर सकता है और उसने तीनों तरफ सीमा के लगभग 1,50,000 सैनिकों, युद्धक विमानों और अन्य साजो-सामान की तैनाती कर रखी है। रूस ने शनिवार को पड़ोसी देश बेलारूस में परमाणु अभ्यास किया और काला सागर तट के पास उसके नौसैनिकों का युद्धाभ्यास चल रहा है। अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने आशंका जताई है कि रूस हमला करने के बहाने तलाश रहा है। पश्चिमी देशों ने हमले की स्थिति में तत्काल प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को



**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बैठक करके संकट का हल निकालने का प्रस्ताव दिया। जेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा, "मैं नहीं जानता कि रूस के राष्ट्रपति क्या चाहते हैं। इसलिए, मैं उन्हें मुलाकात का प्रस्ताव देता हूं।"**

बैठक करके संकट का हल निकालने का प्रस्ताव दिया। जेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा, ''मैं नहीं जानता कि रूस के राष्ट्रपति क्या चाहते हैं। इसलिए, मैं उन्हें मुलाकात का प्रस्ताव देता हूं।'' जेलेंस्की ने कहा कि रूस बातचीत के लिये स्थान का चयन कर सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, ''संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिये यूक्रेन केवल कूटनीति के रास्ते पर चलता रहेगा।''जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर रूस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जेलेंस्की ने यह प्रस्ताव ऐसे समय में दिया है, जब पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा बढ़ने और इसकी आड़ में रूस के आक्रमण करने को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया। दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की थी। रूस ने अलगाववादियों के कब्जे वाले क्षेत्र के लोगों के लिए करीब 7,00,000 पासपोर्ट जारी किये। अगले कुछ दिनों में युद्ध होने की आशंका के बीच जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा है। जर्मन विमानन कंपनी लुफ्थांसा ने राजधानी, कीव और ओडेसा के लिए उड़ानें रद्द कर दीं। कीव में नाटो के संपर्क कार्यालय ने कहा कि यह कर्मचारियों को ब्रुसेल्स और पश्चिमी यूक्रेन शहर लविव में स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें यकीन है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन और उसकी राजधानी कीव पर हमला करने का फैसला कर लिया है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा था कि यूक्रेन सीमा के आसपास तैनात सुरक्षा बलों के अनुमानित तौर पर 40 से 50 प्रतिशत जवान सीमा के पास हमले की स्थिति में तैनात हैं। रूस और अमेरिका के बीच वार्ता के भी प्रयास हो रहे हैं। अमेरिकी और रूसी रक्षा प्रमुखों ने शुक्रवार को बात की। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अगले सप्ताह मिलने पर सहमत हुए हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शनिवार को कहा कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो पश्चिमी प्रतिबंधों के तहत मास्को के पास केवल सीमित वित्तीय बाजारों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सामान तक पहुंच होगी। फिलहाल, सबसे ज्यादा खतरा पूर्वी यूक्रेन में है, जहां अलगाववादी संघर्ष 2014 में शुरू हुआ और इसमें 14,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अलगाववादी और यूक्रेन के सैनिक लगभग आठ वर्षों से लड़ रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों को अलग करने वाली सीमा पर हिंसा हाल के दिनों में बढ़ गयी है। रूस ने शनिवार को कहा कि पूर्वी यूक्रेन की सरकार के कब्जे वाले हिस्से से दागे गए कम से कम दो गोले सीमा पार गिरे। हालांकि यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने दावे को ''एक फर्जी बयान'' बताते हुए खारिज कर दिया था। दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थक अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने शनिवार को एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा की और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया। लुहांस्क में एक अन्य अलगाववादी नेता लियोनिद पेसेचनिक ने भी ऐसी ही घोषणा की है। पुशिलिन ने यूक्रेन की सेना से ''आक्रमण के आसन्न खतरे'' का हवाला दिया है। इस बीच, पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी सेना के अधिकारियों पर गोलाबारी की गई। अधिकारियों ने गोलाबारी से बचने के लिए क्षेत्र में बनाए गए बमरोधी आश्रय स्थल में शरण ली। क्षेत्र के दौरे पर गए 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक पत्रकार ने यह जानकारी दी।

## यूक्रेन संकट पर कमला हैरिस ने कहा- इतिहास में यह एक निर्णायक क्षण है

एजेंसी

**म्यूनिख।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को रूस को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन पर हमला करेगा तो उसे इसकी "अभूतपूर्व" आर्थिक कीमत चुकानी होगी। हैरिस ने कहा कि ऐसे हमले से यूरोपीय देश अमेरिका के और नजदीक आएंगे। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा, ''इतिहास में यह एक निर्णायक क्षणहै।'' हैरिस ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति कह चुके हैं कि वह अपने देश के लिए केवल शांति चाहते हैं। उपराष्ट्रपति ने जर्मनी में आयोजित वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह बयान दिया। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह "आश्वस्त" हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का निर्णय ले लिया है। हैरिस ने कहा, "मैं एकदम साफ शब्दों में कह रही हूं कि अगर रूस ने यूक्रेन पर




हमला किया, तो अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंध लगाएगा।" उपराष्ट्रपति का उद्देश्य यूरोपीय देशों को यह बताना है कि पश्चिमी देशों में "एकता के माध्यम से शक्ति" है। उन्होंने अपने संबोधन के जरिये मोटे तौर पर यूरोप को संदेश दिया कि पश्चिम के पास ''एकता की ताकत'' है और यूक्रेन पर आक्रमण होने की स्थिति से रूस के दरवाजे पर नाटो की ओर बड़ी उपस्थिति हो सकती है। बाद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बैठक के शुरु में हैरिस ने कहा ''इतिहास में यह निर्णायक क्षण है।''उन्होंने जेलेंस्की से कहा, ''आपके के देश पर किसी भी तरह के खतरे को हम गंभीरता से लेंगे।'' इसपर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा,''हम स्पष्ट रूप से समझते हैं कि क्या हो रहा है। यह हमारी जमीन है और हम शांति चाहते हैं।''उन्होंने और अधिक सैन्य और आर्थिक सहायता के अनुरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि पश्चिमी सहयोगी ''विशेष कदम'' उठाएं।

## रूस-यूक्रेन संकट: एस जयशंकर बोले- सभी को सुलह के तरीकों को देखना होगा

एजेंसी

रूस और यूक्रेन का तनाव लगातार गहराता जा रहा है। दोनों देशों के बीच जंग होने जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पश्चिम के मुल्क लगातार यह कह रहे हैं कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। हालांकि रूस हमले की आशंका को नकार रहा है। इन सभी अटकलों और आशंकाओं के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जंग को टालने का रास्ता बताया है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे विवाद के बीच भारत ने अभी तक तटस्थ रुख अख्तियार किया हुआ है। वहीं यूक्रेन संकट की वजह से नए शीत युद्ध जैसे हालात पैदा होने पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यह बहुत अलग हैं। हम कहीं अधिक में वैश्वीकृत और अंतर-भेद्य हो चुके हैं। ये हालात बहुत ही अलग तरह के दृष्टिकोण की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कूटनीति ही इसका एकमात्र उत्तर है। सभी को सुलह के तरीकों को देखना होगा आपको बता दें देश मंत्री का यह बयान रूस यूक्रेन संकट पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की चेतावनी के बाद आया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को रूस को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन पर हमला करेगा तो उसे अभूतपूर्व आर्थिक कीमत चुकानी होगी। ऐसे हमले से यूरोपीय देश अमेरिका के और नजदीक आएंगे। हमला होने की स्थिति में



अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंध लगाएगा। आपको बता दें अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने जर्मनी में आयोजित वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह बयान दिया। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह आश्वस्त है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का निर्णय ले लिया है। हैरिस ने अपने संबोधन के जरिए यह संदेश दिया कि यूक्रेन पर हमले से नाटो की तरफ से रूस पर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन ने अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर कूटनीतिक समाधान निकालने के लिए आपको से बातचीत करने की कोशिश की थी। लेकिन, क्रेमलिन की ओर से कोई अच्छी प्रतिक्रिया नहीं आई।

## हमला करने की स्थिति में रूस की बाजारों तक पहुंच हो सकती है सीमित: यूरोपीय संघ प्रमुख

एजेंसी

**म्यूनिख (जर्मनी)।** यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शनिवार को कहा कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो पश्चिमी प्रतिबंधों के तहत मास्को के पास केवल सीमित वित्तीय बाजारों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सामान तक पहुंच होगी। यूक्रेन पर रूस का हमला करने की आशंका बढ़ने के बीच ईयू के कार्यकारी आयोग की प्रमुख लेयेन की यह टिप्पणी आई है। एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वह ''आश्वस्त'' हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करने का निर्णय ले लिया है। लेयेन ने शनिवार को वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान कहा, ''क्रेमलिन (रुस के राष्ट्रपति कार्यालय) की खतरनाक



सोच से रूस को अपने समृद्ध भविष्य की कीमत चुकानी पड़ सकती है।'' उन्होंने कहा, ''अगर रूस हमला करता है तो हम रूसी अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय बाजारों तक पहुंच को सीमित कर देंगे और निर्यात को नियंत्रित करेंगे, जो रूस के आधुनिकीकरण और अपनी अर्थव्यवस्था में विविधता लाने की संभावना को रोक देगा।''जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने कहा कि पुतिन के साथ मंगलवार की बैठक के दौरान उन्होंने ''स्पष्ट किया कि यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के किसी भी उल्लंघन पर रूस को राजनीतिक, आर्थिक और भू-रणनीतिक रूप से बड़ी कीमत चुकानी होगी।''उन्होंने कहा, ''इसके साथ ही, मैंने इस बात पर भी जोर दिया कि कूटनीति हमारे कारण विफल नहीं होगी। यही हमारी आकांक्षा है और हम इसके लिए संवाद के सभी माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं।

## महारानी एलिजाबेथ द्वितीय कोरोना वायरस से संक्रमित, हल्के लक्षण दिखे

**बकिंघम पैलेस।** बकिंघम पैलेस ने रविवार को कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कोविड -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि उसके हल्के लक्षण हैं। बकिंघम



पैलेस ने कहा कि 95 वर्षीय ब्रिटिश सम्राट आने वाले सप्ताह में विंडसर कैसल में हल्की ड्यूटी जारी रखेंगे। पैलेस ने एक बयान में कहा, वह चिकित्सा सहायता प्राप्त करना जारी रखेगी और सभी उचित दिशानिर्देशों का पालन करेगी। रानी को कोरोनावायरस वैक्सीन के तीन जाब्स मिले हैं। बकिंघम पैलेस का कहना है कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कोविड -19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है और हल्के, ठंड जैसे लक्षणों का अनुभव कर रही है। रानी को कोरोनावायरस वैक्सीन के तीन जाब्स मिले हैं। उनके दोनों बड़े बेटे प्रिंस चार्ल्स और बहू कैमिला, डचेस ऑफ कॉर्नवाल ने भी हाल ही में कोविड -19 को अनुबंधित किया है।

**तनाव** वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बैठक करके संकट का हल निकालने का प्रस्ताव दिया

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बढ़ते तनाव के बीच पुतिन को बातचीत का प्रस्ताव दिया

एजेंसी

**मॉस्को।** बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बैठक करके संकट का हल निकालने का प्रस्ताव दिया। जेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा, ''मैं नहीं जानता कि रूस के राष्ट्रपति क्या चाहते हैं। इसी लिए, मैं उन्हें मुलाकात का प्रस्ताव देता हूं।'' जेलेंस्की ने कहा कि रूस बातचीत के लिये स्थान का चयन कर सकता है। जेलेंस्की ने सुरक्षा सम्मेलन के इतर अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मुलाकात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिये यूक्रेन केवल कूटनीति के रास्ते पर चलता रहेगा। जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर रूस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जेलेंस्की ने यह प्रस्ताव ऐसे समय में दिया है, जब पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा बढ़ने और इसकी आड़ में रूस के आक्रमण करने को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका के बीच शनिवार को पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया। अगले कुछ दिनों में युद्ध हो सकने की आशंका के बीच जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा है। जर्मन विमानन कंपनी लुफ्थांसा ने राजधानी, कीव और ओडेसा के लिए उड़ानें रद्द कर दीं। इस बीच, पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी सेना के अधिकारियों पर गोलाबारी की गई। अधिकारियों ने गोलाबारी से बचने के लिए क्षेत्र में बनाए गए बमरोधी आश्रय स्थल में शरण ली। क्षेत्र के दौरे पर गए 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक पत्रकार ने यह जानकारी दी। दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थक अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने शनिवार को एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा की और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया। लुहांस्क में एक अन्य अलगाववादी नेता लियोनिद पेसेचनिक ने भी ऐसी ही घोषणा की है। पुशिलिन ने यूक्रेन की सेना से ''आक्रमण के आसन्न खतरे'' का हवाला दिया है। हालांकि, यूक्रेन के अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। रूस ने शनिवार को कहा कि पूर्वी यूक्रेन की सरकार के कब्जे वाले हिस्से से दागे गए कम से कम दो गोले सीमा पार गिरे। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने दावे को ''एक फर्जी बयान'' बताते हुए खारिज कर दिया था। ऐसा अनुमान है कि रूस ने यूक्रेन के साथ लगती सीमा पर 1,50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। यूक्रेन की सेना ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र की सरकार के कब्जे वाले हिस्से में शनिवार को गोलाबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और अलगाववादी बल जवाबी कार्रवाई के प्रयास में आवासीय क्षेत्रों में तोपखाने लगा रहे हैं। दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने शुक्रवार को महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की थी। इन प्रयासों के तुरंत बाद विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में कई विस्फोट हुए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि उन्हें यकीन है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन और उसकी राजधानी कीव पर आक्रमण करने का फैसला कर लिया है। इस बीच, रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास किए। पुतिन ने पश्चिमी देशों से आसन्न खतरों के मद्देनजर रूस के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया। बाइडन ने फिर से चेताया था कि यूक्रेन पर आक्रमण करने की स्थिति में रूस के खिलाफ कड़े आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा था कि यूक्रेन सीमा के आसपास तैनात सुरक्षा बलों के अनुमानित तौर पर 40 से 50 प्रतिशत जवान सीमा के पास हमले की स्थिति में तैनात हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय पेशेवर मुक्केबाज चांदनी WBO एशिया पैसीफिक खिताबी मुकाबले में हारी

**नई दिल्ली।** भारत की पेशेवर मुक्केबाज चांदनी मेहरा को शनिवार को कोरिया के गेंगवान-डो में डब्ल्यूबीओ एशिया पैसीफिक खिताबी मुकाबले में स्थानीय दावेदार शिन बो मी रे के खिलाफ तकनीकी नॉकआउट के आधार पर शिकस्त का सामना करना पड़ा। बीस साल की भारतीय मुक्केबाज अपने से अधिक अनुभवी शिन बोके खिलाफ आठ दौर तक डटी रही जब रैफरी ने मुकाबला रुकवा दिया। चांदनी का यह पहला 10 दौर का मुकाबला था जबकि कोरिया की मुक्केबाज इससे पहले 10 दौर के तीन मुकाबले खेल चुकी थी। चांदनी को 11 पेशेवर मुकाबलों के करियर में पहली बार नॉकआउट का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज की यह तीसरी हार है जबकि उन्होंने अपने पेशेवर करियर में आठ जीत दर्ज की है।

### महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल 21 फरवरी को, साइ ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल देश भर के विभिन्न राष्ट्रीय सेंटर आफ एक्सीलेंस (एनसीओई) और गैर साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्रों में 21 फरवरी से होंगे। साइ ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह चयन ट्रायल 16 से 22 साल की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए होंगे और चयन पात्रता की अन्य जानकारी साइ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ट्रायल की शुरुआत साइ के एनआरसी एनसीओसी सोनीपत में 21 फरवरी को होगी और यह प्रक्रिया इसके बाद के हफ्तों में अन्य साइ/गैर साइ केंद्रों में जारी रहेगी। ट्रायल जिन एनसीओई में होंगे उनमें धर्मशाला (24-25 फरवरी), लखनऊ (27-28 फरवरी), त्रिवेंद्रम (25-26 फरवरी), मुंबई (28 फरवरी से एक मार्च), कोलकाता (पांच-छह मार्च) और गुवाहाटी (आठ मार्च) शामिल हैं। एसटीसी चेन्नई में 22-23 फरवरी, एसटीसी हैदराबाद में 25-26 फरवरी, पंजाब के एसटीसी मस्तुना साहिब में 27-28 फरवरी, जयपुर के चोगन स्टेडियम में 28 फरवरी और एक मार्च, बेंगलुरू में साइ केंद्र में 28 फरवरी और एक मार्च, पटना के पाटलीपुत्र स्टेडियम में दो-तीन मार्च, दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में तीन मार्च और वडोदरा के मांजलपुर खेल परिसर में भी ट्रायल होंगे।

### रोहित के साथ यह स्टार खिलाड़ी करेगा पारी की शुरुआत ! सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर

**अहमदाबाद।** भारत और वेस्ट इंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के बाद अब टी20 सीरीज 16 फरवरी से शुरू होने वाली है। जो क्रमश: 16, 18 और 20 फरवरी को होगी। इस सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। आपको बता दें कि ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के चलते सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्होंने वनडे सीरीज के दौरान चोट के बाद सफल वापसी की थी लेकिन अब वो टी20 सीरीज नहीं खेल पा रहे हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में रोहित शर्मा के साथ ऋतुराज गायकवाड़ ओपनिंग करते हुए देखे जा सकते हैं। बीसीसीआई उन पर दांव लगाने का मन बना चुकी है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम किया था। गायकवाड़ ने 16 मैच में 136.26 के स्ट्राइक रेट से 635 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक जड़े थे। गायकवाड़ के बल्ले से रन निकलना कभी बंद नहीं हुए। पिछले साल विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 4 मैच में 4 शतक जड़े थे। इन्हीं तमाम प्रदर्शनों को ध्यान में रखते हुए गायकवाड़ को भारतीय टीम में जगह मिली थी और अब माना जा रहा है कि रोहित शर्मा के साथ गायकवाड़ पारी की शुरुआत करेंगे।

### कब होगा टाटा आईपीएल 2022 का आगाज ? सामने आई तारीख ! इन स्टेडियमों में खेले जा सकते हैं मुकाबले

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग- इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 26 मार्च से होने की संभावना है। पहले खबरें थीं कि कोरोना महामारी के बीच आईपीएल की शुरुआत 27 मार्च से होगी लेकिन ब्रॉडकास्टर और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच चर्चा के बाद 26 मार्च से शुरू करने की सहमति बनी है। हालांकि अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसको लेकर मेगा ऑक्शन भी पूरा हो चुका है। पिछले दिनों हुए ऑक्शन में 204 खिलाड़ियों पर टीमों ने दांव लगाया। जिनमें 137 भारतीय और 67 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस बार के ऑक्शन में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन सबसे महंगे बिके, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने 15 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। ईशान किशन आईपीएल इतिहास में दूसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी थे। इससे पहले युवराज सिंह पर दांव लगाया गया था। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडकास्टर स्टार चाहता है कि आईपीएल का आगाज 26 मार्च से हो ताकि 27 मार्च दिन रविवार को दो मुकाबले हो सकें। हालांकि इस पर अभी अंतिम मुहर नहीं लगी है लेकिन उम्मीद यही जताई जा रही है कि 26 मार्च से आईपीएल का आगाज होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल के सभी मुकाबले अहमदाबाद, मुंबई और पुणे के 6 मैदानों पर खेले जाएंगे। माना जा रहा है कि लीग स्टेज मुकाबले महाराष्ट्र में जबकि प्लेऑफ के मुकाबले अहमदाबाद में खेले जाएंगे। मुबंई में खेले जाने वाले मुकाबले वानखेड़े, ब्रेबोर्न, डॉ डीवाई पाटिल और रिलायंस जियो स्टेडियम में खेले जाने की संभावना है। हालांकि इस पर भी जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### दक्षिण अफ्रीका की आलराउंडर सुने लुस ने कहा, प्रत्येक मैच को फाइनल की तरह खेलेंगे

**दुबई।** स्टार आलराउंडर सुने लुस ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और पहली बार खिताब जीतने की कवायद के तहत टीम प्रत्येक मैच को फाइनल की तरह खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम कभी विश्व कप खिताब नहीं जीत पाई है और 2017 में टीम को पिछले विश्व कपके सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ दो विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इंग्लैंड बाद में चैंपियन बना था। लुस ने आईसीसी के लिए कॉलम में लिखा, ''लंबे समय के बाद अंतत: विश्व कप का आयोजन हो रहा है। टीम के रूप में हम पिछले पांच साल से तैयारी कर रहे हैं, इंग्लैंड में 2017 विश्व कप से जब हम सेमीफाइनल में हार गए थे।''

# वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ, भारत टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत ने सूर्यकुमार यादव की तेज अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इसके साथ ही भारतीय टीम टी20 आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। भारत ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सूर्यकुमार यादव के 65 रन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 35 रन) के साथ चौथे विकेट के लिये 37 गेंद में 91 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 184 रन बनाये। वेस्टइंडीज की टीम इस लक्ष्य के जवाब में निकोलस पूरन की 61 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों में दीपक चाहर ने सिर्फ 11 गेंद ही फेंकी जिसमें दो विकेट हासिल किये, लेकिन इसके बाद वह चोटिल हो गये। हर्षल पटेल ने शानदार




**भारत ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। इसके साथ ही भारतीय टीम टी20 आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। भारत ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सूर्यकुमार यादव के 65 रन बनाए।**

गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर तीन जबकि शार्दुल ठाकुर ने 33 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये। वेंकटेश अय्यर ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, पहले बल्लेबाजी में सूर्यकुमार का अच्छा साथ निभाया और फिर 2.1 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट झटके। सूर्यकुमार ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद की पारी में सात छक्के जड़े और एक चौका लगाया।वह पारी की अंतिम गेंद पर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंद में चार चौके और दो छक्के से नाबाद 35 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया। भारत ने अंतिम पांच ओवर में 86 रन जोड़े। सूर्यकुमार यादव को तेज गेंदबाजी आल राउंडर वेंकटेश अय्यर का अच्छा साथ मिला जिससे भारतीय टीम को उबरने में मदद मिली जिसने 93 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। श्रेयस अय्यर (25) और ईशान किशन (34) ने महज 32 गेंद में 50 से ज्यादा रन की भागीदारी निभा ली थी लेकिन दोनों अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और सात गेंद के अंदर आउट हो गये। हेडन वाल्श (30 रन देकर एक विकेट) और रोस्टन चेज (23 रन देकर एक विकेट) की वेस्टइंडीज की स्पिन जोड़ी ने मध्य के ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। लेग स्पिनर वाल्श ने श्रेयस अय्यर को लांग ऑफ पर कैच आउट कराया जबकि चेज ने अगले ओवर में ईशान का विकेट झटका। भारतीय बल्लेबाजी क्रम को नया लुक मिला जिसमें ईशान किशन ने रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी का आगाज किया जबकि श्रेयस अय्यर तीसरे नंबर पर और कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। पिछले साल जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में पदार्पण करने के बाद महाराष्ट्र की 'रन मशीन' रूतुराज हालांकि आठ गेंद ही खेल सके, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह टाइम किया। पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और तीसरे ओवर में आउट हो गये। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा मंहगे बिके ईशान का पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने चौथे ओवर में रोमारियो शेपर्ड की चार गेंदों पर तीन चौके जमाये। ईशान ने 31 गेंद की पारी में पांच चौके लगाये। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स और शाई होप के विकेट जल्द ही गंवा दिये। दीपक चाहर ने अपने दो ओवर में इन दोनों खिलाड़ियों को विकेट के पीछे ईशान किशन के हाथों कैच आउट कराया। पर इसके बाद वह मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरा ओवर पूरा नहीं कर सके जिससे वेंकटेश अय्यर ने उनके ओवर की अंतिम गेंद फेंकी। विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन और रोवमैन पावेल क्रीज पर थे। दोनों तेजी से रन जुटाने की कोशिश में जुटे थे। सातवें ओवर में रोवमैन पावेल ने हर्षल पटेल की गेंद को फाइन लेग पर उठाया और शार्दुल ठाकुर ने पीछे की तरह भागकर शानदार कैच लपक लिया। इस तरह रोवमैन की 14 गेंद में दो छक्के और दो चौके जड़ित 25 रन की पारी समाप्त हुई। वेस्टइंडीज ने फिर जल्दी जल्दी तीन विकेट गंवा दिये। पर पूरन अपने छोर पर डटे रहे जिस दौरान उन्हें एक बार जीवनदान भी मिला। वेंकटेश अय्यर ने कप्तान कीरोन पोलार्ड (05) को डीप कवर में उठाने के लिये मजबूर किया जहां रवि बिश्नोई ने उनका कैच लपका और वेस्टइंडीज ने 82 रन पर चौथा विकेट गंवाया। फिर वेंकटेश अय्यर ने टीम को पांचवां विकेट जेसन होल्डर के रूप में दिलाया। रोस्टन चेज (12) हर्षल पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गये।

## फुटबॉलर सुरजीत सेनगुप्ता का निधन

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर और ईस्ट बंगाल के दिग्गज खिलाड़ी सुरजीत सेनगुप्ता का कोविड-19 से लंबे समय तक जूझने के बाद गुरुवार के शहर के अस्पताल में निधन हो गया। सेनगुप्ता 71 बरस के थे। वह 1970 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, ''आज स्टार फुटबॉलर सुरजीत सेनगुप्ता को गंवा दिया। फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों की धड़कन और बेहतरीन राष्ट्रीय खिलाड़ी के अलावा सुरजीत परफेक्ट जेंटलमैन थे। वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। संवेदनाएं।''कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद सेनगुप्ता को 23 जनवरी



को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पिछले हफ्ते से वेंटीलेटर पर थे। उन्होंने आज दोपहर अंतिम सांस ली। सेनगुप्ता ईस्ट बंगाल की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1970 से 1976 के बीच लगातार छह बार कलकत्ता फुटबॉल लीग का खिताब जीतने के अलावा छह बार आईएफए शील्ड और तीन बार डूरंड कप का खिताब जीता। उनका जन्म 30 अगस्त 1951 को हुआ था और उन्होंने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत किदरपोर क्लब के साथ की।

## फ्रेंच ओपन, विम्बलडन से बाहर हो सकते हैं जोकोविच

एजेंसी

**लंदन।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि अगर उन्हें चुनने के लिए बाध्य किया गया तो वह कोविड-19 का टीका लगाने की जगह फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेलने का विकल्प चुनेंगे। जोकोविच अगर फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो रफेल नडाल के रिकॉर्ड 21 पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने का मौका भी गंवा देंगे। जोकोविच को पिछले महीने आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था क्योंकि उन्होंने कोरोना वायरस का टीका नहीं लगवाया है। इसके बाद दुनिया भर में काफी बवाल मचा था। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के जोकोविच ने मंगलवार को प्रसारित



साक्षात्कार में बीबीसी से कहा कि उनका टीकाकरण नहीं हुआ है और अपनी इस स्थिति को बरकरार रखने के लिए वह खिताबों का बलिदान करने के लिए तैयार हैं। चौंतीस साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह रोलां गैरो और विम्बलडन में खिताब की रक्षा नहीं करने तथा अन्य टूर्नामेंट से बाहर रहने जैसी कीमत चुकाने को तैयार हैं। जोकोविच ने हालांकि कहा कि वह टीकाकरण के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने स्वयं को टीकाकरण रोधी अभियान से अलग करते हुए कहा, ''मैंने कभी नहीं कहा कि मैं इस अभियान का हिस्सा हूं।''लेकिन उन्होंने कहा, ''सभी लोगों को अधिकार है कि वह उस चीज को चुने, वह काम करें या वह कहें जो उन्हें लगता है कि उनके लिए उचित है। आपको स्वतंत्रता होनी चाहिए कि आप अपने शरीर में क्या डालना चाहते हैं और मेरे लिए यह जरूरी है। '' उन्होंने कहा, ''अब तक मुझे जो जानकारी मुझे मिली है उसके आधार पर आज तक की स्थिति के अनुसार मैंने टीका नहीं लगवाने का फैसला किया है। ''

जोकोविच ने कहा, ''मैं अपने फैसले के नतीजों को समझता हूं।'' यह पूछने पर कि क्या वह मई में फ्रेंच ओपन से बाहर रहने के लिए तैयार हैं तो जोकोविच ने कहा, ''मैं यह कीमत चुकाने को तैयार हूं।'' यह पूछने पर कि क्या वह विंबलडन से भी बाहर रहने को तैयार हैं तो उन्होंने कहा, ''हां, क्योंकि मेरे शरीर को लेकर किए गए फैसलों के सिद्धांत मेरे लिए किसी खिताब या किसी अन्य चीज से अधिक महत्वपूर्ण हैं।''

# IOC के सत्र की 2023 में मेजबानी करेगा मुंबई

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को अगले साल मुंबई में आईओसी सत्र की मेजबानी का अधिकार भारत को सौंपा है। समिति में भारत की प्रतिनिधि नीता अंबानी ने इसे देश की ओलंपिक महत्वाकांक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया।**



एजेंसी


**मुंबई।** भारत 139वें IOC सत्र में सफलतापूर्वक बोली लगाने के बाद मुंबई में 2023 अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के सत्र की मेजबानी करेगा। समिति में भारतीय प्रतिनिधि नीता अंबानी ने इसे 'देश की ओलंपिक आकांक्षाओं के लिए एक महत्वपूर्ण विकास' बताया। भारत 1983 के बाद 2023 में पहली बार सत्र की मेजबानी करेगा। सत्र की मेजबानी अत्याधुनिक अंदाज में बिल्कुल नए जीयो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में की जाएगी। इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों से मुंबई को अपनी बोली के पक्ष में ऐतिहासिक 99% वोट मिले, जिसमें 75 सदस्यों ने बीजिंग में आयोजित सत्र में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन किया। अनुराग ठाकुर ने इस जानकारी को सोशल मीडिया पर शेयर किया। अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया ₹एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति सत्र 2023 में भारत में आ रहा है ! भारतीय खेल ने हाल के वर्षों में बड़ी प्रगति की है। इस ऐतिहासिक अवसर के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित और गर्व है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को अगले साल मुंबई में आईओसी सत्र की मेजबानी का अधिकार भारत को सौंपा है। समिति में भारत की प्रतिनिधि नीता अंबानी ने इसे देश की ओलंपिक महत्वाकांक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम करार दिया। भारत 1983 के बाद पहली बार सत्र की मेजबानी करेगा। सत्र का आयोजन नए और आधुनिक जियो विश्व कन्वेंशन सेंटर में होगा। भारत को इस प्रक्रिया के दौरान वोटिंग में हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधियों से अपनी बोली के पक्ष में एतिहासिक 99 प्रतिशत वोट मिले। बीजिंग में हुए सत्र के दौरान 75 सदस्यों ने भारत की दावेदारी का समर्थन किया। आईओसी सत्र आईओसी के सदस्यों की वार्षिक बैठक होती है जिसमें 101 वोटिंग सदस्य और 45 मानद सदस्य शामिल हैं। सत्र के दौरान वैश्विक ओलंपिक अभियान की अहम गतिविधियों पर चर्चा और फैसला किया जाता है जिसमें ओलंपिक चार्टर में संशोधन या इसे अपनाना, आईओसी सदस्यों तथा पदाधिकारियों का चुनाव और ओलंपिक के मेजबान शहर का चुनाव भी शामिल है।

भारत से आईओसी सदस्य के रूप में चुनी गई पहली महिला नीता ने कहा, ''ओलिंपिक अभियन 40 साल के इंतजार के बाद भारत वापस आ गया है। मैं 2023 में मुंबई में आईओसी सत्र की मेजबानी करने का सम्मान भारत को सौंपने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की वास्तव में आभारी हूं।'' उन्होंने कहा, ''यह भारत की ओलंपिक महत्वाकांक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा ।

## नकली बर्फ पर हो रही हैं स्पर्धाएं, प्रभावित हो रहा प्रदर्शन

एजेंसी

बीजिंग ओलंपिक का आगाज हो चुका है। ऐसा पहली बार होगा जब शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन 100 प्रतिशत कृत्रिम बर्फ की मदद से हो रहा हो। होगा 100 बर्फ जनरेटर मशीनों और 300 बर्फ बनाने वाली बंदूकों की मदद से इसे तैयार किया गया है। लेकिन अब इसका असर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी पड़ने लगा है। बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक में रविवार को भारी हिमपात हुआ जिससे कई प्रतियोगिताएं बाधित हुईं और एथलीटों को स्वर्ण की खोज में कठिन परिस्थितियों से जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा। कैलिफ़ोर्निया में जन्मी चीनी एथलीट एलीन गु उन प्रभावित प्रतियोगियों में से एक थीं जो दूसरे गोल्ड से अस्थायी रूप चूक गईं। महिलाओं की डाउनहिल स्कीइंग के लिए तीन में से दो प्रशिक्षण रद्द करना पड़ा। बीजिंग खेलों के लिए कृत्रिम बर्फों के निर्माण को लेकर



पर्यावरणविदों ने चिंता भी जाहिर की थी। लेकिन रविवार को यह विपरीत समस्या थी - बहुत अधिक हिमपात, साथ में जमने वाला कोहरा और शाम तक तापमान शून्य से छह डिग्री सेल्सियस (22F) नीचे चला गया। बीजिंग के बाहर झांगजियाकौ में कांस्य पदक विजेता कहा कि स्थिति ₹बहुत जटिल थी₹। बहुत बर्फ थी और बहुत धीमी बर्फ थी। मेडल प्राप्त करने के लिए मुझे खासी मशक्कत करनी पड़ी। स्वीडन की रजत पदक विजेता एलविरा ओबेर्ग का कहना है कि ये मेरी अब तक की सबसे कठिन प्रतियोगिता में से एक रही। हजारों कर्मचारी झांगजियाकौ में सुबह 5:00 बजे से काम कर रहे थे।

# यश धुल ने रणजी ट्रॉफी डेब्यू में रच दिया इतिहास, दोनों पारियों में शतक जमाकर स्पेशल क्लब में हुए शामिल

एजेंसी

कौन कहता है कि सपने पूरे नहीं होते, यश धुल ने फरवरी में अपने सपनों को जिया है। सबसे पहले उन्होंने जूनियर विश्व कप ट्रॉफी में भारतीय अंडर -19 टीम का नेतृत्व किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनका शानदार शतक शामिल था। उसके ठीक एक हफ्ते बाद, उन्हें अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध मिला, दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने उन्हें मेगा नीलामी में 50 लाख का खरीदा। इस बीच फरवरी में उनका रणजी ट्रॉफी डेब्यू अविश्वसनीय से कम नहीं है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में तमिलनाडु के खिलाफ पहली बार भारत की प्रमुख प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में दिल्ली राज्य की ओर से खेलते हुए, यश धुल ने अपने डेब्यू मैच में एक प्रभावशाली छाप छोड़ी क्योंकि उन्होंने पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए शतक बनाया। दूसरी पारी में, उन्होंने सलामी जोड़ीदार ध्रुव शौरी के साथ मैराथन 228 रन की साझेदारी के हिस्से के रूप में एक और टन स्कोर करके अपनी उपलब्धि का मिलान करने में कामयाबी हासिल की। पहली पारी में धुल ने अपने क्रिकेट फॉर्म को जारी रखते हुए 202 गेंदों में 14 चौकों और एक छक्के की




मदद से 113 रन बनाए। ऐतिहासिक उपलब्धि के आधार पर, यश धुल रणजी ट्रॉफी के लगभग सदी के लंबे इतिहास में डेब्यू पर दो शतक बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले नरी कांट्रेक्टर और विराग अवाटे ने अपने डेब्यू मैच में दोहरा शतक लगाया था। जहां तक दिल्ली के खिलाड़ियों का सवाल है, धुल दोनों पारियों में शतक लगाने वाले 7वें खिलाड़ी हैं और एलीट लिस्ट में एमएके पटौदी और ऋषभ पंत के साथ शामिल हो गए हैं। भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान यश धुल ने रविवार को यहां दिल्ली की दूसरी पारी में फिर शतक जड़ दिया लेकिन तमिलनाडु ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर चौथे दिन ड्रा रहे रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप एच मैच में तीन अंक हासिल किये। सलामी बल्लेबाज धुल के नाबाद 113 रन तथा दूसरे सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के नाबाद 107 रन से दिल्ली ने दूसरी पारी में 60.5 ओवर में बिना विकेट गंवाये 228 रन बनाकर घोषित जिसके बाद दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने के लिए राजी हो गईं। धुल ने सीनियर क्रिकेट में पदार्पण करते हुए दिल्ली की पहली पारी में भी 113 रन की पारी खेली थी। इस तरह धुल ने अपने पहले प्रथम श्रेणी मैच की दोनों पारियों में शतक जड़े। धुल ने रविवार को 202 गेंद में 14 चौके और एक छक्के से 113 रन बनाये जबकि शोरे ने अपनी नाबाद पारी के लिये 165 गेंद का सामना किया जिसमें 13 चौके शामिल थे। दिल्ली ने पहली पारी में 452 रन बनाये थे। इसके जवाब में तमिलनाडु ने शाहरूख खान की 194 रन की शानदार पारी और बाबा इंद्रजीत के सैकड़े से 494 रन बनाकर पहली पारी में 42 रन की बढ़त हासिल की थी।

# जायरा वसीम बोलीं, हिजाब कोई विकल्प नहीं बल्कि इस्लाम में एक दायित्व है


ज़ायरा वसीम कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद के बारे में बात करने वाली नवीनतम हस्ती हैं। दंगल अभिनेत्री ने शनिवार 19 फरवरी को इंस्टाग्राम पर कर्नाटक के स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर प्रतिबंध की निंदा करते हुए एक लंबा नोट साझा किया। ज़ायरा ने हिजाब को भगवान के लिए एक दायित्व बताते हुए कहा, ₹मैं एक महिला के रूप में, कृतज्ञता और विनम्रता के साथ हिजाब पहनती हूं, इस पूरी व्यवस्था का विरोध करती है, जहां महिलाओं को केवल एक धार्मिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए रोका और परेशान किया जा रहा है। ज़ायरा वसीम ने 2019 में बॉलीवुड छोड़ दिया था। अब दंगल अभिनेत्री धीरे-धीरे इंस्टाग्राम पर वापस आ रही है। फोटो-शेयरिंग ऐप पर हाल ही में एक पोस्ट में,




ज़ायरा ने कर्नाटक हिजाब पंक्ति के बारे में बात की। ज़ायरा ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा, विस्तृत नोट साझा किया जिसमें उन्होंने हिजाब पर प्रतिबंध और कर्नाटक में कई छात्रों को होने वाले उत्पीड़न की आलोचना की। ज़ायरा अपने नोट में लिखती हैं, ₹हिजाब को पसंद करने की विरासत में मिली धारणा एक गलत सूचना है। इससे अक्सर सुविधा या अज्ञानता का निर्माण होता है। हिजाब इस्लाम में एक विकल्प नहीं बल्कि एक दायित्व है। इसी तरह एक महिला जो पहनती है हिजाब उस भगवान द्वारा दिए गए एक दायित्व को पूरा कर रहा है जिसे वह प्यार करती है और खुद को अल्लह में समर्पित करती हैं। वह आगे लिखती हैं, ₹मैं एक महिला के रूप में जो कृतज्ञता और विनम्रता के साथ हिजाब पहनती हूं, मैं इस पूरी व्यवस्था का विरोध करती हूं जहां महिलाओं को एक धार्मिक प्रतिबद्धता करने के लिए रोका और परेशान किया जा रहा है।₹ यह कहते हुए कि मुस्लिम महिलाओं को शिक्षा और हिजाब के बीच चयन करना अन्यायपूर्ण है, उन्होंने कहा, ₹मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ इस पूर्वाग्रह को ढेर करना और ऐसी व्यवस्था स्थापित करना जहां उन्हें शिक्षा और हिजाब के बीच फैसला करना चाहिए या छोड़ देना एक पूर्ण अन्याय है। आप उन्हें एक बहुत विशिष्ट विकल्प बनाने के लिए मजबूर करने का प्रयास करना जो आपके एजेंडे को खिलाता है और फिर उनकी आलोचना करते हुए जब वे आपके द्वारा बनाई गई चीजों में कैद हैं। उन्हें अलग तरीके से चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं है। यह पूर्वाग्रह नहीं तो क्या है जो लोग इसकी पुष्टि करते हैं, वे इसके समर्थन में काम कर रहे हैं?₹ जायरा वसीम ने यह भी कहा कि यह दुखद है कि यह सब 'सशक्तिकरण के नाम पर' किया जा रहा है। इन सबसे ऊपर, एक मुखौटा बनाना कि यह सब सशक्तिकरण के नाम पर किया जा रहा है, और भी बुरा है जब यह बिल्कुल विपरीत है। हिजाब विवाद 1 जनवरी को तब शुरू हुआ जब उडुपी के गवर्नमेंट पीयू कॉलेज में छह मुस्लिम छात्राओं ने दावा किया कि उन्हें हिजाब में कॉलेज परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। कॉलेज के अधिकारियों के खिलाफ एक विरोध शुरू हुआ, और पिछले महीने में, यह पूरे कर्नाटक राज्य में एक पूर्ण विवाद में बदल गया।

# जैकेट और पैंट उतारते हुए अलाया एफ ने करवाया बोल्ड फोटोशूट







अभिनेत्री अलाया एफ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फोटशूट की तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री के ऑउटफिट की बात करें तो उन्होंने ब्रालेट के साथ ब्लैक पैंट पहनी हुई हैं। ब्राउन जैकेट, नेकलेस, डार्क मेकअप के साथ अलाया ने अपना लुक कम्पलीट किया है। अभिनेत्री इस ऑउटफिट में ग्लैमरस नजर आ रही हैं। फिल्म 'जवानी जानेमन' से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री करने वाली अभिनेत्री अलाया एफ एक साल से सिल्वर स्क्रीन से दूर है पर अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाती रहती हैं। बीते दिन अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की एक तस्वीर शेयर की थी। तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर आग की तरह फ़ैल गयी। फैंस भी अभिनेत्री के कातिलाना लुक पर पागलों की तरह प्यार लुटा रहे हैं। अभिनेत्री अलाया एफ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फोटशूट की तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ₹मेरा पहला कवर कभी एले के साथ था, इसलिए दो साल बाद इस पर वापस आना एक बहुत ही खास एहसास है! @elleindia₹। अभिनेत्री के ऑउटफिट की बात करें तो उन्होंने ब्रालेट के साथ ब्लैक पैंट पहनी हुई हैं। ब्राउन जैकेट, नेकलेस, डार्क मेकअप के साथ अलाया ने अपना लुक कम्पलीट किया है। अभिनेत्री इस ऑउटफिट में ग्लैमरस नजर आ रही हैं। जैकेट कंधे पर खिसकाकर और पैंट को उतारते हुए अलाया बेहद ही सिज़लिंग पोज दे रही हैं। अभिनेत्री के कातिलाना पोज देखकर फैंस की साँसे अटक गयी हैं। फायर और दिल वाले इमोजी के साथ फैंस तस्वीर पर अपना प्यार लुटा रहे हैं। काम की बात करें तो अभिनेत्री अलाया एफ जल्द ही फिल्म यू टर्न यू टर्न में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा अभिनेत्री अलाया अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म फ्रेडी में नजर आएंगी।



# जींस की जगह पैर में रस्सियां बांध कर निकली रामानंद सागर की परपोती



टीवी पर रामायण बनाकर अपनी राम भक्ति का प्रदर्शन करने वाले रामानंद सागर को टीवी जगत में सबसे बड़ा राम भक्त माना जाता है। उन्होंने जितनी सच्चाई से रामायण को बनाया था जिसके कारण आज ओटीटी के जमाने में भी रामायण को लोग देखना पसंद करते हैं। सामाजिक रूप से रामानंद सागर ने काफी इज्जत और शोहरत कमायी। वहीं दूसरी तरफ आज उनकी तीसरी पीढ़ी यानी उनकी पोती को अगर आप देखेंगे तो आपको अपनी आंखों पर विश्वास नहीं होगा। रामानंद सागर के संस्कारों से बिलकुल अलग है उनका अंदाज। साक्षी चोपड़ा टीवी निर्माता मीनाक्षी सागर की बेटी हैं, जो रामानंद सागर की पोती हैं। वह एक मॉडल होने के साथ-साथ एक गायिका और गीतकार भी हैं। साक्षी ने लंदन के ट्रिनिटी स्कूल से पढ़ाई की और फिर कैलिफोर्निया के ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म इंस्टीट्यूट से फिल्म निर्माण का कोर्स किया। किसी कारण साक्षी चोपड़ा को भारत आना हुआ है और वह मुंबई में मीडिया के कैमरों में कैद हो गयी। इस दौरान उन्होंने जो कपड़े पहने थे वह चौंकाने वाले थे। साक्षी ने एक रस्सियों से बुनी गयी जींस पहनी थी और लेपर्ट प्रिंट में एक ब्रा टॉप। साक्षी की जब से ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आयी हैं तब से उन्हें उनके कपड़ों को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उन्हें यूजर्स भिखारन तक कह रहे हैं।

# विदेशियों पर भी चढ़ा 'पुष्पा' का क्रेज

## कोरियन महिला ने 'श्रीवल्ली' सॉन्ग पर किया जमकर डांस

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पाः द राइज का क्रेज पूरी दुनिया में फैलता नज़र आ रहा है। यह फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी लेकिन अभी भी जमकर ऑनलाइन ट्रेंड कर रही है। इस फिल्म में अल्लू का स्वैग, स्टाइल डायलॉग्स और हुक स्टेप अभी भी इंटरनेट पर धूम मचाए हुए हैं। पुष्पा के 'श्रीवल्ली' गाने के हुक स्टेप्स की धुन पर ना सिर्फ बॉलीवुड सेलेब्रिटीज, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी झूम रहे हैं। इंस्टाग्राम पर लोग इस गाने पर थिरकते हुए रील्स बना रहे हैं।



इन दिनों एक कोरियन महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह श्रीवल्ली गाने का हुक स्टेप्स करती हुई दिखाई दे रही है। इस वायरल वीडियो में एक कोरियन महिला श्रीवल्ली गाने का हुक स्टेप पर डांस करते हुए दिख रही है। इस महिला ने ना केवल अल्लू अर्जुन का हुक स्टेप रीक्रिएट किया, बल्कि उनके पुष्पा स्टाइल को कॉपी करने की भी कोशिश की है। इसके लिए महिला ने पुष्पा जैसी चेक शर्ट पहनी और चश्मा भी पहना है। महिला के पीछे एक बड़ी-सी टीवी है, जिस पर अल्लू अर्जुन का श्रीवल्ली गाना चल रहा है। इस महिला ने इस गाने के हुक स्टेप को इतने गजब तरीके से किया है सोशल मीडिया पर लोग इस महिला की फैन हो गए हैं। इस वायरल वीडियो को कोरियन G1 नाम के अकाउंट से इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया था। महिला ने वीडियो के कैप्शन में लिखा है, ₹यह डांस स्टेप दिखने में जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। पेश है अल्लू अर्जुन का कोरियन वर्जन।₹ इस वीडियो को अब तक 1.1 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं, जबकि 1 लाख 89 हजार से अधिक लोगों ने वीडियो को लाइक किया है। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नेटिज़न्स इस महिला के डांस को देखकर दंग रह गए। महिला के डांस पर लोगों जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹आपने इसे बहुत खूबसूरती से किया।₹ एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, ₹यह बहुत अच्छा है। वहीं एक यूजर ने लिखा, वाह क्या बात है! बधाई।

# फरहान अख्तर और शिवानी ने खाई सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर आखिरकार शादी के बंधन में बंध गये। करीब 4 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे इस जोड़े को 'मिस्टर एंड मिसस' कहा जाने लगा। शादी को काफी सीक्रेट रखा गया था लेकिन अब उनकी शादी से जोड़े की पहली तस्वीरें बाहर आ गयी हैं। दोनों ने न तो निकाह किया है न हीं हिंदू रिवाज से शादी की है। उन्होंने सबसे सामने हमेशा एक दूसरे के साथ रहने की कसमें खायी हैं। लाल रंग के गाउन में शिबानी दांडेकर अपनी शादी में काफी खूबसूरत लग रही थी। वहीं फरहान ने ब्लैक कोर्ट और रेड शर्ट पहनी हुई थी। क्रिस्चन स्टाइल में दोनों ने अपनी शादी पूरी की। शादी के मेहमानों की बात करें तो ऋतिक रोशन, रिया चक्रवर्ती, अनुषा दांडेकर जैसे टिनसेल शहर के कई लोग और अन्य लोग मुंबई के खंडाला इलाके के एक फार्महाउस में पहुंचे, जहां दोनों ने शादी की। हमें अंत में उनके अंतरंग विवाह समारोह से जोड़े की एक झलक मिली है। नयी अपडेट के अनुसार जोड़े ने अपनी शादी की




प्रतिज्ञा का आदान-प्रदान पूरा कर लिया है और अब आधिकारिक तौर पर 'मिस्टर एंड मिसस' हैं! बॉलीवुड एक्टर फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर के प्री-वेडिंग फंक्शनों की शुरुआत 17 फरवरी से मेहंदी और हल्दी फंक्शन के साथ हुई थी। इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फंक्शन मुंबई में स्थित फरहान के घर पर हुआ। 17 फरवरी की शाम एक मजेदार मेहंदी, हल्दी के बाद युगल आज 18 फरवरी को अपना संगीत समारोह करने के लिए तैयार है। फरहान और शिबानी चार साल से अधिक समय से एक दूजे को डेट कर रहे हैं। वे 19 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं।

# बिकिनी में सेक्सी फिगर फ्लॉन्ट करके रकुल प्रीत ने बढ़ाई दिलों की धड़कन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक अपने ग्लैमरस का तड़का लगाने वाली अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह इस समय इंटरनेट का पारा बढ़ाने में लगी हुई हैं। अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। देखते ही देखते अभिनेत्री की ये तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गयी। रकुल के इस बोल्ड लुक पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन के फरवरी कवर पेज के लिए फोटोशूट करवाया। इस फोटोशूट की तस्वीरें रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की साथ ही उन्होंने अपनी एक वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की। रकुल सिंह ने इस फोटोशूट में ऑरेंज कलर की बिकिनी पहनी हुई हैं और इसके साथ उन्होंने फ्लोरल केप भी पहना हुआ है। ऑरेंज बिकिनी में अभिनेत्री अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए बेहद सेक्सी लग रही हैं।


रकुल की इन हॉट तस्वीरों पर चार घंटों में 3.8 मिलियन के करीब लोग अपना दिल लुटा बैठे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ₹कतई ज़हर₹। अन्य लोगों ने हार्ट और फायर वाले इमोजी के साथ अपने रिएक्शन कमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की एक तस्वीर और एक वीडियो ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर की। वीडियो को अभिनेत्री के फोटोशूट के दौरान शूट



किया गया था। रकुल प्रीत सिंह जल्द ही ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन के कवर पेज पर नजर आएँगी। ट्रेवल पीकॉक मैगज़ीन से अभिनेत्री ने उनकी यादगार यात्राओं और उन शहरों के बारे में खुलकर बात करती है जो उसके लिए खास हैं।

# जैकलीन और मिशेल का 'Mud Mud Ke' देखा क्या?

फैंस को अपनी हॉटनेस का भर भरकर डोज देने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस इस समय लाइमलाइट में छाई हुई हैं। दरअसल अभिनेत्री का नया गाना 'मुड-मुड के' आज इंटरनेट पर रिलीज़ कर दिया गया हैं। इसकी जानकारी अभिनेत्री ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके दी।



गाना रिलीज होते ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया है और इंटरनेट पर ट्रेंडिंग लिस्ट के टॉप पर भी पहुंच गया है। म्यूजिक फैक्ट्री के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुए म्यूजिक वीडियो 'मुड-मुड के' में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के साथ इटैलियन अभिनेता मिशेल मोरोन नजर आ रहे हैं। गाने को टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ ने गाया है और इसे मिहिर गुलाटी ने डायरेक्ट किया है। जैकलीन की हॉटनेस और मिशेल की स्मार्टनेस गाने में चारचाँद लगा रही है। दोनों की इंटिमेट केमिस्ट्री लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। गाने को अबतक एक मिलियन लोग देख चुके हैं। जहाँ एक तरफ लोगों को गाना पसंद आ रहा है, वहीं कई लोग गाने की जमकर बेइज्जती करने में लगे हुए हैं। कुछ सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, क्या बबासीर है। एक अन्य ने लिखा, कुछ सेंस है गाने में और वीडियो में। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की लोकप्रियता से हर कोई वाकिफ है। अभिनेत्री जल्द ही अटैक, बच्चन पांडे, सर्कस और राम सेतु जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। अभिनेता मिशेल मोरोन की बात करें तो वह अभिनेता के अलावा मॉडल, गायक और फैशन डिजाइनर भी हैं। अभिनेता फिल्म '365 डेज' में अपने बोल्ड अभिनय को लेकर जानें जाते हैं। इस फिल्म में अभिनेता ने हद से ज्यादा इंटिमेट और सेक्स सीन शूट किये थे। मिशेल मोरोन इस गाने से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडसट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर,
जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।